राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI No-DELHIN/2017/75336

www.uttambharatnews.com

email:- uttambharat05@gmail.com

आश्विन कृष्ण पक्ष सप्तमी, विक्रम संवत , 2082

वर्ष : 09 अंक : 267

नई दिल्ली

सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025

पृष्ठ : 12

मूल्य ₹ 3.00

@uttambharatofficial @uttambharat

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली, हरियाणा से प्रकाशित एवं चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित





03 भारत में 10.6 करोड़ घरों को मिल रही... | 06 मां का संतान के लिए उपवास का दिन... | 12 यूक्रेन की वायु रक्षा को मजबूत करने के लिए...


## संक्षिप्त सार

### आरटीआई अधिनियम को केंद्र सरकार ने कमजोर किया: जयराम

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने 2019 में सूचना का अधिकार अधिनियम में संशोधन कर इस कानून की मूल भावना को कमजोर किया है।



सूचना के अधिकार कानून को लागू हुए आज 20 वर्ष पूरे हो गए हैं। कानून को 2005 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार लाई थी। इस अवसर पर आज कांग्रेस पार्टी ने प्रेसवार्ता की। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने प्रेसवार्ता में कहा कि पहले यह कानून नागरिकों और मीडिया को सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जानकारी तक पहुंच देता था, लेकिन 2019 के संशोधनों ने इसकी ताकत को सीमित कर दिया और जवाबदेही पर असर डाला है। रमेश ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम के इतिहास में जब इसका मसौदा तैयार किया गया था, तब इसे स्टैंडिंग कमेटी को भेजा गया। उस समय डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व की सरकार ने स्टैंडिंग कमेटी की सभी सिफारिशें मानते हुए कानून को सभी आवश्यक संशोधनों के साथ पारित किया। लेकिन, 2019 में मोदी सरकार ने स्टैंडिंग कमेटी द्वारा सुझाए गए संशोधनों को अस्वीकार कर दिया, जिससे अधिनियम को पहला बड़ा झटका लगा।

### ऑपरेशन ब्लू स्टार के लिए इंदिरा गांधी को दोष मुक्त नहीं किया जा सकता : सिरसा

नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने रविवार को एक्स पर वीडियो पोस्ट करके कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दोष मुक्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने सिखों के पवित्र स्थान पर तोप के गोलों से हमला कराया था। सिख समुदाय उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। मंत्री सिरसा ने कहा कि जब पी चिदंबरम जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता यह स्वीकार करते हैं कि ऑपरेशन ब्लू स्टार श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में प्रवेश करने का एक गलत रास्ता था, तो यह कांग्रेस की उस ऐतिहासिक भूल को उजागर करता है जिसने सिख समुदाय को गहरा आघात पहुंचाया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी से दोष हटाने का पी चिदंबरम का प्रयास अस्वीकार्य है। मंत्री सिरसा ने कहा कि सिखों के सबसे पवित्र धर्मस्थल स्वर्ण मंदिर को अपवित्र करने का आदेश देने की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी किसी और की नहीं, बल्कि उस समय के राजनीतिक नेतृत्व की है। उन्होंने कहा कि न्याय अर्धसत्य या चुनिंदा अपराधबोध से नहीं मिलता। आदेश देने वालों को दोषमुक्त करने के लिए इतिहास को दोबारा नहीं लिखा जा सकता।



### बीएसएफ ने 2.82 करोड़ रुपए के सोने के साथ तस्कर को पकड़ा

कोलकाता। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोने की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 2.82 करोड़ रुपए कीमत के 20 सोने के बिस्किट मिले, जिन्हें जब्त कर लिया गया। यह जानकारी बीएसएफ अधिकारियों ने रविवार को दी। बीएसएफ ने एक बयान में कहा, 'पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर होरंदीपुर सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ की दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 32वीं बटालियन के जवानों ने एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया।' सटीक और विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर जवानों ने कुल 2332.66 ग्राम वजन के बिस्किट बरामद किए। होरंदीपुर सीमा चौकी पर तैनात 32वीं बटालियन के जवानों को गोपनीय सूत्रों से विश्वसनीय सूचना मिली कि भारत-बांग्लादेश सीमा के पास मुस्लिमपारा गांव का एक व्यक्ति बांग्लादेश से लाए गए सोने की तस्करी करने की योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए कहा गया और तस्कर को रंगेहाथों पकड़ने के लिए संदिग्ध स्थान पर घात लगाकर छापा मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह करीब 6 बजे पहले से तैयार दल ने एक संदिग्ध व्यक्ति को बांस के घने झुरमुट के पीछे घूमते देखा। इसके बाद उसे घेर कर पकड़ लिया गया। उसकी तलाशी लेने पर एक प्लास्टिक का पैकेट बरामद हुआ।

# पैट्रिक हर्मिनी बने सेशेल्स के नए राष्ट्रपति, पीएम मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा

नई दिल्ली। सेशेल्स में राष्ट्रपति पद के चुनाव में डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने जीत दर्ज की है। पैट्रिक की जीत पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पीएम मोदी ने भारत और सेशेल्स के बीच दीर्घकालिक संबंधों का जिक्र किया और हर्मिनी के नेतृत्व में द्विपक्षीय संबंध और भी मजबूत करने को लेकर विश्वास व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, सेशेल्स के राष्ट्रपति चुनाव में डॉ. पैट्रिक हर्मिनी की जीत पर उन्हें हार्दिक बधाई। हिंद महासागर हमारी साझा विरासत है और हमारे लोगों की आकांक्षाओं और जरूरतों को पोषित करता है।

मुझे विश्वास है कि राष्ट्रपति के रूप में उनके कार्यकाल में हमारे बहुआयामी संबंध और भी गहरे होंगे और गति पकड़ेंगे। उनके आगामी कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं। सेशेल्स के सबसे बड़े विपक्षी दल यूनाइटेड सेशेल्स के उम्मीदवार और नेशनल असेंबली के पूर्व अध्यक्ष हर्मिनी ने कड़े मुकाबले वाले दूसरे दौर के चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति वेवल रामकलावन को हराकर जीत हासिल की। चुनाव का परिणाम रविवार सुबह जारी किया गया। आधिकारिक परिणामों के अनुसार, हर्मिनी को 52.7 प्रतिशत, जबकि रामकलावन को 47.3 प्रतिशत वोट मिले।

यह चुनाव इस द्वीपीय राष्ट्र में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव का प्रतीक है, जहां हर्मिनी ने राष्ट्रीय एकता, आर्थिक पुनरुत्थान और क्षेत्रीय साझेदारी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने का संकल्प लिया है। भारत और सेशेल्स के बीच ऐतिहासिक रूप से मजबूत राजनयिक और रणनीतिक संबंध रहे हैं, जिनमें समुद्री सुरक्षा, विकास परियोजनाओं और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग शामिल है।

चुनाव जीतने के बाद हर्मिनी ने कहा, लोगों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उससे मैं बहुत विनम्र हूं और कृतज्ञता, कर्तव्यनिष्ठा और सेशेल्स के लोगों की शक्ति एवं चरित्र में अटूट विश्वास के साथ इस जनादेश को औपचारिक रूप से स्वीकार करता हूं। हर्मिनी 2007 से 2016 तक सेशेल्स की राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष रहे। संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति का कार्यकाल पांच वर्षों का होता है। पहले दौर में आधे से अधिक मत प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को विजेता घोषित किया जाता है। यदि कोई भी उम्मीदवार यह बहुमत हासिल नहीं कर पाता है तो दोनों प्रमुख दावेदार मतदान के दूसरे दौर में आगे बढ़ते हैं।



### राजमाता विजयाराजे सिंधिया का सपना होगा पूरा : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर उन्हें नमन किया। पीएम मोदी ने कहा कि राजमाता ने जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके योगदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने उनके विचारों और आदर्शों को प्रेरणास्रोत बताया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। समाज सेवा के उनके प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने जनसंघ और भाजपा को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजयाराजे सिंधिया जी हमारी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति गहरी आस्था रखती थीं और उन्हें संरक्षित करने के साथ-साथ उन्हें लोकप्रिय बनाने के लिए भी सदैव कार्यरत रहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 मिनट 19 सेकंड का एक वीडियो पोस्ट किया। संदेश में पीएम मोदी ने कहा कि पिछली शताब्दी में भारत को दिशा देने वाले कुछ चुनिंदा व्यक्तित्वों में राजमाता विजयाराजे सिंधिया शामिल थीं। उन्होंने कहा कि राजमाता जी केवल एक वात्सल्य मूर्ति ही नहीं थीं, बल्कि एक निर्णायक नेता और कुशल प्रशासक भी थीं।

## ऑपरेशन ब्लू स्टार फैसला अकेले इंदिरा का नहीं था: चिदंबरम

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी चिदंबरम ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। हिमाचल प्रदेश के कसौली में आयोजित खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में भाग लेते हुए, चिदंबरम ने कहा कि स्वर्ण मंदिर में सैन्य कार्रवाई का यह फैसला तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का अकेला निर्णय नहीं था, बल्कि यह एक संयुक्त निर्णय था जिसमें कई संस्थाएँ शामिल थीं।

उन्होंने इस पूरे ऑपरेशन को एक 'गलत तरीका' बताया, जिसकी कीमत इंदिरा गांधी को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी।

सैन्य कार्रवाई का फैसला 'सामूहिक' था चिदंबरम ने पत्रकार और लेखक खुशवंत सिंह के साहित्य पर आयोजित इस कार्यक्रम में बोलते हुए दावा किया कि श्रीमती गांधी भले ही प्रधानमंत्री थीं, लेकिन ऑपरेशन ब्लू स्टार का निर्णय लेने से पहले उन्होंने सेना, पुलिस, खुफिया विभाग (इंटेलिजेंस) और सिविल सेवा (प्रशासनिक अधिकारियों) सहित पंजाब के नेताओं के साथ परामर्श किया था।

उनका कहना था कि इन सभी संस्थाओं की सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया था, लेकिन इसके लिए सिर्फ इंदिरा गांधी को दोषी ठहराना गलत है। स्वर्ण मंदिर को वापस पाने का गलत तरीका ऑपरेशन ब्लू स्टार की आलोचना करते हुए पूर्व गृह मंत्री ने कहा, मैं किसी भी सैन्य अधिकारी का अनादर नहीं कर रहा हूँ, लेकिन वह (ब्लू स्टार) स्वर्ण मंदिर को पुनः प्राप्त करने का एक गलत तरीका था। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकवादियों को निकालने और पकड़ने का कोई और तरीका हो सकता था। उन्होंने आगे कहा कि कुछ वर्षों बाद, हमने सेना को बाहर रखकर स्वर्ण मंदिर को पुनः प्राप्त करने का सही रास्ता भी दिखाया था। चिदंबरम ने अफसोस जताते हुए स्वीकार किया कि श्रीमती गांधी को उस 'गलती' की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी।



- ऑपरेशन ब्लू स्टार का निर्णय लेने से पहले उन्होंने सेना, पुलिस, खुफिया विभाग (इंटेलिजेंस) और सिविल सेवा (प्रशासनिक अधिकारियों) सहित पंजाब के नेताओं के साथ परामर्श किया था

## भगवान श्रीराम ने संबंधों को जाति, वर्ग या रूप से नहीं, हृदय की शुद्धता से जोड़ा : मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि ने श्रीराम के चरित्र 'रामायण' के रूप में मानवता को अनुपम उपहार दिया है। महार्षि वाल्मीकि की वाणी से जो रामायण निकली वह केवल ग्रंथ नहीं भारत की आत्मा है। उनकी रामायण में समरसता केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीता-जागता संदेश है। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन के माध्यम से दिखाया कि ईश्वर की दृष्टि में सब समान हैं। भगवान श्रीराम ने निषादराज को मित्र बनाया, शबरी माता के झूठे बेर प्रेम से खाए, श्री हनुमान और वानर सेना को परिवार की तरह गले लगाया और धर्म युद्ध में सबको साथ लेकर चले। मुख्यमंत्री ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का आचरण हमें सिखाता है कि सच्ची समरसता वही है, जहां सबमें परमात्मा का अंश देखा जाए। उनका जीवन इसी भावना का मूर्त रूप है। भगवान श्रीराम के चरित्र को शब्दों में पिरोने वाले आदि कवि महर्षि वाल्मीकि अजर-अमर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती प्रकटोत्सव के अवसर पर भोपाल के मानस भवन में 'समरसता सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और राज्यसभा सांसद एवं पीठाधीश्वर क्षेत्र वाल्मीकि धाम, उज्जैन बालयोगी उमेशनाथ महाराज ने दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का विधिव शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि समाज के सत विकास की पहली जरूरत सामाजिक समरसता है, जो साहचर्य और भाईचारे की भावना से जन्म लेती है। समरसता केवल एक विचार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। जब समाज आपसी सौहार्द, प्रेम और अपनत्व की भावना से मिल-जुलकर चलता है, तभी कोई राष्ट्र सशक्त और समृद्ध बनता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सच्ची समरसता वहीं है, जहां सबमें परमात्मा का अंश देखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने भारतीय संस्कृति को अनादिकाल से अविरल करने में महर्षि वाल्मीकि जी के योगदान को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने रामायण जैसी अमर कृति के माध्यम से न केवल मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन का चित्रण किया, बल्कि उस समय की सामाजिक व्यवस्था और मानवीय मूल्यों को भी प्रतिबिंबित किया।



## धामी ने 118वें अखिल भारतीय किसान मेले एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में किया प्रतिभाग

पंतनगर/उत्तराखंड। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंतनगर विश्वविद्यालय में आयोजित 118वे अखिल भारतीय किसान मेले एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा उत्पादित नवीन दलहनी प्रजातियों का लोकार्पण व पंतनगर प्रवाह नामक पुस्तक का विमोचन किया।

मेले में आयोजित रजत जयंती राज्य स्थापना गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस वर्ष के किसान मेले और कृषि प्रदर्शनी में 400 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें से 200 से अधिक स्टॉल देश के विभिन्न राज्यों से आए कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्योगों, स्टार्टअप्स और उद्यमियों द्वारा लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन मात्र कृषि उत्पादों और यंत्रों के प्रदर्शन तक सीमित नहीं होते, बल्कि ये किसानों, वैज्ञानिकों और उद्यमियों के बीच ज्ञान, अनुभव और नवाचार के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण माध्यम भी होते हैं। इस प्रकार के कृषि मेलों के माध्यम से जहां एक ओर हमारे किसान भाई एक ही स्थान पर नवीनतम कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, आधुनिक यंत्रों और नई शोधों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, वहीं उन्हें विशेषज्ञों के अनुभवों से सीखने और अपने अनुभव साझा करने का अवसर भी मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस मेले में प्रदर्शित की जा रही आधुनिक तकनीकों और नवाचारों के माध्यम से हमारे किसान भाई पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ नई वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर अपनी खेती को और भी अधिक उत्पादक, टिकाऊ और लाभकारी बना पाएंगे। उन्होंने कहा कि जिससे न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी, बल्कि प्रदेश की कृषि व्यवस्था भी सशक्त और समृद्ध बनेगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज भारत 'विकसित राष्ट्र' के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



## सपा नेताओं ने डॉ. राम मनोहर लोहिया को किया नमन

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में समाजवादी पार्टी कार्यालय ककोर एवं लोहिया पार्क बिधूना में प्रखर समाजवादी चिंतक, स्वतंत्रता सेनानी एवं महान विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि बड़े श्रद्धा भाव से मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने अपने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ लोहिया जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने कहा कि डॉ. लोहिया केवल एक विचारक ही नहीं बल्कि कर्मवीर थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज में समानता, न्याय और स्वराज की स्थापना के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने बताया कि लोहिया जी ने अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। उन्होंने याद दिलाया कि सन 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान डॉ. लोहिया ने गुप्त रेडियो स्टेशन चलाकर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जनता को जागरूक किया। वहीं 18 जून 1946 को गोवा मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व कर पुर्तगालियों के आधिपत्य से गोवा को आजाद कराने की पहल की। अंग्रेजी भाषा के वर्चस्व के विरोध में उन्होंने 'अंग्रेजी हटाओ आंदोलन' चलाया और देश को आत्मनिर्भर शिक्षा प्रणाली अपनाने की प्रेरणा दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉ. लोहिया के दिखाए हुए समाजवाद और समानता के रास्ते पर नेताजी मुलायम सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी की स्थापना की, जो आज देश की तीसरी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।

## अपनों संग दिवाली मनाने जाना हुआ महंगा बसों ने बढ़ाया किराया

नई दिल्ली। दीपावली पर यात्रियों की भारी भीड़ के चलते वातानुकूलित निजी बसों का किराया रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचता जा रहा है। किराए में सात गुना तक की बढ़ोतरी आंकी जा रही है और आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। वहीं, रोडवेज की वातानुकूलित बसें भी अपनी सेवाएं दे रही हैं। साधारण बसों में सीटें उपलब्ध हैं, लेकिन त्योहारों के दौरान बुकिंग के बावजूद सीट मिलना आमतौर पर मुश्किल हो जाता है।

### चार दिन रहेगा दबाव

बस बुकिंग वेबसाइट्स के अनुसार, 18, 19, 21, 22 अक्तूबर को सबसे अधिक दबाव रह सकता है। दरअसल 20 अक्तूबर दिवाली मनाई जाएगी। 18, 19 अक्तूबर इस दिन नोएडा से लखनऊ जाने वाली वातानुकूलित निजी बस का किराया औसतन 4999 रुपये तक पहुंच गया है, जबकि आम दिनों में यही किराया केवल 600 से 700 रुपये रहता है। इसी तरह नोएडा से कानपुर का रोजाना का किराया 700-900 रहता है, लेकिन 18,19 और 21, 22 अक्तूबर को यही किराया तीन-चार गुना बढ़कर 2000-3500 रुपये तक हो गया है।



### प्रयागराज का किराया सात हजार के ऊपर

नोएडा से वाराणसी का किराया 5770 रुपये, गोरखपुर का 7304 रुपये और प्रयागराज का 7350 रुपये तक पहुंच चुका है। निजी बस ऑपरेटरों का कहना है कि त्योहारों में मांग अधिक और सीटें कम होने से किराया बढ़ाना मजबूरी होती है। एक ऑपरेटर ने बताया कि त्योहारों के दिनों में ही कमाई का मौका मिलता है, बाकी साल नुकसान में बसें चलती हैं। उन्होंने यात्रियों को सलाह दी कि जो लोग त्योहार में सफर की योजना बना रहे हैं, वे तुरंत सीट बुक करा लें, वरना अंतिम समय पर किराया और बढ़ जाएगा।

### आधिकारिक वेबसाइट से बुक की जा सकती है टिकट

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो से 305 साधारण बसें संचालित हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन सीट बुकिंग की जा सकती है।

**बैठक** | **अधिकारियों संग विस्तृत कार्ययोजना पर हुई चर्चा**

## सीएम योगी ने की 'गोमती पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोमती नदी को 'स्वच्छ, अविरल और निर्मल' बनाने के संकल्प के साथ 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' की ऐतिहासिक घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि पीलीभीत से गाजीपुर तक बहने वाली गोमती केवल एक नदी नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक विरासत और जीवनधारा की प्रतीक है।

रविवार को टेरिटोरियल आर्मी की पहल पर आयोजित गोमती टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने मिशन की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की और इसे जन-आंदोलन बनाने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोमती पुनर्जीवन मिशन के लिए तीन प्रमुख उद्देश्य निर्धारित किए हैं। गोमती में सीवर की एक भी बूंद न गिरे, इसके लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए हैं। लक्ष्य है कि नगरीय सीवेज का 95 प्रतिशत से अधिक अवरोधन सुनिश्चित किया जाए। नदी प्रदूषण को न्यूनतम स्तर तक लाना। नदी किनारे के पर्यावरण और जीवन को संवर्धित करना। वर्तमान में गोमती में गिरने वाले 39 प्रमुख नालों में से 13 अब भी बिना उपचारित हैं। गोमती में 605 एमएलडी क्षमता के साथ संचालित छह एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) को पूरी तरह प्रभावी बनाने के लिए नालों की दिशा मोड़ने, नए एसटीपी लगाने और पुराने संयंत्रों के उन्नयन की कार्ययोजना पर काम होगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाएगा, क्योंकि यह सीवर सिस्टम को चोक करने और प्रदूषण बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मिशन केवल प्रदूषण नियंत्रण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नदी के जैविक, सांस्कृतिक और सौंदर्यात्मक पुनर्जीवन का माध्यम बनेगा। लखनऊ में इकाना वेटलैंड और साजन झील को नए वेटलैंड के रूप में विकसित किया जाएगा। नदी किनारे के अवैध अतिक्रमणों को हटाया जाएगा, घाटों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा और तटीय हरियाली बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नदी किनारे बसी अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए, ताकि तटों पर स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और समाज के हर वर्ग से इस मिशन को जनांदोलन बनाने की अपील की। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत गठित इस टास्क फोर्स में भूतपूर्व सैनिकों, विशेषज्ञों, बीबीएयू लखनऊ के प्रो. (डॉ.) वेंकटेश दत्ता और विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधि शामिल हैं। लखनऊ में मंडलायुक्त को समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टास्क फोर्स ने अब तक नदी तटों पर पैदल और नौका गश्त की है, एक हजार टन से अधिक जलकुंभी की सफाई की है, और 70,000 से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की है।



- प्रदूषण नियंत्रण के लिए रणनीति
- नदी का जैविक और सांस्कृतिक पुनर्जीवन
- जन-सहभागिता और टास्क फोर्स की सक्रियता

## भारतीय उच्च शिक्षा आयोग के गठन को सक्रिय हुआ शिक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली। दर्जनभर से ज्यादा नियामकों में बिखरी देश की उच्च शिक्षा को एक नियामक के दायरे में लाने की सिफारिश हुए पांच साल से ज्यादा वक्त हो गया है। अब सक्रियता बढ़ी है। शिक्षा मंत्रालय ने इसे लेकर प्रस्तावित भारतीय उच्च शिक्षा आयोग (हेकी) के गठन की तैयारी फिर से शुरू कर दी है। इससे संबंधित विधेयक के मसौदे को अंतिम रूप दिया जा रहा है। साथ ही जो संकेत मिले है, उसमें नवंबर से शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इसे पेश किया जा सकता है।

शिक्षा मंत्रालय ने यह तेजी तब दिखाई है, जब एनईपी की सिफारिश के तहत उच्च शिक्षा में कई बड़े बदलावों को लागू कर दिया गया है। जिसमें सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को बहुविषयक संस्थानों में तब्दील करने, क्रेडिट फामूर्ले को अपनाना व पढ़ाई के दौरान कभी भी एक्जिट और एंट्री जैसे विकल्पों को मुहैया कराना है। आईआईटी सहित देश के शीर्ष उच्च संस्थानों ने इस पर अमल भी शुरू कर दिया है। जिसमें आईआईटी ने बीएसएसी-बीएड व बीए-बीएड जैसे शिक्षक प्रशिक्षण कोर्सों को शुरू कर दिया है। वैसे तो आईआईटी एक स्वायत और तकनीकी संस्थान है लेकिन इन कोर्सों के नियामक का जिम्मा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के पास है। इस तरह गैर तकनीकी कोर्सो यानी बीएससी जैसे कोर्सों के नियामक यूजीसी निर्धारित करता है। मंत्रालय से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक उच्च शिक्षा में तेजी से अपनाए जा रहे इन बदलावों को देखते हुए प्रस्तावित उच्च शिक्षा आयोग का गठन जरूरी हो गया है। जहां बहुविषयक संस्थानों को अलग- अलग नियामकों के चक्कर न लगाने पड़े। जो उच्च शिक्षा को विश्वस्तरीय बनाने व सकल नामांकन अनुपात ( जीईआर ) को बढ़ाने के लिए भी आवश्यक है। गौरतलब है कि देश की उच्च शिक्षा अभी यूजीसी, एआईसीटीई, एनसीटीई, एनसीवीईटी व वास्तुकला परिषद जैसे करीब 14 नियामकों में बिखरी हुई है। इससे पहले हेकी के गठन को लेकर सरकार वर्ष 2018 में विधेयक लायी थी। हालांकि एनईपी की तैयारियों के चलते इसे बाद में रोक दिया गया था।

- विधेयक के मसौदे को अंतिम रूप दिया जा रहा है और इसे संसद के शीतकालीन सत्र में पेश किया जा सकता है

# पेट मे दर्द होने कि वजह से पटवाई के फर्जी अस्पताल मे युवक कि मौत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटवाई।** थाना क्षेत्र रतनपुरा के रहने वाले फकीरचंद 35 पुत्र मोहनलाल शुक्रवार को फकीरचंद के पेट मे दर्द हुआ था स्वजन युवक को पटवाई के एक निजी फर्जी अस्पताल मे लेकर गए जहाँ डॉ ने युवक के ड्रिप लगा दी उसकी हालत जायदा खराब होने कि वजह से फर्जी अस्पताल मे युवक कि मौत हो गयी आनन फ़नान मे डॉ ने युवक को अपनी गाड़ी से रामपुर भेज दिया लेकिन लेकिन रामपुर के डॉ ने युवक को मृत घोषित कर दिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डॉ ने स्वजनों को दो लाख रूपये देकर राजीनामा भी करा दिया है शुक्रवार से लेकर डॉ अपना अस्पताल बंद करके फरार है पटवाई में लगभग दस फर्जी अस्पताल संचालित है मिलक रोड से लेकर रामपुर रोड तक फर्जी अस्पताल चल रहे हैं और इन फर्जी अस्पताल पर कोई भी कार्यवाही नहीं होती है

**नोडल अधिकारी देवेश चौधरी ने बताया है कि हमें जानकारी प्राप्त नहीं हुई है जानकारी मिलेगी तो सोमवार में कार्रवाई की जाएगी**

# चोरों के हौसले बुलंद, 11 हजार लाईन से चोरों ने काटी लगभग साढ़े सात सौ मीटर लंबी तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जहां एक और योगी की दृढ़ फैसले वाली सरकार चोरों व बदमाशों पर कहर बन कर टूट रही है और अपराधियों को नकेल कसने की हर सम्भव कोशिश जा रही है। लेकिन इन सबके बावजूद चोरों के हौंसले टूटते नज़र नहीं आ रहे हैं। जिसका उदाहरण आज उस समय देखने को मिला जहां चोरों द्वारा बीती रात चलती हाईटेंशन विद्युत लाईन से लगभग साढ़े सात सौ मीटर विद्युत लाईन चोरी कर ली गई है। जिससे खेतों में फसलों की आज सिंचाई प्रभावित रही। ऐसा लगता है कि चोर अपनी हरकतों से बाज आने का नाम नहीं ले रहे हैं। यह कहावत पुलिस डाल-डाल, चोर पात पात रात चरितार्थ हो रही है। चोरों ने बीती रात ग्राम शेखपुरा कदीम के जंगल में शेखपुरा निवासी सैयद इमरान पुत्र अफजाल के ट्यूब वेल को विद्युत आपूर्ति कर रही 11 केवी की चलती लाईन से लगभग साढ़े सात सौ मीटर लंबी तार चोरी कर ली है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अवर अभियंता अनिल शर्मा ने बताया कि बीती रात चोरों ने लगभग 750 मीटर लंबे तार पर हाथ साफ कर विद्युत आपूर्ति बाधित कर दी है। साथ ही उन्होंने बताया कि चोरी किए तार कीमत लगभग 50-60 हजार रुपए है। अवर अभियंता अनिल शर्मा ने बताया कि चोरी की घटना से उन्होंने उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया है और पुलिस में भी एक तहरीर देते चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# प्रियांक खड़गे ने की सरकारी परिसरों में आरएसएस की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खड़गे ने मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को पत्र लिखकर राज्य के सरकारी परिसरों में आरएसएस की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। यह पत्र 4 अक्टूबर को लिखा गया था, जिसे अब सीएम मीडिया टीम ने सार्वजनिक किया है।

प्रियांक खड़गे ने पत्र में लिखा, ÷जब समाज में नफरत फैलाने वाली विभाजनकारी ताकतें सिर उठाती हैं, तो हमारे संविधान के मूल सिद्धांत (एकता, समानता और अखंडता) हमें उन्हें रोकने का अधिकार देते हैं।÷

उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस की शाखाएं सरकारी और अर्ध-सरकारी स्कूलों, सार्वजनिक मैदानों, मंदिरों, पार्कों और पुरातत्व विभाग के स्थलों पर चल रही हैं। यहां बिना पुलिस अनुमति के लाठी (दंड) के साथ आक्रामक प्रदर्शन किए जा रहे हैं, जिससे बच्चों और युवाओं के मन पर नकारात्मक और विभाजनकारी विचारों का असर पड़ रहा है।

उन्होंने आगे लिखा, ÷देश के बच्चों, युवाओं और समाज के मानसिक स्वास्थ्य और विकास के हित में आरएसएस की सभी गतिविधियों को सरकारी परिसरों में प्रतिबंधित किया जाए। इस पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा, ÷प्रियांक खड़गे ऐसे पत्र लिखने वाले कौन होते हैं? आरएसएस पर बोलने या टिप्पणी करने से पहले उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योगदान को समझना चाहिए। कांग्रेस सरकार के दौरान भारत-चीन युद्ध में भूमिका के लिए आरएसएस की सराहना की गई थी और उसे गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। प्रियांक खड़गे को यह समझना चाहिए।÷ विजयेंद्र ने कहा कि एक जिम्मेदार मंत्री होने के नाते प्रियांक खड़गे को आरएसएस पर टिप्पणी करने के बजाय अपने निर्वाचन क्षेत्र गुलबर्गा के विकास पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि आरएसएस अपनी शताब्दी मना रही है और ऐसे समय में प्रियांक खड़गे इस संगठन पर प्रतिक्रिया देकर केवल मीडिया की सुर्खियों में आना चाहते हैं।

# रणदीप सुरजेवाला का सीएम सैनी पर तंज, कहा- दोषियों को बचाने के लिए ढूंढा 'नायब कानून'

**कैथल।** हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की आत्महत्या के मामले में कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर तीखा हमला बोला है।

रविवार को कैथल में आयोजित प्रेस वार्ता में रणदीप सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि सीएम नायब सिंह सैनी देश के कानून को तोड़ रहे हैं और दोषियों का साथ दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में दो कानून चल रहे हैं, एक आम जनता के लिए और दूसरा ÷नायब कानून।÷ सामान्य मामलों में पुलिस बिना देरी के एफआईआर के आधार पर गिरफ्तारी करती है, लेकिन इस मामले में मुख्यमंत्री ÷पहले जांच, फिर कार्रवाई÷ की बात कहकर दोषियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि अगर छह महीने तक जांच पूरी नहीं होती, तो क्या न्याय का इंतजार अनिश्चितकाल तक करना होगा? उन्होंने पूछा, ÷अगर हर आपराधिक मामले में पहले जांच पूरी होने का इंतजार करना हो, तो देश में पुलिस तुरंत गिरफ्तारी क्यों करती है?÷

कांग्रेस सांसद ने कहा कि यह मामला केवल एक अधिकारी की आत्महत्या तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गरीब और दलित समाज के न्याय के अधिकार का सवाल है। कांग्रेस पार्टी इस मामले में पूरन कुमार की पत्नी आईएएस अधिकारी अमनीत पी. कुमार और पूरे दलित समाज के साथ खड़ी है, जो दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है।

सुरजेवाला ने नायब सैनी पर दोषियों का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए कहा, ÷या तो नायब सैनी ने नया 'नायब तरीका' और 'नायब कानून' खोज लिया है, या फिर वे सीधे-सीधे दोषियों के साथ खड़े हैं।÷

उन्होंने कहा कि अगर एक वरिष्ठ अधिकारी की आत्महत्या के मामले में भी नायब कानून लागू होगा, तो आम आदमी खासकर गरीब और दलित को न्याय कैसे मिलेगा? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या हरियाणा में गरीब और दलित होना अपराध बन गया है? सुरजेवाला ने मांग की कि इस मामले में तुरंत कार्रवाई हो और दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मामले को तब तक उठाती रहेगी जब तक पूरन कुमार के परिवार और दलित समाज को न्याय नहीं मिल जाता।

# भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बीएसएफ ने 2.82 करोड़ रुपए के सोने के साथ तस्कर को पकड़ा

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोने की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 2.82 करोड़ रुपए कीमत के 20 सोने के बिस्किट मिले, जिन्हें जब्त कर लिया गया। यह जानकारी बीएसएफ अधिकारियों ने रविवार को दी।

बीएसएफ ने एक बयान में कहा, ÷पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर होरंदीपुर सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ की दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 32वीं बटालियन के जवानों ने एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया।÷ सटीक और विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर जवानों ने कुल 2332.66 ग्राम वजन के बिस्किट बरामद किए।

शनिवार रात होरंदीपुर सीमा चौकी पर तैनात 32वीं बटालियन के जवानों को गोपनीय सूत्रों से विश्वसनीय सूचना मिली कि भारत-बांग्लादेश सीमा के पास मुस्लिमपारा गांव का एक व्यक्ति बांग्लादेश से लाए गए सोने की तस्करी करने की योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए कहा गया और तस्कर को रंगेहाथों पकड़ने के लिए संदिग्ध स्थान पर घात लगाकर छापा मारा गया।

अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह करीब 6 बजे पहले से तैयार दल ने एक संदिग्ध व्यक्ति को बांस के घने झुरमुट के पीछे घूमते देखा। इसके बाद उसे घेर कर पकड़ लिया गया। उसकी तलाशी लेने पर एक प्लास्टिक का पैकेट बरामद हुआ, जिसे खोलने पर सोने के 20 बिस्किट मिले। तस्कर को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया और आगे की पूछताछ के लिए होरंदीपुर सीमा चौकी लाया गया। जब्त किए गए सोने के बिस्कुट और गिरफ्तार संदिग्ध को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया।

बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी ने सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों से अपील की है कि वे सोने की तस्करी से संबंधित कोई भी जानकारी बल के 'सीमा साथी' हेल्पलाइन नंबर 14419 पर संपर्क कर दें या 9903472227 पर व्हाट्सऐप के माध्यम से संदेश या वॉयस नोट भेजें। अधिकारियों ने यह भी बताया कि विश्वसनीय जानकारी देने पर उचित पुरस्कार दिए जाएंगे और सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## शहनवाज ने चूमी ख्वाजा की चौखट, बिहार चुनाव में जीत की मांगी दुआ

**अजमेर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शहनवाज हुसैन ने शनिवार देर रात ख्वाजा साहब की दरगाह में हाजरी देकर बिहार चुनाव में पार्टी की मुक्कमल जीत की दुआ मांगी।

अपने निजी दौरे पर राजस्थान में अजमेर आए पूर्व मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने जियारत करके मजार शरीफ पर अकीदत के फूल और मखमली चादर पेश की। श्री हुसैन ने दरगाह में बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की जीत के लिए विशेष दुआ मांगी।

दरगाह में जियारत के बाद उन्होंने कहा, %ख्वाजा साहब की दरगाह आस्था और एकता का प्रतीक है। मैंने यहां बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी और हमारे गठबंधन की जीत के लिए दुआ मांगी है। ख्वाजा साहब का आशीर्वाद हमेशा देश और समाज की बेहतरी के लिए रहा है।

# शाहबाद में भू- माफिया पत्रकारों को बना रहे निशाना, फर्जी मुकदमों में पत्रकारों एव उनके परिजनों को फंसाने का चल रहा है षड्यंत्र

*** विवादित जमीनों पर खबरें लिखने को लेकर चिढ़े भूमाफिया,**
*** सरकार और उच्च अधिकारियों के समक्ष पत्रकार पेश करेंगे सुबूत**
*** मुख्यमंत्री, डीजीपी, डीएम और एसपी से मिलकर बताएंगे दर्द**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर में भू माफिया पिछले एक साल से लगातार सक्रिय है, जो कि विवादित जमीनों समेत सरकारी भूमियों पर कब्जा करने को लेकर मारपीट तो करते ही है, साथ ही साथ खबरें लिखने को लेकर पत्रकारों को भी निशाना बनाते है। पत्रकारों के साथ कभी मारपीट और गाली गलौज की जाती है तो कभी झूठे मुकदमों में फंसाने की साजिश करते है। छेड़छाड़, एससी एक्ट, बलात्कार या फिर कोई और फर्जी मुकदमा, उनमें पत्रकारों को फंसाकर उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जाता है। कुल मिलाकर शाहबाद के पत्रकार इन भू माफियाओं के निशाने पर आ गए है, यह लोग साजिश कर पत्रकारों को निशाना बना रहे है। जिससे पत्रकार समाज में रोष है। प्रदेशभर के पत्रकार संगठनों को इस मामले पर अवगत कराया गया है। पत्रकार अब इस मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत उच्च अधिकारियों के समक्ष रखने की तैयारी में है। वही समाज का साफ सुथरा हिस्सा भी पत्रकारों के साथ खड़ा हो गया है। लोग पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। शाहबाद के पत्रकार बिना किसी लोभ लालच के निष्पक्ष खबरें लिखते है। भू माफिया उसी खिसियाहट में पत्रकारों को फर्जी मुकदमों में फांसने और जेल भिजवाने की साजिशे करते रहते है। शाहबाद में पत्रकारों को जान से मारने की धमकी देना आम बात हो गई है। सीतापुर में भी एक पत्रकार की जान जा चुकी है। उसी से सबक लेते हुए बीते दिनों पत्रकारों ने अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए डीएम जोगिंदर सिंह को एक पत्र भी सौंपा था। साथ ही साथ प्रदेश के उच्च अधिकारियों तथा जिले के अधिकारियों को भी इस मामले में अवगत कराने की तैयारी चल रही है जिससे कि पत्रकारों एव उनके परिजनों की सुरक्षा हो सके और पत्रकारों को झूठे षड्यंत्र रचकर मुकदमों में फंसाने से बचाया जा सके ।

# साय ने कोरबा जिले की सराहना की, कहा उत्कृष्ट मॉडल जिला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नव रायपुर स्थित मंत्रालय में रविवार को आयोजित कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज करने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरबा जिले को ÷उत्कृष्ट मॉडल जिला÷ बताया और अन्य कलेक्टरों को इससे प्रेरणा लेने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरबा में योजना का क्रियान्वयन प्रभावशाली रहा है और पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने में जिले ने बेहतर समन्वय दिखाया है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर ने कोरबा कलेक्टर के कार्यों पर सवाल उठाए थे परंतु अब सरकार ने उनकी पीठ थपथपाई है।

कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों बैगा और कोरवा समुदायों को योजना से प्राथमिकता से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि डीएमएफ (जिला खनिज फाउंडेशन) की सहायता से योजना की प्रगति सुनिश्चित की गई है।

कलेक्टर ने जानकारी दी कि पीएम जनमन योजना के तहत बन रहे 700 घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए कुल 60 हजार रुपए की राशि निर्धारित की गई है – जिसमें 45 हजार रुपए सरकारी सब्सिडी और 15 हजार रुपए डीएमएफ से प्रदान किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने सभी कलेक्टरों से कहा कि ÷पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक पहुँचे, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।÷ उन्होंने ग्रामीण हितग्राहियों के लिए बैंक फाइनेंस प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी जिले में अनियमितता या गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित कलेक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जांजगीर जिले में किसानों के कम पंजीयन पर उन्होंने नाराज़गी जताई और निर्देश दिया कि जल्द से जल्द पंजीयन पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा – ÷धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम होनी चाहिए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।÷

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा करते हुए सभी जिलों को एक माह के भीतर शत-प्रतिशत पंजीयन पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र किसान योजना से वंचित न रहे। विशेष पिछड़ी जनजातियों के किसानों के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा ÷प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में कोई भी पात्र किसान छूटना नहीं चाहिए। निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करें, अन्यथा जवाबदेही तय की जाएगी।÷

# पेड़ के नीचे घायल मिली आदिवासी महिला ने अस्पताल में तोड़ा दम, गैंगरेप की आशंका

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मेडक जिले में कथित तौर पर गैंगरेप का शिकार हुई 33 वर्षीय आदिवासी महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जिला पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

दिहाड़ी मजदूर महिला शुक्रवार को मजदूरी के लिए घर से निकली थी। शनिवार सुबह वह कुलचरम मंडल में एक पेड़ के नीचे मिली। वह घायल अवस्था में बेहोशी की हालत में मिली थी और उसके सिर पर गंभीर चोट साफ दिख रही थी। उसकी हालत देख स्थानीय निवासियों ने पुलिस को सूचना दी थी।

पीड़िता को पहले एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और बाद में हैदराबाद के एक अन्य अस्पताल में रेफर कर दिया गया, लेकिन शनिवार रात रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वो पांच बच्चों की मां थी।

पुलिस को संदेह है कि महिला के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। यौन उत्पीड़न के बाद, हमलावरों ने उस पर एक पत्थर से वार किया।

महिला के पति की शिकायत के आधार पर, पुलिस ने बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने पीड़िता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि शुक्रवार सुबह मेडक शहर से महिला को मजदूरी के लिए काम पर रखा था। उसे काम पर ले जाने के बजाय एक सुनसान जगह पर ले जाया गया कथित तौर पर उसका बलात्कार किया गया। बता दें, अगस्त 2024 में एक आदिवासी महिला संग बलात्कार की कोशिश के खिलाफ खूब हंगामा हुआ था। आसिफाबाद जिले के जैनूर कस्बे में एक ऑटो ड्राइवर ने रेप करने की कोशिश की थी और जब वो उसमें सफल नहीं हुआ था तो उसने महिला की डंडों से पिटाई कर दी थी। बेसुध महिला ने बाद में अपनी कहानी बताई थी। जिससे समाज में काफी रोष व्याप्त हुआ और उसने विरोध प्रदर्शन का रूप ले लिया था। आगजनी के साथ बसों पर पथराव भी काफी हुआ था। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को भारी तैनाती करनी पड़ी थी।

# नौहझील पुलिस ने 73 किलो विस्फोटक के साथ दो पकड़े




**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** नौहझील कस्बे के गांव खाजपुर के जंगल में पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

नौहझील थाना प्रभारी सोनू सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि मानागढ़ी से खाजपुर की ओर खाजपुर के जंगलो में विस्फोटक आतिशबाजी बनाई जा रही है। इस सूचना पर श्रीकृष्ण हितकारी इंटर कॉलेज पास कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जंगलों में बने दो कमरों में छापामार कार्यवाही की। पुलिस ने घेराबंदी कर अभियुक्त संदीप पुत्र देवीचरन उर्फ पटवारी तथा राजबीर पुत्र हुब्बी निवासीगण खाजपुर नौहझील को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से विस्फोटक सामग्री, आतिशबाजी तैयार करने के उपकरण व कच्चा माल कब्जे में लिया। इनमें लगभग 73.370 किलोग्राम बारूद, गंधक और पोटास, मिट्टी के छोटे गोले, सुतली बम बनाने हेतु सुतली व कागज व अन्य आतिशबाजी बनाने के उपकरण शामिल हैं। दीपावली के त्यौहार को लेकर पटाखे व आतिशबाजी बेचने के उद्देश्य से यह सामान तैयार करते थे।

# दीपावली पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा टीम का अभियान जारी, 18 खाद्य पदार्थों के लिये नमूने



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी मथुरा के आदेश के अनुपालन में आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा अभियान चला कर कुल 18 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किये गए। बाजना से पनीर का एक नमूना, सुरीर से खोआ का एक नमूना, महोली रोड से खोआ का एक नमूना, होलीगेट से खोआ का एक नमूना, गढ़ी सहीराम महावन से पनीर के दो व खोआ के दो नमूने, नेरा बांगर महावन से क्रीम व घी का एक-एक नमूना, बल्देव से खोआ का एक नमूना, लक्ष्मीनगर जमुनापार से घी व बर्फी का एक-एक नमूना, ओल से घी व खोआ का एक-एक नमूना तथा वृन्दावन से पेड़ा, दही व घी का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया तथा अस्वास्थकर दशाओं में भंडारित लगभग 20 कि0ग्रा0 पेड़ा मूल्य 8000/- वृन्दावन में एवं 10 कि0ग्रा0 पनीर मूल्य 4000/- को महावन में नष्ट कराया गया। खाद्य सचल दल में राम नरेश, जितेंद्र सिंह, दलवीर सिंह, अरुण कुमार, रीना शर्मा, मोहर सिंह कुशवाह, भरत सिंह एवं धर्मेन्द्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त अहोई अष्टमी मेला तहसील गोवर्धन के दृष्टिगत मोहर सिंह कुशवाह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में एफ.एस.डब्लू (सचल खाद्य प्रयोगशाला) वाहन का संचालन कराकर गोवर्धन तहसील में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच कर खाद्य कारोबारकर्ताओं व आम जनमानस को खाद्य पदार्थों में मिलावट के प्रति जागरूक किया गया तथा खाद्य कारोबारकर्ताओं को एफ0एस0 एस0ए0आई0 द्वारा प्रमाणित खाद्य उत्पादों का ही उपयोग करने, अपने प्रतिष्ठान में फूड लाइसेंस प्रदर्शित करने, साफ-सफाई रखने एवं खाद्य पदार्थों के निर्माण में कृत्रिम रंगो का प्रयोग न करने, खाद्य पदार्थों एवं तैयार भोजन को ढककर रखने, आवश्यकतानुसार हेड कैप, फेस मास्क, एप्रिन, हेन्डग्लव्स का प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया गया।

# एसओजी और मगोर्रा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए सात अंतर्राज्यीय बदमाश



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** जल जीवन मिशन गंगा जल परियोजना के पाईपों की चोरी करने वाले सात अंतर्राज्यीय बदमाशों के साथ एसओजी और थाना मगोर्रा पुलिस की आज सौंख रोड से साहिब बंदगी संत आश्रम की ओर जाने वाले रास्ते पर मुठभेड़ हो गई। जिसमें चार बदमाश गोली लगने से घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया है, जबकि तीन बदमाशों ने पुलिस को आत्मसमर्पण किया है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के कब्जे तीन लाख रुपए तथा भारी मात्रा में असलाह कारतूस बरामद किए है। गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री हर घर जल योजना के अंतर्गत जल जीवन मिशन गंगा जल परियोजना से सुदूर गाँव देहात क्षेत्र में स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए कम्पनी द्वारा भूमिगत पाईप लाइन बिछाई जा रही थी, 16 अगस्त2025 की रात अवैध असलाहो से लैस होकर कुर्सेद उर्फ धोनू पुत्र सत्तार, सोराब उर्फ राजा पुत्र रुस्तम, आरिफ पुत्र मुद्दीन, तौफीक पुत्र जफरुद्दीन, भिक्की पुत्र रसूला, मनीष पुत्र शरीफ खान, यादवेन्द्र उर्फ यश पुत्र रमेश सिंह ने कम्पनी के ग्राम नगला देविया भाग बछगांव में बिछाने के लिए रखे गये पाईपो को चोरी कर फरार हो गए। जिन्हें आरोपितों ने प्रयुक्त पाईपो को चोरी कर सस्ते दामो में बेच देते थे और उससे प्राप्त नगदी को आपस में बांट लेते थे। आज मुखबिर की सूचनानुसार मगोर्रा थानाध्यक्ष एवं एसओजी टीम साहिब बंदगी संत आश्रम पहुंची जहां रूपयों का बंटवारा चल रहा था पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें चार बदमाश पैर में गोली लगने घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने उपचार हेतु भेजा है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक मोटर साइकिल, ई रिक्शा तथा पाईप बेचकर प्राप्त तीन लाख की रकम बरामद की है।

# सबरीमाला सोना चोरी मामला- एसआईटी ने टीडीबी 2019 के सभी सदस्यों पर मामला दर्ज किया

**चेन्नई।** सबरीमाला अयप्पा मंदिर से गायब हुए सोने की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सीपीआई (एम) नेता ए. पद्मकुमार के नेतृत्व वाले पूर्व त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) को मामले में आरोपी बनाया है।

2019 के बोर्ड में शामिल सभी सदस्यों को आरोपी बनाया गया है, जिससे केरल के मंदिर प्रशासन को हिलाकर रख देने वाले मंदिर स्वर्ण-प्लेट घोटाले में एक नया मोड़ आ गया है।

तत्कालीन देवस्वोम आयुक्त एन. वासु, तिरुवभरणम आयुक्त, कार्यकारी अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और सहायक अभियंता पर भी आरोप लगाए गए हैं।

देवस्वोम सतर्कता पुलिस अधीक्षक और सबरीमाला उच्चायुक्त द्वारा अनियमितताओं की सूचना मिलने के बाद, अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एच. वेंकटेश के नेतृत्व में कार्यरत एसआईटी ने केरल उच्च न्यायालय के निर्देश पर मामला दर्ज किया।

जांच उन आरोपों के इर्द-गिर्द घूमती है कि सबरीमाला में द्वारपालक की मूर्तियों से इलेक्ट्रोप्लेटिंग के बहाने अवैध रूप से सोना निकाला गया था। पुजारी से प्रायोजक बने उन्नीकृष्णन पोट्टी को पहला आरोपी बनाया गया है। उन्होंने गोल्ड कोटिंग (स्वर्ण-लेपन कार्य) के लिए धन मुहैया कराया था। पोट्टी के सहयोगी कल्पेश को दूसरे आरोपी के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने कथित तौर पर मूर्तियों के आवरण से सोना निकाला, जिससे बोर्ड को आर्थिक नुकसान हुआ।

एसआईटी सूत्रों के अनुसार, उन्नीकृष्णन पोट्टी ने सबसे पहले 2019 में देवस्वोम अधिकारियों से द्वारपालक की मूर्तियों पर सोने की परत चढ़ाने का आग्रह किया था। अक्टूबर 2024 में, उन्होंने अधिकारियों को फिर से ईमेल किया, जिसमें दावा किया गया कि मूर्तियों का रंग ÷अत्यधिक जलवायु परिवर्तन के कारण फीका पड़ गया है÷ और काम दोबारा करने का अनुरोध किया।

8 सितंबर, 2025 को, अधिकारियों ने उच्च न्यायालय के मौजूदा आदेशों और देवस्वोम नियमावली की प्रक्रियाओं के बावजूद, इस तरह के बदलावों पर रोक लगाते हुए, पुनः परत चढ़ाने का काम जारी रखा।

आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिनमें धारा 403 (संपत्ति का बेईमानी से गबन), 406 और 409 (आपराधिक विश्वासघात), 466 और 467 (मूल्यवान दस्तावेजों की जालसाजी), और धारा 34 (साझा इरादा) शामिल हैं।इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए, बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ए. पद्मकुमार ने कहा कि वह जांचकर्ताओं के साथ पूरा सहयोग करने को तैयार हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ÷अदालत को यह तय करने दीजिए कि मेरे अधीन बोर्ड ने कोई अनियमितता की है या नहीं। मैंने कुछ भी गैरकानूनी नहीं किया है और हमारे बोर्ड ने सबरीमाला में कभी भी किसी नियम या रीति-रिवाज का उल्लंघन नहीं किया है।÷ उन्होंने यह भी कहा कि वह जांच का स्वागत करते हैं और चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए।

अब एसआईटी की निगरानी में चल रहे इस मामले से हाल के वर्षों में केरल के सबसे विवादास्पद मंदिर-संबंधी घोटालों में से एक पर स्पष्टता आने की उम्मीद है।

# पंजाब के सरकारी अस्पतालों में आठ दवाओं के इस्तेमाल और खरीद पर तत्काल रोक

**चंडीगढ़।** पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशालय ने प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में आठ विशेष दवाओं और आईवी फ्लूइड्स के इस्तेमाल, वितरण और खरीद पर तुरंत रोक लगा दी है। यह कदम उन दवाओं के कारण मरीजों में 'एडवर्स ड्रग रिएक्शन' (एडीआर) मिलने के बाद उठाया गया है।

स्वास्थ्य निदेशालय की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि इन दवाओं का इस्तेमाल बंद करना आवश्यक है जब तक कि आगे कोई नया निर्देश न दिया जाए। इस निर्णय के पीछे तीन फार्मा कंपनियों द्वारा निर्मित दवाओं में समस्याएं मिलने की जानकारी है।

रोक लगाई गई दवाओं की सूची में नॉर्मल सैलाइन, सोडियम क्लोराइड इंजेक्शन आईपी 0.9 प्रतिशत, डेक्सट्रोज इंजेक्शन आईपी 5 प्रतिशत, सिप्रोफ्लोक्सासिन इंजेक्शन 200 एमजी, सिप्रोफ्लोक्सासिन इंजेक्शन 200 एमजी आईपी, डीएनएस 0.9 प्रतिशत, एन/2 डेक्सट्रोज 5 प्रतिशत, बुपिवाकेन हाइड्रोक्लोराइड और डेक्सट्रोज इंजेक्शन शामिल हैं।

जारी आदेश में सभी सिविल सर्जनों और मेडिकल सुपरिटेंडेंट्स को कहा गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन दवाओं के इस्तेमाल, वितरण और खरीद को तुरंत बंद कर दें। इसके साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित अस्पतालों में इन दवाओं की सूची की जांच कर दी जाए और इनका उपयोग पूर्णतया रोका जाए।

स्वास्थ्य विभाग ने आदेश में स्पष्ट किया है कि जिन मरीजों को इन दवाओं के कारण कोई भी दुष्प्रभाव हुआ है, उनकी रिपोर्ट तत्काल एक समिति के सामने प्रस्तुत की जाए। इस समिति को इन दवाओं से जुड़े संदिग्ध एडीआर की जांच करनी है और जल्द से जल्द एक रिपोर्ट विभाग को सौंपनी होगी।

इस आदेश की जानकारी पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव, मिशन डायरेक्टर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पंजाब, पंजाब हेल्थ सर्विसेज कारपोरेशन मोहाली के प्रबंध निदेशक और अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है।

# भारत में 10.6 करोड़ घरों को मिल रही किफायती एलपीजी की सुविधाः हरदीप सिंह पुरी



● केंद्रीय मंत्री ने कहा, दुनिया ईंधन की अस्थिरता का सामना कर रही है, भारत सुधारों के साथ आगे बढ़ रहा है। देश की रिफाइनिंग क्षमता 215 से बढ़कर 258 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) हो गई है

नई दिल्ली। भारत में 10.60 करोड़ घरों को किफायती एलपीजी की सुविधा मिल रही है और 6.7 करोड़ लोग देश में प्रतिदिन फ्यूल स्टेशन पर ईंधन भरवाते हैं, जो देश को दुनिया में तेल और एलपीजी का तीसरा सबसे बड़े कंज्यूमर बनाती है। यह बयान रविवार को केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की ओर से दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, 'गहरे पानी में खोज से लेकर हरित हाइड्रोजन और बायोएनर्जी तक, भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहा है जो सुरक्षित, टिकाऊ और आत्मनिर्भर है।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश दुनिया में चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक और रिफाइनिंग केंद्र है, जहां प्रतिदिन 5.5 मिलियन बैरल तेल का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा, ऊर्जा ईंधन से कहीं अधिक नए भारत की धड़कन है। यह उद्योगों को शक्ति देती है, लोगों को जोड़ती है और 1.42 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करती है। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि तेल और गैस क्षेत्र में शुरू किए गए सुधारों से वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत का ऊर्जा क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, दुनिया ईंधन की अस्थिरता का सामना कर रही है, भारत सुधारों के साथ आगे बढ़ रहा है। देश की रिफाइनिंग क्षमता 215 से बढ़कर 258 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) हो गई है और जामनगर अब एशिया की सबसे बड़ी रिफाइनरी है, जो 100 से अधिक देशों को पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करती है। अपस्ट्रीम ऑयल और गैस एक्सप्लोरेशन एवं प्रोडक्शन सेक्टर्स में हुए सुधारों पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) राउंड 10 ने आगे की खोज और उत्पादन के लिए 2.5 लाख वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को खोल दिया है। व्यापार करने में आसानी के लिए एक्सप्लोरेशन के लिए आवश्यक मंजूरी को भी 37 से घटाकर 18 कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि तेल की खोज और उत्पादन बढ़ाने के लिए अपस्ट्रीम सेगमेंट में 1.3 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत 2022 में लगभग दस लाख वर्ग किलोमीटर ह्यनो-गोह्न अपतटीय क्षेत्रों के उद्घाटन के साथ तेल और गैस की खोज में नए सिरे से वृद्धि देख रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल के राजदूत ने देखी रामलीला

नई दिल्ली। भारतीय कला और संस्कृति के संवाहक पद्मश्री वीरेंद्र प्रभाकर की स्मृति में श्रीराम भारतीय कला केंद्र, मंडी हाउस में ह्ययुग युग की सत्य कथा नामक संपूर्ण रामलीला का भव्य मंचन किया गया। इस अवसर पर नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर पी. शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सीता जी जनकपुरी की निवासी थीं, जो आज नेपाल में है। रामलीला को देखना हमारे लिए केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक जुड़ाव का अनुभव है। इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद अशोक जैन और रवि जैन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य पद्मश्री वीरेंद्र प्रभाकर के भारतीय कला में योगदान को श्रद्धांजलि देना है।

### लूटपाट में वांछित आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शाहबाद डेयरी इलाके में अपने साथी के साथ मिलकर लूटपाट करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान कपिल उर्फ गढ़ा के रूप में हुई है। आरोपित पिछले करीब 10 माह से पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस इसके साथी हितेश को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। हितेश के पास से पुलिस ने लूटा गया टेंपो और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली थी। जांच में पता चला है कि आरोपित के खिलाफ गुरुग्राम सिटी और न्यू अशोक नगर इलाके में पहले से दो मामले दर्ज हैं। इसने अपने साथी हितेश के साथ मिलकर गैस बर्नर से लदा टेंपो लूट लिया था। पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर कर रही है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि चार फरवरी 2025 को शाहबाद डेयरी इलाके में हथियारबंद बदमाशों ने गैस बर्नर से भरा टेंपो लूट लिया था। लोकल पुलिस ने मामले में हितेश को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन दूसरा आरोपित कपिल उर्फ गढ़ा फरार था।

### मैराथन में दिया नशामुक्ति का संदेश

नई दिल्ली। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित वेदांता हाफ मैराथन 2025 में हिस्सा लिया। जवानों ने मैराथन में हिस्सा लेकर युवाओं को नशामुक्ति का संदेश दिया। आरपीएफ महानिदेशक सोनाली मिश्रा के निर्देशन में आरपीएफ के 26 कर्मियों की टीम ने आयोजन में भाग लिया। टीम का नेतृत्व उत्तरी रेलवे आईजी कमलजोत बरार द्वारा किया गया। इस वर्ष आरपीएफ दल की थीम ह्लऑपरेशन नाकोर्सः आरपीएफ बनाम मादक पदार्थ तस्करीह्व थी। इस थीम के माध्यम से बल ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और समाज में नशामुक्त वातावरण बनाने का संदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजनों में भागीदारी के जरिए आरपीएफ न केवल अपने कर्मियों में शारीरिक फिटनेस और अनुशासन की भावना को मजबूत करता है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रीय उद्देश्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दशार्ता है।

### दिल्ली मेट्रो में 60 फीसदी बिजली की जरूरतें सौर ऊर्जा से होगी पूरी

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने बिजली की बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में फेज चार में बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत डीएमआरसी ने हर वर्ष 500 मिलियन यूनिट हरित ऊर्जा आपूर्ति के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। इस पर अमल सुनिश्चित होने पर डीएमआरसी फेज चार में अपनी 60 प्रतिशत बिजली की जरूरतें सौर ऊर्जा से पूरा करेगा। इससे मेट्रो परिचालन में पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम हो जाएगी। मौजूदा समय में डीएमआरसी को रीवा सोलर पार्क से हर वर्ष 350 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति हो रही है। इसके अलावा एलिवेटेड मेट्रो स्टेशनों की छतों के ऊपर, डिपो और मेट्रो के आवासीय कॉलोनियों में भी सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए गए हैं। इससे हर वर्ष 40 मिलियन यूनिट बिजली उत्पन्न होती है। इससे मेट्रो में 33 प्रतिशत बिजली की जरूरतें पूरी हो रही है। दिन के वक्त मेट्रो परिचालन में करीब 65 प्रतिशत बिजली की जरूरतें सौर ऊर्जा से पूरी होती है। अगले साल तक पूर हो जाएंगे तीन कॉरिडोर फेज चार में कुल 110.617 किलोमीटर लंबाई के छह कॉरिडोर बनेंगे। इसमें शामिल तीन प्रमुख कॉरिडोर में से मौजपुर-मजलिस पार्क बनकर तैयार है।

## राजधानी दिल्ली में फिटनेस, अनुशासन और सामूहिक ऊर्जा का सशक्त प्रतीक बताया

# फिटनेस और खेल दिल्लीवालों की जीवनशैली का हिस्सा बन गए हैं : रेखा गुप्ता

लिशा शर्मा




● मैराथन में महिला भागीदारी की सराहना
● स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली का संकल्प

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज सुबह वेदांता हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इस अवसर पर कहा कि 'फिटनेस और खेल अब दिल्लीवासियों की जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं।' मुख्यमंत्री ने इस विशाल आयोजन में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर विशेष रूप से खुशी व्यक्त की और इसे समाज में बढ़ती जागरूकता और समान अवसरों की दिशा में एक सकारात्मक संकेत बताया।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से शुरू हुई इस दौड़ में मुख्यमंत्री ने मंच से सभी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया और उनका अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए आज की सुबह अत्यंत ऊर्जा और उत्साह से भरी रही, और युवाओं तथा विशेषकर महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी देखकर गर्व महसूस होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो जागरूकता और समान अवसरों की ओर एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में दृढ़ निश्चय, अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता जैसे गुणों का विकास होता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस दौरान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'फिटनेस मूवमेंट' की सराहना की और कहा कि यह अभियान देशभर में स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता को नई दिशा प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार भी 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' के संकल्प के साथ राजधानी के प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य, ऊर्जा और आत्मविश्वास से परिपूर्ण जीवन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन को राजधानी दिल्ली में फिटनेस, अनुशासन और सामूहिक ऊर्जा का सशक्त प्रतीक बताया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, खिलाड़ी और गणमान्यजन भी मौजूद थे। कार्यक्रम के समापन पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शाहदरा बस टर्मिनल से अहम रूट बंद, यात्रियों में नाराजगी

● यात्रियों के अनुसार 418 और 702 जैसे रूट अब दिन में सीमित फेरों तक सिमट गए हैं, जिससे प्रतीक्षा समय बढ़ गया और मजबूरन महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। 321 रूट पर चलने वाली देवी बस भी लंबे समय से नियमित नहीं दिख रही

नई दिल्ली। राजधानी के प्राचीनतम बस टर्मिनलों में शुमार शाहदरा बस टर्मिनल से कई महत्वपूर्ण रूटों को अचानक सीमित या बंद किए जाने से दैनिक यात्रियों में तीखी नाराजगी उभरी है। सूचना के अनुसार केंद्रीय सचिवालय जाने वाली 320 सेवा और शिवाजी स्टेडियम तक संचालित 317 रूट को समाप्त कर दिया गया, जबकि मोहल्ला सेवा के तहत लोकप्रिय 273 देवी रूट को तकनीकी कारण बताकर हटा दिया गया। स्थानीय यात्रियों का कहना है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था व अग्रिम सूचना के बदलाव ने दफ्तर जाने वाले और विद्यार्थियों की राह कठिन कर दी है। यात्रियों के अनुसार 418 और 702 जैसे रूट अब दिन में सीमित फेरों तक सिमट गए हैं, जिससे प्रतीक्षा समय बढ़ गया और मजबूरन महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। 321 रूट पर चलने वाली देवी बस भी लंबे समय से नियमित नहीं दिख रही, जिससे पूर्वी दिल्ली, पुराने दिल्ली क्षेत्र और केंद्रीय प्रशासनिक गलियारों से जुड़ाव कमजोर पड़ा है। प्रतिदिन आने-जाने वाले यात्री इसे जनसुविधा के प्रतिकूल बताते हुए निर्बाध बस आवृत्ति, स्पष्ट समय-सारिणी और रूट-मानचित्र सार्वजनिक करने की मांग कर रहे हैं।

स्थानीय प्रतिनिधियों और संगठनों का कहना है कि 320 जैसे चार दशक पुराने रूट राजधानी के दफ्तरों, सचिवालयों और कारोबारी केंद्रों तक हजारों लोगों की जीवनरेखा रहे हैं। अचानक बदलाव से भीड़ का दबाव मेट्रो और साझी सवारी पर बढ़ा है तथा यात्रा समय और लागत दोनों में वृद्धि हुई है। यात्री-हित में चरणबद्ध पुनर्संतुलन, पीक आवर्स में अतिरिक्त फेरे और अंतर-टर्मिनल समन्वय से भीड़-नियंत्रण की आवश्यकता जताई गई है।

परिवहन विभाग के समक्ष रखी गई मांगों में प्रमुख रूप से बंद रूटों की तत्काल समीक्षा, तकनीकी-सुरक्षा कारणों की पारदर्शी जानकारी, और वैकल्पिक शटल/फीडर सेवाओं की घोषणा शामिल है। विशेषज्ञ मानते हैं कि क्लस्टर/डीटीसी बेड़े के पुनर्विन्यास के दौरान क्षेत्रीय यात्रा-आंकड़ों, स्कूल-कॉलेज समय, और कार्यालयी पीक पैटर्न के आधार पर आवृत्ति तय कर यात्रियों की परेशानी कम की जा सकती है। दैनिक यात्रियों ने परिवहन मंत्री से हस्तक्षेप कर सेवाएं बहाल कराने तथा रूट परिवर्तन का व्यवस्थित रोडमैप जारी करने का अनुरोध किया है।

## 'सूचना का अधिकार लोकतंत्र की मजबूती, भाजपा सरकार आरटीआई को करे सशक्त': अनिल भारद्वाज

● आरटीआई कानून को कमजोर करने का आरोप
● 2019 के संशोधनों से आयोगों की स्वायत्तता हुई कम



नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन और पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर केंद्र की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

राजीव भवन स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री भारद्वाज ने कहा कि आरटीआई जैसा महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक अधिकार कमजोर हो रहा है, जो देश के लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने माँग की कि मौजूदा भाजपा सरकार इस कानून को पुनः मजबूत और पारदर्शी बनाए। अनिल भारद्वाज ने कहा कि ऐतिहासिक आरटीआई अधिनियम 12 अक्टूबर 2005 को डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व और यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में लाया गया था, जिसका उद्देश्य शासन और प्रशासन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना था। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 के बाद मौजूदा भाजपा की मोदी सरकार, पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार की तरह, आरटीआई कानून को लगातार कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि आरटीआई केवल एक कानून नहीं है, बल्कि भारत के नागरिकों के संवैधानिक और सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम है।

कांग्रेस नेता ने आरटीआई कानून पर हुए संशोधनों की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा ने 2019 में कई संशोधन करके इस कानून की स्वतंत्रता को कमजोर किया। उन्होंने बताया कि इन संशोधनों ने सूचना आयोगों की स्वायत्तता को कम कर दिया। पहले आयुक्तों का कार्यकाल 5 वर्ष तय था और उनकी सेवा शर्तें सुरक्षित थीं, लेकिन संशोधन के बाद केंद्र सरकार ने आयुक्तों का कार्यकाल और सेवा शर्तें तय करने का अधिकार अपने पास रख लिया, जिससे कार्यपालिका का दखल बढ़ा।

भारद्वाज ने डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) अधिनियम, 2023 की धारा में हुए संशोधन पर भी चिंता व्यक्त की। इस संशोधन के तहत यह तय किया गया है कि 'कोई भी ऐसी जानकारी जो व्यक्तिगत जानकारी से संबंधित हो, प्रकट नहीं किया जाएगा।' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अब महत्वपूर्ण सार्वजनिक डेटा को 'निजी' मानकर मतदाता सूची, व्यय विवरण या अन्य जनहित से जुड़ी सूचनाओं के प्रकटीकरण से इनकार करने का रास्ता खोल रही है, जिससे सूचना के अधिकार के तहत दी जाने वाली जानकारी भी रोकी जा रही है।

### आयोगों में रिक्तियों पर चिंता

अनिल भारद्वाज ने आरोप लगाया कि अपनी जिम्मेदारियों से भागने के लिए भाजपा केंद्रीय और राज्य सूचना आयोगों पर नियंत्रण कसकर हमला कर रही है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सूचना आयोग में 11 स्वीकृत पदों के मुकाबले केवल दो आयुक्त कार्यरत हैं, और सितंबर 2025 के बाद मुख्य आयुक्त का पद भी रिक्त है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद सरकार नियुक्तियों की समयबद्ध प्रक्रिया नहीं अपना रही है। इस कमी के चलते आरटीआई में लंबित मामलों की संख्या बढ़ रही है। जून 2024 तक देश भर के 29 आयोगों में लगभग 4,05,000 अपीलें और शिकायतें लंबित थीं, जो 2019 की तुलना में लगभग दोगुनी हैं।

## उत्साह | देसी एलईडी और स्मार्ट स्ट्रिंग्स को मिल रही बढ़त

# दिवाली से पहले बाजारों में रौनक, सजावटी लाइटों -लड़ियों की मांग



नई दिल्ली। दीपावली से ठीक एक सप्ताह पूर्व राजधानी और एनसीआर के बाजारों में खरीदारी का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। सदर, चांदनी चौक, चाबरी, सरोजिनी नगर, लाजपत नगर, नेहरू प्लेस और साकेत सहित प्रमुख बाजारों में सजावटी लाइटें, एलईडी लड़ियाँ और घर सजावट के विद्युत उपकरणों की मांग में उल्लेखनीय उछाल दर्ज किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक दुकानों और अस्थायी डेकोरेशन स्टॉल पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। दुकानदारों के अनुसार इस बार पारंपरिक लड़ियों के साथ रंग-बिरंगी, संगीत-संवेदी और रिमोट/सेंसर आधारित एलईडी स्ट्रिंग्स की मांग विशेष रूप से बढ़ी है। कई विक्रेताओं ने बताया कि उपभोक्ता खपत का रुझान आयातित सस्ते उत्पादों की बजाय घरेलू निर्मित, ऊर्जा-कुशल और वारंटी समर्थित विकल्पों की ओर मुड़ा है। ग्राहकों की पसंद में विविध रंग-ताप, पैटर्न मोड, जलरोधक डिजाइन और कम बिजली खपत जैसे गुण निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। खुदरा विक्रेताओं का कहना है कि बहु-वैरायटी पेशकश-कर्टेन स्ट्रिंग्स, नेट लाइट्स, दीया-आकृति एलईडी, धागा-माइक्रो कॉपर स्ट्रिंग्स और सौर/रिचार्जेबल विकल्प-की वजह से औसत टिकट साइज बढ़ा है। घरों की बाहरी सजावट, बालकनी, मुख्य द्वार, मंदिर प्रकोष्ठ और पर्दों के लिए अलग-अलग लंबाई व घनत्व वाली लाइटें पसंद की जा रही हैं। कई परिवार त्योहार से एक सप्ताह पहले ही रोशनी सजा कर तैयारी प्रारंभ कर चुके हैं, जिससे अग्रिम बिक्री और री-स्टॉकिंग का चक्र तेज हुआ है। उपभोक्ता पक्ष से देखा जाए तो इस वर्ष डिजाइन और रंगों की विविधता, कम गर्मी उत्सर्जन, दीघार्यु एलईडी बीड्स और सुरक्षित एडेप्टर/यूएसबी पावर्ड स्ट्रिंग्स पर विशेष ध्यान है। गृह सज्जा के साथ बच्चों की सहभागिता और सोशल-मीडिया प्रेरित थीम्ड डेकोर-वॉर्म व्हाइट, फेयरी-लुक, और दीया-मोटिफ-की लोकप्रियता ने भी मांग को प्रोत्साहित किया है। कई स्टॉल संचालक ह्वलोकल फॉर वोकलह्व के अंतर्गत देसी विनिर्माण का संदेश देकर बिक्री बढ़ा रहे हैं।

## 'वोट चोरी' के खिलाफ दिल्ली कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

नई दिल्ली। भाजपा पर 'वोट चोरी' के आरोपों के विरोध में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देश पर नई दिल्ली जिला और महरौली जिला कांग्रेस कमेटियों ने हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने भागीदारी दर्ज कराई। अभियान का उद्देश्य मताधिकार की रक्षा को जनांदोलन का रूप देना और कथित चुनावी अनियमितताओं के खिलाफ जनसमर्थन जुटाना रहा। नई दिल्ली जिले में जमरुदपुर पर हुए हस्ताक्षर अभियान का संचालन जिला अध्यक्ष विरेंद्र कसाना ने किया, जबकि महरौली जिले में मसूदपुर पर जिला अध्यक्ष राजेश चौहान की अगुवाई में अभियान चला। दोनों स्थानों पर कार्यकताओं ने बाजारों और आवासीय क्षेत्रों में जनसंपर्क करते हुए हस्ताक्षर जुटाए तथा लोगों को मताधिकार की संवैधानिक महत्ता और चुनावी पारदर्शिता के मुद्दों पर जागरूक किया। नई दिल्ली जिला कार्यक्रम में लोकसभा प्रेक्षक अधिवक्ता सुनील कुमार, जिला प्रेक्षक गौरी शंकर शर्मा, बेनीराम, गरवित सिंघवी, नीतू सेहरावत, देशराज, नीतू वर्मा, विशेष टांक, मास्टर रतिराम और विजय बहोत मौजूद रहे। महरौली जिले के कार्यक्रम में पूर्व विधायक विजय लोचक, कर्नल देविंदर सहरावत, विधायक प्रत्याशी राजेंद्र तंवर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह, मांगे राम सोलंकी, पूर्व उप महापौर परवीन राणा, पर्यवेक्षक रोहताश बसोया, बालकिशन बाली, प्रदेश जिला महिला अध्यक्ष संतोष मलिक, पूर्व पार्षद अनिता चौधरी और मीर सिंह सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए।

## बी.एन सिंह को सेवानिवृत्त पर दी बधाई





नोएडा। पूर्व जिलाधिकारी ब्रजेश नारायण सिंह को सचिव सामान्य प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार से सेवानिवृत्त होने पर आज नौएडा गौतम बुद्ध नगर के गणमान्य क्षेत्रवासियों ने सौहरखा हरित उपवन में इस विशेष अवसर पर बी.एन सिंह को सेवानिवृत्त की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी सेवानिवृत्ति के इस महत्वपूर्ण क्षण में, हम आपके अथक प्रयासों और अतुलनीय योगदान को याद करते हैं। आपने अपने कार्यकाल में जिस लगन और दूरदर्शिता से हमारे क्षेत्र की प्रगति और खुशहाली के लिए काम किया, वह हम सभी के लिए एक प्रेरणा है। आपके नेतृत्व में, नौएडा गौतम बुद्ध नगर ने विकास की नई ऊँचाइयों को छुआ। आपके द्वारा किए गए कार्य न केवल हमारे जीवन को बेहतर बना रहे हैं, बल्कि भविष्य के लिए एक मजबूत नींव भी रख रहे हैं। आपका मार्गदर्शन और जन कल्याण के प्रति आपकी प्रतिबद्धता हमेशा हमारे दिलों में रहेगी। हम इस अवसर पर आपको सम्मानित करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस मौके पर इन्द्र सिंह यादव, एम पी यादव इटैडा, नब्बू यादव, विक्रांत तोंगड़, अनिल भाटी,डॉ राहुल वर्मा,पहलवान बबीता नगर, पूर्व खेल अधिकारी अनीता नगर, सीताराम यादव, इंद्रजीत पहलवान, डीपी चौहान, मनोज चौहान, उदल आर्य,जयवीर प्रधान, अनूप राज सिंह, हरेंद्र प्रधान, सुंदर यादव, अजय यादव, पूर्व प्रधानाचार्य जयपाल यादव, देवदत्त शर्मा,गिरीश राघव, गरिमा त्रिपाठी, परिवर्तन, जय यादव, रामवीर तंवर, राजेश पहलवान, जतन पहलवान,बब्लु शर्मा, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एमएससी और एम.फिल लुटेरे गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दिल्ली विश्वविद्यालय से एमएससी और एम.फिल पास एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। आरोपित डीयू



के किरोड़ीमल कॉलेज का छात्र रहा है। उसने कॉलेज से बीएससी ऑनर्स किया हुआ है। पकड़े गए आरोपित की पहचान हरिनगर, सोहना, गुरुग्राम, हरियाणा निवासी दीप शुभम (32) के रूप में हुई है। वर्ष 2017 में आरोपित ने अकेले ही सीतामढ़ी बिहार में बैंक ऑफ इंडिया पर धावा बोलकर वहां से कैश लूट लिया था। लूटपाट के दौरान आरोपित ने रसायन विज्ञान का इस्तेमाल करते हुए पटाखों के साथ कोई केमिकल मिलाकर धुएं वाला बम तैयार किया। उसकी मदद से वारदात को अंजाम दिया गया। इस मामले में आरोपित को सजा हो गई थी। आरोपित जमानत लेकर दिल्ली आ गया और कभी कोर्ट का रुख नहीं किया। दिल्ली आने के बाद वर्ष 2021 में आरोपी ने अलग-अलग दो ज्वेलर को निशाना बनाकर लूटपाट की। मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। बाद में वह जमानत पर बाहर आ गया। यहां भी उसने कभी कोर्ट का रुख नहीं किया। अदालत ने इसे भगोड़ा घोषित कर रखा था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि नौ अक्टूबर को उनकी टीम को सूचना मिली थी कि मॉडल टाउन इलाके में दो ज्वेलर के यहां हुई लूट के मामले में फरार बदमाश हरिनगर, सोहना, गुरुग्राम आने वाले है। सूचना मिलते ही एक टीम का गठन किया गया और आरोपित को दबोच लिया गया।

## राजमाता झंडेवाला मंदिर में 'सर्व पितृ मुक्ति महायज्ञ' संपन्न

नई दिल्ली। राजमाता झंडेवाला मंदिर, गोरख पार्क, शाहदरा में रविवार को 'सर्व पितृ मुक्ति महायज्ञ' का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन




देवोत्थान सेवा समिति (पंजीकृत) और राजमाता श्री झंडेवाला मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। यह महायज्ञ समिति की 25वीं सिल्वर जुबली अस्थि कलश विसर्जन यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस वर्ष की 3,129 हुतात्माओं सहित, पिछले 25 वर्षों में कुल 1,69,818 दिवंगत आत्माओं की मुक्ति और मोक्ष के लिए कामना की गई। मंदिर के पीठाधीश्वर महंत राजेश्वरानंद जी महाराज के सान्निध्य में मंदिर प्रांगण में यह विशेष अनुष्ठान संपन्न हुआ। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रोहित शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना और यज्ञ करवाया। समिति के अध्यक्ष अनिल नरेंद्र और महामंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में 15 सदस्यीय दल ने यज्ञ में आहुति देकर समस्त पितृदेवों के मोक्ष की कामना की। कार्यक्रम के बाद, मंदिर के प्रबंधक राम वोहरा ने प्रसाद वितरित कर विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर स्वामी राजेश्वरानंद जी महाराज ने पितृदेवों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कार्तिक माह में पितृदेवों का पूजन, हवन, यज्ञ और तर्पण का विशेष महत्व होता है। उन्होंने बताया कि जो परिवार तीज-त्योहारों पर अपने पितृदेवों को याद कर हर्षोल्लास से त्यौहार मनाते हैं, वहाँ उनके पूर्वज भी उपस्थित होकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करते हैं। महाराज श्री ने यज्ञ में आए सभी आगंतुकों को कार्तिक माह में विशेष पूजनीय तुलसी माता का पौधा भी वितरित किया।

### गणमान्यजन रहे उपस्थित

इस विशेष धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में योगेन्द्र सिंह मान, गोपाल वर्मा, पंकज कुमार, निर्जला मान, इंदु शर्मा, सुनयना सिंह, अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ब्राह्मण पेशवा पंडित राधेश्याम शर्मा जमादग्नि, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पवन वशिष्ठ, मशहूर यूट्यूबर कृष्ण अवतार शर्मा, दशा परिवर्तन समिति के प्रमुख विजय सक्सेना, नमन शर्मा, समय वर्मा, मयंक राठौड़, प्रिंस, धर्मेंद्र भदौरिया, मुकेश मधुर, और सुरेन्द्र यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

P-04:28 paga09_jhn.qxd 10/12/2025 8:14 PM Page 1



# सरहोल गांव में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में दिखाई गई स्वच्छता शपथ

● गांव में नगर निगम गुरुग्राम ने किया विशेष स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के अंतर्गत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा रविवार को सेक्टर-18 सरहोल गांव में विशेष स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के महत्व से जोड़ना और प्लास्टिक मुक्त शहर के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में नगर निगम गुरुग्राम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुलदीप हिन्दुस्तानी एवं बुलंद आवाज वेलफेयर सोसाइटी की उपाध्यक्षा प्रियंका यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। दोनों अतिथियों ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाई और सभी को अपने आस-पास सफाई बनाए रखने, कचरे का सही निपटान करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई। कुलदीप हिन्दुस्तानी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने आस-पास की सफाई का ध्यान रखे तो हमारा गुरुग्राम पूरे देश के लिए एक मिसाल बन सकता है। प्रियंका यादव ने बच्चों और महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि घर और समाज दोनों की सफाई में महिलाओं और बच्चों की भागीदारी अहम है।

उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान और उसके विकल्पों के बारे में भी जानकारी दी। स्थानीय निवासियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढकर हिस्सा लिया और स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों ने बताया कि शहर के विभिन्न वार्डों और क्षेत्रों में इस प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर गुरुग्राम का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

# गांव औरंगाबाद में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा और द्वार का हुआ अनावरण



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** रविवार को पलवल जिला के गांव औरंगाबाद में भारत की वीरता, स्वाभिमान और संस्कृति के प्रतीक महान सम्राट वीर शिरोमणी महाराजा पृथ्वीराज चौहान की अष्टधातु प्रतिमा एवं द्वार का अनावरण किया। इस उपलक्ष्य में गांव में 52 पाल कथा एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया भी किया गया, जिसमें हरियाणा सरकार में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले तथा प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री राजेश नागर, हरियाणा सरकार में खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, उत्तर प्रदेश सरकार में गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत करते हुए भगवान का आशीर्वाद लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।हरियाणा सरकार में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा भेजे गए संदेश को पढ़कर सुनाया और आयोजन समिति को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस भंडारे में केवल भोजन नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और अपनापन परोसा गया। प्रसाद वितरण की व्यवस्था पूरी तरह अनुशासित और सुसंगठित रही।हरियाणा सरकार में खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि आज के युग में ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मकता और आध्यात्मिकता का संदेश लेकर आते हैं। सेवा और सहयोग के माध्यम से ही मानवता का वास्तविक कल्याण संभव है। उन्होंने आयोजन समिति और ग्रामवासियों को इस प्रेरणादायक आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने समाज में सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने पर भी बल दिया।उत्तर प्रदेश सरकार में गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि ऐसे धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने का माध्यम बनते हैं और आने वाली पीढ़ियों को संस्कारों से परिचित कराते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को इस प्रेरणादायी प्रयास के लिए बधाई दी और समाज में ऐसे आयोजन निरंतर करने का आह्वान किया।कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रोच्चारण और हवन यज्ञ के साथ हुआ, जिसके पश्चात भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम आयोजन समिति ने आए हुए सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया तथा समाज में इसी प्रकार प्रेम, एकता और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।इस अवसर पर 52 पाल के अध्यक्ष अरुण जेलदार, जय नारायण चौहान पाल पंच, जिला अध्यक्ष विपिन बैसला, उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ भी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने एमसी हथीन में किया लगभग 12 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल, सुखदेव तोवतिया।** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रविवार को नगर पालिका अधीन लगभग 12 करोड़ 21 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यक्रम निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह विकास कार्य जनभागीदारी और पारदर्शिता की मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और हरियाणा प्रदेश अभूतपूर्व विकास के मार्ग पर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की हर नीति का लक्ष्य आमजन का उत्थान है और अंत्योदय व जनसेवा ही सरकार के विकास का मूल मंत्र है।

**जनकल्याण के कार्य हैं सरकार की पहचान : कृष्णपाल गुर्जर**

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारना है ताकि हर नागरिक तक विकास का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों में नई ऊर्जा का संचार कर रहा है जिससे किसान, मजदूर और आम नागरिक आत्मनिर्भर बन रहे हैं। जनकल्याण के कार्य ही सरकार की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवा के संकल्प के साथ कार्यरत सरकार ने अपने वचनों को कर्म से सिद्ध किया है। सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, यही उसकी कार्य संस्कृति और जनता के प्रति जवाबदेही और समर्पण का परिचायक है। विकास की हर योजना, जनकल्याण के हर निर्णय और सेवा की हर पहल इस बात का प्रमाण है कि सरकार केवल वादे नहीं करती, बल्कि उन्हें धरातल पर साकार भी करती है।

**पलवल वासियों को जल्द मिलेगी मेट्रो की सुविधा : कृष्णपाल गुर्जर**

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 11 वर्षों में नई-नई योजनाएं लाकर और अपने संकल्पों को पूरा कर प्रदेश की जनता को खुशहाल करने का काम किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का ध्येय अंत्योदय का उत्थान करना है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द बल्लभगढ़ से पलवल तक भी मेट्रो रेल का काम भी शुरू होने वाला है, जिससे पलवल के लोगों को सफर में सुविधा मिलेगी। इससे पलवल के यात्रियों का दिल्ली, गुरुग्राम और फरीदाबाद आना-जाना आसान हो जाएगा। कार्यक्रम में पहुंचने पर लोगों ने केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके साथ संवाद किया। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार, पूर्व विधायक केहर सिंह रावत, पूर्व विधायक प्रवीण डागर, नगर परिषद पलवल के चेयरमैन यशपाल, एसडीएम बलिना, हथीन नगर पालिका की चेयरपर्सन रेनू लता, रश्मि सहरावत, भगत सिंह घुघेरा, लेखराज सहरावत, योगेंद्र सहरावत सहित आस-पास के गांवों के पंच सरपंच, हथीन नगर पालिका के पार्षद व अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पंकज गर्ग बने हरियाणा ओलिंपिक संघ के 27वें स्टेट ओलिंपिक गेम्स की आयोजन कमेटी के सदस्य



**उत्तम भारत संवाददाता, पुन्हाना, ललित कुमार गर्ग।** हरियाणा ओलिंपिक संघ द्वारा आगामी 27वें स्टेट ओलिंपिक गेम्स के लिए आयोजन कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी की अध्यक्षता फरीदाबाद के उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह करेंगे।हरियाणा ओलिंपिक संघ के महासचिव एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह खेल आयोजन 2 नवंबर से गुरुग्राम में आरंभ होगा। आयोजन समिति में डीसी विक्रम सिंह के साथ जिला खेल अधिकारी आशा गहलावत, कुमारी सुरेखा, फरीदाबाद के युवा समाजसेवी व उद्यमी पंकज गर्ग, भाजपा नेता डॉ. बलदेव अलावलपुर तथा रोहित पुंडीर को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।पंकज गर्ग मूल रूप से पुनहाना उपमंडल के पिनगवां कस्बे के निवासी हैं। वर्तमान में वे फरीदाबाद में कई व्यापारिक संस्थान संचालित करते हैं। उन्हें इस राज्यस्तरीय आयोजन की जिम्मेदारी मिलने पर पुनहाना व पिनगवां क्षेत्र के मौजीज लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। क्षेत्रवासियों ने प्रदेश सरकार, पार्टी पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए पंकज गर्ग को बधाई दी है। इस अवसर पर पंकज गर्ग ने कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उन्हें इतने बड़े राज्यस्तरीय आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास की भावना का विकास होता है।

# भूपेंद्र सिंह हुड्डा पहुंचे सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा और द्वार अनावरण कार्यक्रम में



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** पलवल के औरंगाबाद गांव में स्वाभिमान और शौर्य के प्रतीक सम्राट वीर शिरोमणि महाराजा पृथ्वीराज चौहान की अष्टधातु प्रतिमा और द्वार के अनावरण के लिए 52 पालों द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मुख्य अतिथि के रूप मेंशिरकत की, और महाराजा पृथ्वीराज चौहान को नमन करते हुए, उनके शौर्य व देशभक्ति पर अपने विचार रखे। हुड्डा ने सम्राट पृथ्वीराज को "स्वाभिमान का सूरज" बताते हुए कहा कि उनकी वीरता आज भी युवाओं को प्रेरित करती है। सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने तराइन के प्रथम युद्ध में मुहम्मद गोरी को परास्त कर अपने शौर्य का परचम लहराया। वो छह भाषाओं के विद्वान, रणनीति के कुशल और भारतीय मूल्यों के ध्वजवाहक थे।'पृथ्वीराज रासो' में उनकी वीरता और प्रेम की गाथा आज भी हर हिंदुस्तानी को गौरवान्वित करती है। विदेशी आक्रमणों के खिलाफ अटल खड़े होकर उन्होंने देश के गौरव को अमर बनाया। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पलवल और 52 पालों के भाईचारे की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने कार्यक्रम में हजारों की तादाद में मौजूद तमाम लोगों और आयोजकों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। साथ ही कहा कि अपने महापुरुषों को स्मरण करने की यह परंपरा बेहद आवश्यक है, ताकि आने वाली तमाम पीढ़ियों को भी पृथ्वीराज जैसे महान शासकों के प्रेरणा मिलती रही। इस मौके वा उनके साथ में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, पूर्व मंत्री करण दलाल, पृथला के विधायक रघुवीर तेवतिया, हथीन विधायक मो.इजराइल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नेत्रपाल अधाना, प्रदेश प्रवक्ता तरूण तेवतिया, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नितिश कटारिया, प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड, तिगांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रोहित नागर आदि के साथ आयोजक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समाचार

# इंडियन वैटर्न्स ऑगेर्नाइजेशन पलवल ने दीपावली मिलन समारोह में उठाई मांगें

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** इंडियन वैटर्न्स ऑगेर्नाइजेशन पलवल की बैठक एवं दीपावली मिलन समारोह रविवार को मैथिल ब्राह्मण धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में काफी संख्या में पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रनवीर सिंह अत्री ने की। संचालन कैप्टन अशोक तलवार ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रहित सर्वोपरि का नारा लगाकर जिला अध्यक्ष ने बैठक में सम्मिलित होने वाले सभी पूर्व सैनिकों का स्वागत किया एवं मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। बैठक में महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की गई। पूर्व सैनिकों ने मांग की कि नवंबर महीने में अपना जीवन प्रमाण पत्र भेज दे, ताकि पेंशन मिलने में कोई रुकावट पैदा न हो। सैन्य जीवन से सेवानिवृत्ति एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसके लिए अच्छी योजना की आवश्यकता होती है। पूर्व सैनिकों को किसी भी समस्या से बचने के लिए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके कागजी कार्य सही हों। बैठक में सूबेदार मेजर अमरचंद तंवर, सूबेदार मेजर पूरन सिंह, सूबेदार मेजर हुकम सिंह तेवतिया, रिसालदार बलराम, हवलदार प्रेमपाल सिंह, हवलदार रामवीर प्रसाद शर्मा, नायब सूबेदार विजयपाल जाखड़, सूबेदार जगदीश सिंह, हवलदार रामवीर शर्मा, सूबेदार कृष्णकांत शर्मा, हवलदार धर्मवीर, हवलदार महेश चंद्र मालन, हवलदार अनिल कुमार प्रजापति व हवलदार चंद्रपाल ने भाग लिया।



# नूंह में महाराजा अग्रसेन जयंती पर कवि सम्मेलन एवं परिवार मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** पटेल वाटिका नूंह में अग्रवाल समाज के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन एवं परिवार मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नूंह जिले के साथ-साथ फिरोजपुर झिरका, पुनहाना, तावडू, नगीना, पलवल, सोहना सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग पहुंचे। समाज के सभी गणमान्य व्यक्तियों का मंच पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद मंच से कवियों ने अपनी रचनाओं और काव्य पाठ से समाज को एकता, सहयोग और संस्कारों का संदेश दिया। कार्यक्रम में हास्य, व्यंग्य और राष्ट्रप्रेम से भरपूर कविताओं ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज द्वारा शुरू किए गए एक रुपया एक ईंट अभियान को भी मंच से प्रोत्साहित किया गया। समाज के लोगों ने इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया और समाज की एकता तथा विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। परिवार मिलन समारोह में सभी उपस्थित लोगों ने आपसी मेलजोल को बढ़ाने, युवाओं को समाज की परंपराओं से जोड़ने और सामूहिक प्रगति के लिए एक साथ कदम बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया और महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में रूपराम गर्ग (प्रधान),नरेंद्र पटेल,जीतेन्द्र सिंगला,मनोज मंगला,संदीप गर्ग (बॉबी),मनोज गर्ग (टीनू),हेमन्त गर्ग,धीरज गुप्ता,परवीन गर्ग,गुलशन जैन,सुनील गर्ग ,लाला कपडे वाले, विष्णु सिंगला,नीरज सिंगला, कमल गोयल, पंकज सिंगला, कमल बंसल, बाबा केसर आढ़ती ,गिर्राज सिंगला हलवाई,विपिन जैन एडवोकेट ,सचिन जैन ,सचिन सिंगला,महेंद्र गोयल आढ़ती ,नरेंद्र गर्ग आढ़ती, सुशील जैन सहित अग्रवाल समाज के कनमणि लोग मौजूद रहे।



# नूंह शहर के कुरैशी कब्रिस्तान में पानी भरने से मैय्यत को दफनाने की जगह नहीं, समाज में रोष

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** नूंह शहर के वार्ड एक के कब्रिस्तान में जलभराव के कारण लोगों को कब्र खोदते समय परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कब्रिस्तान में पानी भरने से लोगों को पानी में से होकर ही मय्यत को लेकर निकलना पड़ रहा है। जिसकी निकासी के लिए को समाधान नहीं कराया गया है। जलभराव के कारण कब्रिस्तान में कब्र खोदने के लिए जगह नहीं है। लेकिन जिम्मेदारों का इस समस्या के समाधान की ओर ध्यान ही नहीं है। जिसके चलते लोग स्थानीय नेता और जिला प्रशासन को कोसने पर मजबूर हैं। शनिवार को जैतून नाम की एक महिला की मौत हो गई। जिसके बाद जलभराव से ही लोगों को मय्यत लेकर निकलना पड़ा। जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। लोगों का कहना है कि कब्रिस्तान में बरसात का पानी पिछले दो महीने से भरा हुआ है। जिसे निकलवाने के लिए आज तक कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। मजबूरी में लोगों को कब्रिस्तान में आते-जाते समय पानी में से होकर ही निकलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या पिछले लंबे समय से हर वर्ष आती है जिसका आज तक स्थाई समाधान नहीं किया गया है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन से कब्रिस्तान में भरे हुए पानी की निकासी की मांग की है। नूंह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने जानकारी देते हुए कहा कि अधिकारियों को बोला गया है। पंपसेट को चालू कराया जा रहा है। पानी की निकासी कराई जाएगी। कब्रिस्तान में मिट्टी के भरत का खर्चा मेरी तरफ से उठाया जाएगा। जितना भी खर्च होगा।

# सौरव वर्मा को मिला जिला मीडिया प्रमुख का दायित्व



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** रेलवे रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में सहकार भारती हरियाणा के जिला सम्मेलन का आयोजन बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन विस्तार और सहकारिता की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई।इस अवसर पर सौरव वर्मा को सहकार भारती पलवल का जिला मीडिया प्रमुख नियुक्त किया गया।उनके दायित्व ग्रहण करते ही कार्यकताओं में उत्साह का वातावरण दिखाई दिया।प्रांत मीडिया प्रमुख विष्णु चौहान ने कहा कि सहकारिता संस्कार की जननी है। संस्कारित समाज ही सहयोग और विश्वास की सच्ची मिसाल बन सकता है। सहकार भारती का उद्देश्य ऐसे ही समाज का निर्माण करना है जो संवाद, विश्वास और सहयोग के सूत्रों से जुड़ा हो।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजबीर गोदारा ने कहा कि संस्कारों से ही सहकारिता की शुरूआत होती है; जहां संस्कार नहीं, वहां सहयोग टिक नहीं सकता।प्रांत टोली से अनुपम कुमार, राजेश मंगला, संदीप सक्सेना और ब्रह्म प्रकाश ने भी संगठनात्मक विकास पर अपने विचार रखे।अंत में मोहित पाठक ने सभी अतिथियों और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में खुशहेंद्र कुमार, नरेंद्र, नरेश गोयल, रवि कुमार, प्रदीप कुमार, शिवराम, विशाल, सौरव भारद्वाज, रजनी, प्रताप डगर, करण सिंह, ओम प्रकाश, रामफल, शशि, शिवराज सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन ने महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह की तैयारियों हेतु ली कार्यकर्ता बैठक

● सैकड़ों लोगों ने कार्यकर्ता बैठक में शामिल होकर वाल्मीकि समारोह में हजारों की संख्या में शिरकत होने का दिया आश्वासन

● आगामी 14 अक्तूबर को मुख्यमंत्री की नूंह रैली व 17 अक्तूबर को सोनीपत में प्रधानमंत्री की रैली में मेवात क्षेत्र से पहुंचेंगे हजारों लोग।



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, अनिल मोहनियां।** रविवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन ने नूंह निवास पर कार्यकताओं की बैठक बुलाकर आगामी 14 अक्तूबर को अनाज मंडी नूंह में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह व आगामी 17अक्तूबर को सोनीपत में होने वाली यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन विकास जन विश्वास रैली के लिए निमंत्रण दिया और कार्यकताओं को भारी संख्या में शामिल होने के लिए अलग अलग ड्यूटियां भी लगाई।

चौधरी जाकिर हुसैन ने कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि जिले में पहली बार महर्षि वाल्मीकि जयंती राज्य स्तरीय समारोह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी करेंगे। इतना बड़ा कार्यक्रम नूंह जिले में आयोजित करना, ये यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मेवात क्षेत्र से विशेष लगाव व प्रेम को दशार्ता है। आगामी 17 अक्तूबर को सोनीपत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली जन विकास जन विश्वास रैली में भी हजारों मेवाती शामिल होंगे।

जाकिर हुसैन ने कार्यकताओं से अपील की कि 14 अक्तूबर को नूंह अनाज मंडी में मंडी भरने का काम करें और महर्षि वाल्मीकि को खिराज ए अकीदत पेश करें।

कार्यकर्ता बैठक में मास्टर बालू सिंह, मार्किट कमेटी के उपाध्यक्ष थान सिंह, मंडल अध्यक्ष समय चंद, मास्टर सुभाष, डॉ दीपक, डॉ साहिल, मुंशी मेवली आदि वरिष्ठ लोगों ने कार्यकर्ता बैठक में पहुंचे प्रमुख लोगों से महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में शामिल होने की अपील की।

बैठक में पधारे सैकड़ों लोगों ने हाथ उठाकर आश्वस्त किया कि 14 अक्तूबर को अनाज मंडी लोगों से पूरी तरह खचाखच भरी रहेगी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विचार सुनेंगे।

बैठक से पूर्व कार्यकताओं ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन का बैठक में पहुंचने पर फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यकताओं ने कहा कि चौधरी जाकिर हुसैन पार्टी द्वारा मुंबई में लगाई गई ड्यूटी को निभाकर कई दिनों बाद नूंह पहुंचे हैं।

इस अवसर पर डॉक्टर हनीफ सरपंच, अल्ली प्रधान अड़बर, जमालु सरपंच, नसरू सरपंच, इसराइल , जमील सरपंच , हाजी शौकत, मुंशी मेवली, अरशद सरपंच, जाकिर भड़ंगका, अमर सिंह सरपंच, अय्यूब रोजकमेव, वाहिद सरपंच , जुनेद पार्षद, हासम, खल्ली बीबीपुर, लियाकत बीबीपुर, वकील टरकपुर, अल्ली सुड़ाका, अदम सरपंच, तौफीक, जाकिर सलांबा, जुम्मा चांदनी आदि के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 14 अक्टूबर को नूंह में मनाई जाएगी महर्षि वाल्मीकि जयंती, मुख्यमंत्री नायब सैनी की उपस्थिति में होगा कार्यक्रम



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** नूंह जिले में 14 अक्टूबर को मुख्यमंत्री नायब सैनी महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी कार्यक्रम का न्योता देने के लिए होडल के पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश नायर रविवार को झिर कमल नूंह, फिरोजपुर झिरका , पुनहाना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आइपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की मौत मामले में निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

पूर्व विधायक नायर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी गरीब, किसान, मजदूर और हर वर्ग के हित में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछले 11 वर्षों में भाजपा सरकार ने अभूतपूर्व विकास किया है, जिसे प्रदेश की जनता स्वर्णिम युग के रूप में देख रही है। नायर ने बताया कि प्रदेश की सड़कें, शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली-पानी की सुविधाएं पहले से कहीं अधिक सशक्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बुढ़ापा पेंशन 1000 रुपये से बढ़ाकर 3500 रुपये कर दी है, जिससे हर गांव में ताऊ-ताई मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद दे रहे हैं। साथ ही प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े हैं और महिलाओं के लिए सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता दी गई है।

नायर ने कहा कि मुख्यमंत्री का 14 अक्टूबर को नूंह में आगमन ऐतिहासिक रहेगा। महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रदेश में समान विकास और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बनकर उभरे हैं। भाजपा सरकार का लक्ष्य हर वर्ग को मुख्यधारा में लाना और हरियाणा को देश का अग्रणी राज्य बनाना है। इस अवसर पर जिला महामंत्री रमेश मनुवास ,हेमराज शर्मा महामंत्री,भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सपना, अरशद सरपंच अल्पसंख्यक सदस्य मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, गोपाल माथुर भाजपा कार्यालय सचिव, जिला उपाध्यक्ष गंगा दान डागर ,वाल्मीकि समाज के सामाजिक कार्यकर्ता बालू सिंह, कृष्णा प्रधान, मोहम्मद जैद ,वाजिद ,सतीश कुमार ,आमिर खान व वाल्मीकि समाज सहित अन्य भारतीय जनता पार्टी के पद अधिकारी मौजूद रहे।

# आभा फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम सम्पन्न




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** आभा फाउंडेशन द्वारा 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित निश्शुल्क चतुर्थ नेत्र चिकित्सा शिविर के अंतर्गत आज लगभग 1400 चश्मों का वितरण किया गया। यह चश्मे उन लाभार्थियों को दिए गए जिनकी आंखों की जांच 05 अक्टूबर 2025 को लगाए गए शिविर में की गई थी।

चश्मा प्राप्त करने के बाद लाभार्थियों ने आभा फाउंडेशन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया और चश्मों की गुणवत्ता की सराहना की।

फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिससे ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों को आंखों की जांच और उपचार की सुविधा निशुल्क प्राप्त हो सके।

आभा फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है ताकि कोई भी व्यक्ति आर्थिक तंगी के कारण उपचार से वंचित न रहे।

# भाकियू अराजनैतिक द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे के किया जागरूक





**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे के लिए क्षेत्र के गांव की जनता को जागरूक किया ।

इसी को लेकर तहसील के ग्राम पिपली में गंगा एक्सप्रेसवे के लिए गांव की जनता को जागरूक किया ।

गांव के डाकघर में गांव वासियों द्वारा प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नाम पोस्टकार्ड भेजे गए गंगा एक्सप्रेसवे के लिए । और सरकार से किसानों के मूल्य वृद्धि को लेकर भी मांग की गई ।

गंगा एक्सप्रेसवे की समर्थन में ब्लॉक जलीलपुर अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मीडिया प्रभारी रोहित कुमार सचिन अहलावत मोनू अहलावत शैलेंद्र चिकारा विकास तोमर दिव्यांश तोमर संचित तोमर डॉ राकेश शर्मा वश तोमर सुरेश कुमार नीरज यादव यूनियन के कार्यकर्ता व समस्त ग्रामवासी उपस्थित करें ।

# मण्डलीय विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों का मॉडल प्रथम स्थान पर चयनित




**चांदपुर।** मण्डलीय विज्ञान प्रदर्शनी में हिंदू इंटर कॉलेज के छात्र हेमंत कुमार एवं प्रीत भटनागर द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जबकि गत सप्ताह जनपद स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में इस मॉडल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ था।

मण्डलीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन चित्रगुप्त इंटर कॉलेज इंटर कॉलेज मुरादाबाद में शनिवार को संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय के छात्र हेमंत कुमार एवं प्रीत भटनागर द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडल रोड ओवरलोडिंग कंट्रोलिंग इंस्ट्रूमेंट को सीनियर वर्ग में मण्डल में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। आयोजक मंडल द्वारा इन बाल वैज्ञानिकों को ज़4000 की नगद धनराशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। बाल वैज्ञानिको द्वारा यह विज्ञान मॉडल अब प्रदेश स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा। विद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन एवं विज्ञान शिक्षकों नरपाल सिंह, अनिल कुमार, कुमार सामर्थ के मार्गदर्शन में बाल वैज्ञानिकों ने उक्त विज्ञान मॉडल् प्रस्तुत किया तथा निर्णायक मंडल के प्रश्नों का उत्तर बहुत ही बुद्धिमता पूर्वक दिया।

बाल वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंजीनियर अरविंद कुमार मित्तल, प्रबंधक इंजीनियर प्रभाष चंद्र मित्तल, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह त्यागी एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने इन मेधावी बाल वैज्ञानिकों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# धर्मांतरण हिंदू समाज के लिए अभिशाप, इसे रोकने को आगे आए पूज्य युवा संत : दिनेश

**प्रयागराज।** धर्मांतरण हिंदू समाज के लिए अभिशाप है इसके लिए व्यापक जागरण और समाज का प्रबोधन हो, इसमें पूज्य युवा संतों की अहम भूमिका होगी, संतों को आगे आकर धर्मांतरण को रोकना होगा, गोपालन के लिए समाज को प्रेरित करना होगा। यह बात रविवार को प्रयागराज के झूंसी स्थित कैलाश आश्रम में आयोजित विश्व हिन्दू परिषद लखनऊ क्षेत्र द्वारा आयोजित संत चिंतन शिविर में संतों को संबोधित करते हुए विहिप के केन्द्रीय संरक्षक दिनेश ने कही।

उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को विखंडित करने वाली शक्तियां आज सक्रिय हैं मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से स्वाधीन किया जाना हिंदू समाज की आवश्यकता है। विभाजनकारी मानसिकता को पहचानने का कार्य पूज्य संतों को करना है, तोड़ने वाली शक्तियों को पहचान कर ऐसे भेदभाव वाले विषयों को समाज से दूर कर आज के समक्ष हिंदू समाज के लिए बनी चुनौती विस्तारवादी चर्च, कट्टरपंथी इस्लाम, मार्क्सवाद, धर्मनिरपेच्छता वादी बाजारवाद सक्रिय हैं। विदेशी वित्त पोषित तथा कथित प्रगतिशील वादी धर्मांतरणकारी शक्तियां और भारत विरोधी वैश्विक समूह भी आज हिंदू समाज के लिए चुनौती बना हुआ है। इनका अंतिम लक्ष्य हिंदू समाज को तोड़ना है, भारत की जड़ों पर प्रहार करना है, धर्मांतरण हिंदू समाज के लिए अभिशाप है इसके लिए व्यापक जागरण और समाज का प्रबोधन हो, इसमें पूज्य युवा संतों की अहम भूमिका होगी, संतों को आगे आकर धर्मांतरण को रोकना होगा। गोपालन के लिए समाज को प्रेरित करना होगा, समाज एकजुट हो इसके लिए सामाजिक समरसता के भाव पर समाज का मार्गदर्शन करना होगा।

इन्हीं विषयों पर पूज्य संतों के विचार आमंत्रित हैं, समाज में हिंदू धर्म संस्कृति के प्रति आस्था बढ़ी है,और मान्यता परंपराओं का निर्वहन समाज बढ़-चढ़कर कर रहा है, इस देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हिंदू संस्कृति का प्रभाव बढ़ रहा है।

हिंदू संस्कृति ही एक ऐसी संस्कृति है जो पूरी दुनिया में सुख और शांति की कामना करती है, हिंदू समाज राष्ट्र के उत्थान के साथ शांति और समरसता की बात करता है, यह चिंतन शिविर सोमवार दोपहर 1ः00 बजे तक चलेगा। जिसमें प्रमुख रूप से आज विचार रखने वालों में पूज्य संत रामानुजाचार्य सुदर्शन आचार्य, रमन पुरी, अवधेश दास, लवकुश दास,कृष्णानंद,लाल बाबा सहित दर्जनों पूज्य संत चिंतन शिविर में शामिल विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संत संपर्क प्रमुख अशोक तिवारी,केंद्रीय सह मंत्री हरिशंकर, क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र, क्षेत्र धर्माचार्य संपर्क प्रमुख जितेंद्र ,प्रांत धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख आद्या शंकर, ओम आनंद, योगेश तिवारी, वीरेंद्र मणि, प्राणनाथ, धनंजय, भूपेंद्र प्रताप सिंह,अनिल शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# सपा नेताओं ने डॉ. राम मनोहर लोहिया को किया नमन

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में समाजवादी पार्टी कार्यालय ककोर एवं लोहिया पार्क बिधूना में प्रखर समाजवादी चिंतक, स्वतंत्रता सेनानी एवं महान विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि बड़े श्रद्धा भाव से मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने अपने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ लोहिया जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने कहा कि डॉ. लोहिया केवल एक विचारक ही नहीं बल्कि कर्मवीर थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज में समानता, न्याय और स्वराज की स्थापना के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने बताया कि लोहिया जी ने अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। उन्होंने याद दिलाया कि सन 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान डॉ. लोहिया ने गुप्त रेडियो स्टेशन चलाकर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जनता को जागरूक किया। वहीं 18 जून 1946 को गोवा मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व कर पुर्तगालियों के आधिपत्य से गोवा को आज़ाद कराने की पहल की। अंग्रेजी भाषा के वर्चस्व के विरोध में उन्होंने ÷अंग्रेजी हटाओ आंदोलन÷ चलाया और देश को आत्मनिर्भर शिक्षा प्रणाली अपनाने की प्रेरणा दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉ. लोहिया के दिखाए हुए समाजवाद और समानता के रास्ते पर नेताजी मुलायम सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी की स्थापना की, जो आज देश की तीसरी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।

लोहिया पार्क बिधूना में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रेखा वर्मा ने डॉ. लोहिया के संघर्षमय जीवन और नेताजी मुलायम सिंह यादव से जुड़े कई प्रेरक प्रसंग साझा किए। उन्होंने कहा कि लोहिया जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और उनकी सोच ही समाजवादी आंदोलन की आत्मा है।कार्यक्रम का समापन लोहिया जी के विचारों को जीवन में अपनाने और समाज में समानता, भाईचारा एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने के संकल्प के साथ हुआ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से बाबा रामनरेश, आछे लाल पाल, श्याम बाबू यादव, महेंद्र त्रिपाठी, राज नारायण बघेल, पूर्व चेयरमैन अरविंद पोरवाल, रानू पालीवाल, शिवनारायण बबलू, स्नेहलता दोहरे, भगवती निषाद, नृपेंद्र यादव, नवीन वर्मा, सत्या यादव, रामनरेश यादव, भरत खन्ना, कल्लू यादव, विश्राम सिंह, बलवान सिंह, आदिल खान, नन्हू यादव, योगेश विरासिया, राजवीर सिंह गुड्डू और अमित यादव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।

# सर्किट हाउस सभागार में मा0 संसदीय अध्ययन समिति के सभापति किरणपाल कश्यप की अध्यक्षता में हुई बैठक

*** जनप्रतिनिधियों के पत्रों का अधिकारी समय से लिखित में दें जवाब - सभापति**
*** नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध की जाए कड़ी कार्रवाई - किरणपाल कश्यप**
*** सभापति द्वारा जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के व्यवहार एवं कार्यों के प्रति सक्रियता की प्रशंसा की गयी**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की ÷मा0 संसदीय अध्ययन समिति÷ के सभापति किरण पाल कश्यप की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, नगर आयुक्त शिपू गिरि, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी द्वारा समिति के सभापति को ओडीओपी उत्पाद काष्ठ निर्मित वुड़न फ्लावर पोट एवं अंगवस्त्र भेंट किया गया। सभापति द्वारा ग्राम्य विकास, नगर विकास, सिंचाई, बेसिक शिक्षा, विकास, राजस्व, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खाद्य एवं रसद, गृह, ऊर्जा, आबकारी, सांस्कृतिक, पर्यटन, होमगार्ड, पर्यावरण, पंचायती राज, लोक निर्माण, डूडा, प्राविधिक एवं माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, व्यापार कर, गन्ना, ग्रामीण अभियन्त्रण, आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथ, चीनी, विद्युत सुरक्षा, कारागार, भूतत्व एवं खिनजकर्म, दुग्ध विकास, सहकारिता, समाज कल्याण, आयुष, पशुपालन विभाग से संबंधित जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों, जिला स्तर पर अनुमन्य प्रोटोकाल एवं सुविधा तथा सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली गयी। सभापति श्री कश्यप ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को समिति के उद्देश्यों की जानकारी देकर निर्देश दिए कि जनहित के कार्यो पर जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर समय से कार्यवाही करते हुए लिखित में जानकारी देने को कहा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी के उत्तरदायित्व निर्धारित है जिस पर सभी के द्वारा कार्य किया जाता है। सभी अधिकारी निर्धारित उत्तरदायित्वों को समय से पूर्ण करें। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि स्वच्छ पेयजल आपूर्ति हेतु पाईपलाइन बिछाने के लिए जो सड़कें तोडी गयी है उन्हें यथाशीघ्र रिस्टोर करना सुनिश्चित करें। उन्होने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि सिल्ट सफाई का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान पूर्ण संवेदनशीलता के साथ चलाया जाए। खाद्य एवं रसद विभाग सुनिश्चित करें कि सभी पात्रों को समय से और पूरा राशन मिले। आबकारी एवं पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। नई पीढी के उज्ज्वल भविष्य के लिए नशे से मुक्ति हेतु उन्हें संवेदीकृत किया जाए। गन्ना विभाग को निर्देश दिए कि किसानों का अवशेष गन्ना मूल्य का भुगतान यथाशीघ्र किया जाए। सहकारिता विभाग सुनिश्चित कराए कि किसानों को समय पर खाद की उपलब्धता रहे। पशुपालन विभाग सुनिश्चित कराए कि सड़कों पर छुट्टा पशु न घूमें एंव गोआश्रय स्थलों पर चारे-पानी की पर्याप्त व्यवस्था रहे। जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के व्यवहार एवं कार्यों के प्रति सक्रियता की प्रशंसा की। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने धन्यवाद देते हुए समिति को आश्वस्त कराया कि समिति के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होने सभापति महोदय द्वारा सभी अधिकारियों को बेहतर मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 प्रवीण कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण, उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार, अनुसचिव एवं समिति अधिकारी विनोद कुमार यादव, समीक्षा अधिकारी सौरभ दिक्षित, प्रतिवेदक अर्चित वाजपेयी, अपर निजी सचिव विकास यादव सहित संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत अभियान की भावना समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे- डॉ.मुनीश

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में कम्पनी बाग़ स्थित चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत टीचर्स महिला छात्रावास, फार्मर्स महिला छात्रावास व झलकारी बाई महिला छात्रावास में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्राओं ने श्रमदान करते हुए महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत अभियान की भावना को साकार किया। यह जानकारी रविवार को सीएसए विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने दी।

मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि टीचर्स व फार्मर्स छात्रावास की छात्रावास अधीक्षिका डॉ. एकता शर्मा, झलकारी बाई महिला छात्रावास की अधीक्षिका डॉ. अर्चना सिंह के नेतृत्व में छात्राओं द्वारा छात्रावास प्रांगण, परिसर एवं लॉन की व्यापक सफाई की गई। छात्राओं ने खरपतवार एवं गाजर घास को हटाते हुए परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

इस मौके पर अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉक्टर मुनीश कुमार ने छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए उन्होंने कहा कि छात्राओं को न केवल स्वयं स्वच्छता अपनानी चाहिए, बल्कि अपने आस-पास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि स्वच्छ भारत अभियान की भावना समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँच सके । यह स्वच्छता अभियान विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं स्वच्छता के प्रति सजगता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# सीता स्वयंवर में बरसे फूल, जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा विंध्याचल

*** ताड़का और सुबाहु वध के मंचन पर दर्शक हुए भावविभोर, पंडाल में उमड़ी भक्तों की भीड़**

मीरजापुर। श्री विंध्य प्राचीन रामलीला समिति की ओर से विंध्याचल स्थित मोतीझील मार्ग पर चल रही भव्य रामलीला के तीसरे दिन शनिवार की रात मंचन के दौरान सीता स्वयंवर, अहिल्या उद्धार, ताड़का और सुबाहु वध की लीलाओं ने दर्शकों को भक्तिभाव से सराबोर कर दिया। पंडाल में जहां फूलों की वर्षा हुई, वहीं श्रीराम के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

सांझ से ही लीला स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंच पर गुरु विश्वामित्र के साथ प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण के धनुष यज्ञ में पहुंचने, राजा जनक द्वारा प्रतिज्ञा की घोषणा और शिव धनुष भंजन का दृश्य अत्यंत मनोरम रहा। जैसे ही श्रीराम ने शिव धनुष तोड़ा, पंडाल ÷जय श्रीराम÷ के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। तत्पश्चात सीता ने श्रीराम के गले में वरमाला डालकर स्वयंवर की रस्म पूरी की, और मंच से फूलों की वर्षा होने लगी।

मुख्य अतिथि नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र ने प्रभु श्रीराम की आरती और पूजन-अर्चन किया। उन्होंने कहा कि ÷मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का चरित्र आदर्श और अनुकरणीय है, हमें उनके आदर्शों पर चलना चाहिए।÷

इस दौरान मंच पर कमल मिश्र ने श्रीराम, देवी दीक्षित ने लक्ष्मण, पूजा वर्मा ने सीता, आदर्श उपाध्याय ने गुरु विश्वामित्र, राजा ने ताड़का, अतुल ने सुबाहु, उत्सव पांडेय ने मारीच और रामेश्वर त्रिपाठी ने राजा जनक की भूमिका निभाई। मंच संचालन प्रशांत द्विवेदी ने किया।

कार्यक्रम के संयोजक कमल मिश्र रहे, जबकि संरक्षक प्रकाश चंद्र पांडेय, अध्यक्ष संगम लाल त्रिपाठी, मंत्री आदर्श उपाध्याय, निर्देशक राज गिरी, मीडिया प्रभारी संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

लीला का समापन सीता स्वयंवर के साथ हुआ, जहां जय श्रीराम के जयघोष और फूलों की बरसात के बीच भक्ति और आनंद का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही



*** थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा मन्दिर से मूर्ति चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक चोर गिरफ्तार, निशानदेही पर चोरी गयी मूर्ति की बरामद**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** वादी धर्मनाथ पुजारी पुत्र इतवारी नाथ निवासी ग्राम साल्हापुर थाना नकुड़ जिला सहारनपुर के द्वारा दाखिला तहरीर बाबत अज्ञात चोर द्वारा ग्राम साल्हापुर मे स्थित खेड़ा मंदिर से माता शेरावाली की संगमरमर की मूर्ति चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना नकुड पर मु0अ0सं0 343/25 धारा 305(घ) भा0न्या0सं0 पंजीकृत कराया गया था । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उक्त चोरी की घटना का शीघ्र अनवारण करने हेतु निर्देशित काय गया था । इसी क्रम में आज पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में मंदिर से मूर्ति चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक वांछित चोर/अभियुक्त अहसान पुत्र इनाम नि0 ग्राम खेडा अफगान थाना नकुड जिला सहारनपुर को गैस्ट हाऊस के पास नकुड फन्दपुरी रोड के पास से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त की निशानदेही पर ग्राम ककराला के जंगल मे एक आम के बाग से चोरी गयी माता की मूर्ति बरामद की गयी । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी ।

# शिक्षा और सहयोग से मजबूत होगा समाज : अनिल राजभर

*** महात्मा गांधी सम्मान समारोह में गूंजी एकता की आवाज**

**मीरजापुर।** पूर्वांचल साहू समाज समिति के तत्वावधान में रविवार को जमालपुर बाजार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी, बुद्धिजीवी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। वक्ताओं ने शिक्षा, राजनीति और सामाजिक सहयोग के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, गाजीपुर सदर से सपा विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री अनिल राजभर ने कहा कि ÷राष्ट्रपिता महात्मा गांधी किसी एक समाज या वर्ग के नहीं थे, बल्कि पूरे राष्ट्र के प्रतीक थे। उन्होंने सामाजिक न्याय और स्वराज के लिए जीवनभर संघर्ष किया और अंग्रेजों को देश छोड़ने पर मजबूर किया।÷ उन्होंने कहा कि साहू समाज के लोग शिक्षा और राजनीति में आगे बढ़कर समाज सुधार में योगदान दें, यही सच्ची राष्ट्रभक्ति होगी।

विधायक ने यह भी कहा कि किसी भी सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा और संस्कार का होना जरूरी है। उन्होंने चेताया कि धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों से समाज को सावधान रहना चाहिए।

कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि ने महात्मा गांधी सहित अन्य महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद विचार गोष्ठी में कई वक्ताओं ने समाज में एकता, सहयोग और प्रगति की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन आयोजक जितेंद्र गुप्ता ने किया। इस अवसर पर राजनरायन गुप्ता, कवि कैमि, रविशरण गुप्ता, लल्लन गुप्ता, राकेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, गोपाल गुप्ता, रतन गुप्ता, राणा प्रताप सिंह, दिनेश यादव, सोनू गुप्ता, माया देवी, बबलू गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# यू0पी0 ट्रेड शो-2025 मेले में लोगों ने की जमकर खरीददारी




**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** 09 से 18 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले यू0पी0 ट्रेड शो-2025 स्वदेशी मेले के आज तीसरे दिन स्वदेशी मेले में हस्तशिल्पियों/कारीगरों/उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किये जा रहे उत्पादों के विपणन एवं दीपावली महापर्व पर आम जनमानस की भारी भीड़ ने स्वदेशी वस्तुओं की खरीददारी कर जी0एस0टी0 उत्सव का लाभ घर-घर उठाया जा रहा है। मेले में घूमने आये परिवारों द्वारा आकर्षक सामानों की खरीददारी की जा रही है। मेले में प्रगतिशील उद्यमी रेजन आर्ट बाय आरजू के दीपावली डेकोरेटिव व कैंडल्स आइटम्स, श्रीमती पूनम यादव के दीपावली डेकोरेटिव आइटम्स तथा प्रकृति कुंज के आयुर्वेदिक औषधियां व शुद्ध शहद आदि के स्टॉल पर स्वदेशी उत्पादों की भारी बिक्री की जा रही है। मेले में हर व्यक्ति अपने घर एक स्वदेशी सामान जरूर खरीदकर हमारे हस्तशिल्पी/कारीगरों को आर्थिक अवसर प्रदान कर रहा है। मेले में लाखों की बिक्री से स्टॉलधारक उत्साहित है। एलबीडी डांस ग्रुप के कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति मेले में दी गयी। दस दिवसीय स्वदेशी मेले में जनपद सहारनपुर की ओ0डी0ओ0पी0 उत्पाद काष्ठकला एवं हौजरी उद्योग को ऋण उपलब्ध कराकर एम0एस0एम0ई0 विभाग द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का आयोजन कर बाजार भी उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि उत्पादों को वोकल फोर लोकल के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा सके। यू0पी0 ट्रेड शो-2025 स्वदेशी मेले में उद्योग विभाग की विभिन्न संचालित योजनाओं सी0एम0 युवा, ओ0डी0ओ0पी0, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पी0एम0ई0जी0पी0, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत तथा एम0एस0एम0ई0 उद्यमियों द्वारा आकर्षक उत्पादों के 50 विभिन्न स्टॉल लगाये गये हैं। जिन पर जनमानस की भीड दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में खरीददारी की जा रही है। मेले में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, माटीकला बोर्ड, हथरकघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, डूडा, यूपीनेडा विभाग, स्वयं सहायता समूहों व अन्य उत्पादकों के स्टॉल भी आकर्षण के केन्द्र है। स्वदेशी मेला में श्रीमती अंजू रानी, संयुक्त आयुक्त उद्योग, सचिन जैन, उपायुक्त उद्योग, डॉ. बनवारी लाल, सहायक आयुक्त उद्योग सहित आदि अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण सहयोग कर रहे हैं।

P-06:28 paga09_jhn.qxd 10/12/2025 6:56 PM Page 1



# सम्पादकीय

## दरकते पहाड़ बेकसूर मरते लोग, कसूरवार कौन: एक दुखांत ?

दरकते पहाड़ बेकसूर मरते लोग एक दुखांत है तबाही का कसूरवार कौन है यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है। बीते सालों 2018, 2022, 2023, 2024, में भूस्खलन से बहुत ही डरावनी तबाही हुई है। तबाहियों के जख्म अभी तक नहीं भर पाए हैं चार वर्षों से तबाही ही तबाही हो रही है। पहाड़ी से भूस्खलन होने के हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अभी बीतें हादसों की स्याही भी नहीं सूखी थी कि भल्लू पुल पर हुए दर्दनाक हादसे ने नई इबारत लिख दी है। 7 अक्तूबर 2025 मंगलवार का दिन अमंगल कर गया और गमगीन कर गया। एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए पल भर में पहाड़ काल बन गया और 18 यात्रियों की अनमोल जिंदगीयां लील गया केवल मात्र दो बच्चों समेत तीन लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। मंगलवार शाम को बिलासपुर जिला के बरठीं क्षेत्र के मलारी गांव के पास भल्लू पुल के पास यह दर्दनाक हादसा हुआ। चंद मिनंटों में यह त्रासदी हो गई। चीखो पुकार मच गई शवों के चिथडे बन गए प्राईवेट बस मरोतन से घुमारवीं जा रही थी निजि अभागी बस संतोषी पर भल्लू पुल के पास पहाड़ का मलवा गिरने से जिन्दा लोग मौत के आगोश में समा गए। मलवे से पूरी बस दब गई। यह कोई पहला हादसा नहीं है आंकडों के अनुसार 8 अगस्त 2025 को चंबा में एक कार पर पत्थर गिरने से छह लोगों की मौत हो गई थी। 17 अगस्त 2025 को सिरमौर में निगम की बस पर चटटान गिरने से बस चालक व कुछ लोगों को चोटें आई थी। 12 अगस्त को चंबा में भी एक निजि बस की छत पर चटटान गिरने से तीन बस यात्री घायल हो गए थे। 11 सितंबर 2025 को चंडीगढ़ मनाली मार्ग पर हरिद्वार जा रही बस पर पत्थर गिरने से एक बच्ची घायल हो गई थी। भूस्खलन व बरसात के कहर से प्रदेश में अब तक काफी लोग मारे जा चुके है12 अगस्त 2017 की रात को कोटरोपी में प्रकृति ने अपना रौद्र रुप दिखाकर ऐसी खौफनाक तबाही मचाई की रौगटे खडे हो गए। कोटरोपी में हुए इस हादसे ने पूरे हिमाचली समुदाय को झझकोर दिया था। पल भर में लाशों के ढेर लग गए थे लाशों का ढांपने के लिए कफन कम पड़ गए थे। मौत का यह मंजर सदियों तक याद रहेगा। शनिवार की काली रात को कोटरोपी में प्रकृति का कहर सैकडों अनमोल जिंदगियां लील गया। पठानकोट –मंडी नेशनल हाईवे 154 के कोटरोपी में चलती बसों पर पहाड़ गिरने से 48 लोगों की दर्दनाक मौत गत वर्ष 2024 में आनी के निरमंड में बादल फटने से समेज गांव में बहुत त्रासदी हुई जहां 45 लोग बेमौत मारे गए थे। 2025 में सैंज के पंग्लीयूर में एक ही परिवार के नौ लोग मारे गए है। आनी में भी एक ही परिवार के आठ लोग मकान के जमींदोज होने से जिंदा दफन हो गए। 2025 की बेरहम बरसात हिमाचल को गहरे व अमिट जख्म दे गई। जख्म तो भर जाएंगें मगर निशान अमिट रहेगें। मानसून ने बहुत गहरे जख्म दिए हैं। सराज से तबाही का आगाज हुआ जहां बहुत ही खौफनाक मंजर हुआ था। 99 दिन तक मानसून ने ऐसी इबारत लिखी की हर इंसान खौफ के साए में जीने को मजबूर हो गया था। तबाही के समाचार जीवंत तस्वीरें देखकर आत्मा सिहर उठती थी लोग बरसात के डर से रात भर जागतें रहते थे कि पता नहीं बरसात कब आफत बनकर कहर ढायेगी। मानवीय तबाही से लोग एक डरावने माहौल में दिन काट रहे हैं। मानव को आने वाले भविष्य को सुरक्षित करना होगा। विकास के लिए विनाश मत कीजिए। प्रकृति का संरक्षण कीजिए।

# विशेष

## मासिक धर्म अवकाश नीति को पूरे देश में लागू किया जाए

**–डॉ. प्रियंका सौरभ–**

आज जब महिलाएँ हर क्षेत्र में बराबरी से काम कर रही हैं, तब यह जरूरी है कि नीतियाँ भी उनके अनुभवों और जरूरतों के अनुसार बनें। कर्नाटक सरकार ने मासिक धर्म अवकाश की जो पहल की है, वह न केवल महिला स्वास्थ्य की दृष्टि से ऐतिहासिक है, बल्कि यह सामाजिक सोच में बदलाव का प्रतीक भी है। राज्य सरकार ने यह व्यवस्था लागू की है कि सभी सरकारी दफ्तरों, आईटी कंपनियों और फैक्ट्रियों में कामकाजी महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान हर माह एक दिन का सवेतन अवकाश मिलेगा। यह कदम उस संवेदनशीलता का परिचायक है जिसकी महिलाओं को लंबे समय से प्रतीक्षा थी। महिलाएँ समाज और अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा हैं। मासिक धर्म उनके शरीर की प्राकृतिक प्रक्रिया है, परंतु सदियों से इसे सामाजिक असहजता और मौन के घेरे में रखा गया। इस अवधि में शारीरिक दर्द, असुविधा और मानसिक थकान का अनुभव आम है, लेकिन कार्यस्थलों पर उनसे सामान्य दिनों जैसी कार्यक्षमता की अपेक्षा की जाती रही है। अब जब सरकारें इस जैविक प्रक्रिया को नीति निर्माण में शामिल कर रही हैं, तो यह समाज के परिपक्व होने की निशानी है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मत है कि मासिक धर्म के शुरूआती दिनों में विश्राम और मानसिक स्थिरता अत्यंत आवश्यक होती है। इस अवधि में अत्यधिक काम करने या तनाव लेने से महिलाओं में कई स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए यह नीति सिर्फ सुविधा नहीं बल्कि महिला स्वास्थ्य के संरक्षण का साधन भी है। यह नीति नारी–सशक्तिकरण की परिभाषा को और गहराई देती है। सशक्तिकरण का अर्थ केवल अधिकारों की बात करना नहीं, बल्कि परिस्थितियों के अनुरूप सम्मान देना है। जब राज्य स्वयं यह स्वीकार करता है कि महिला शरीर की आवश्यकताएँ विशेष हैं, तो यह समानता की दिशा में उठाया गया वास्तविक कदम है।

कर्नाटक का यह निर्णय समाज में एक बड़ा संदेश देता है कि महिलाओं की जैविक प्रक्रिया को अब छिपाने या शर्म की दृष्टि से देखने की बजाय सामान्य जीवन का हिस्सा समझा जाना चाहिए। यह नीति मासिक धर्म के विषय को सार्वजनिक विमर्श में लाकर इसे सामान्य और सम्मानजनक बनाती है।

इस निर्णय से यह उम्मीद भी बढ़ी है कि अन्य राज्य सरकारें और निजी कंपनियाँ भी इस दिशा में कदम उठाएँगी। कुछ वर्ष पहले केरल और ओडिशा जैसे राज्यों में इस विषय पर चर्चा तो हुई, पर नीति नहीं बनी। अब कर्नाटक ने जो उदाहरण पेश किया है, वह अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा बनेगा।

वास्तव में, यह समय की माँग है कि भारत सरकार भी राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी नीति बनाए, जिससे हर क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं–सरकारी कर्मचारी, शिक्षिका, नर्स, बैंक अधिकारी, फैक्ट्री वर्कर या निजी क्षेत्र की कर्मचारी–सभी को समान रूप से यह अधिकार प्राप्त हो।

यह नीति केवल छुट्टी देने का मामला नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की गरिमा, स्वास्थ्य और आत्मसम्मान से जुड़ा प्रश्न है। इससे वे बिना अपराधबोध या झिझक के अपने शरीर की जरूरतों को प्राथमिकता दे सकेंगी।

# मां का संतान के लिए उपवास का दिन है अहोई अष्टमी

**–डॉ. श्रीगोपाल नारसन–**

अहोई माता का व्रत रखने और उनकी मनोयोग से पूजा करने से अहोई मां, उपवास रख रही मां व उनकी संतान को लम्बी उम्र का आशीर्वाद देती हैं। संतान की सलामती से जुड़े इस व्रत का बहुत महत्व है। साथ ही इस दिन की पूजा को विशेष पूजा भी कहा जा सकता है। आइए आपको बताते हैं इस साल अहोई अष्टमी कब पड़ रही है और क्या है इसका शुभ मुहूर्त। अहोई अष्टमी का त्योहार 13 अक्टूबर को पड़ रहा है। अहोई अष्टमी को कालाष्टमी भी कहते हैं। इस दिन मथुरा के राधा कुंड में लाखों श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचते हैं। अहोई अष्टमी का व्रत करवा चौथ के चार दिन बाद और दिवाली से आठ दिन पहले रखा जाता है।

**अहोई शुभ पूजा मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, अष्टमी तिथि की शुरूआत 13 अक्टूबर की रात 12:24 बजे से होगी और इसका समापन 14 अक्टूबर की सुबह 11:09 बजे पर होगा। अहोई माता की पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 53 मिनट से लेकर शाम 7 बजकर 08 मिनट तक रहेगा।

**अहोई माता की पूजा ऐसे करें–**

सुबह के समय जल्दी उठकर सबसे पहले स्नान आदि करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। अब मंदिर या घर मे पूजा स्थान की दीवार पर गेरू और चावल से अहोई माता यानी कि मां पार्वती और स्याहु व उसके सात पुत्रों का चित्र बनाएं। इसके लिए बाजार में मिलने वाले पोस्टर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। अब एक नए मटके में पानी भरकर रखें, उसपर हल्दी से स्वास्तिक बनाएं, अब मटके के ढक्कन पर सिंघाड़े रखें।

घर में मौजूद सभी बुजुर्ग महिलाओं को बुलाकर सभी के साथ मिलकर अहोई माता का ध्यान करें और उनकी व्रत कथा पढ़ें। सभी के लिए एक–एक स्वच्छ कपड़ा भी रखें। कथा खत्म होने के बाद इस कपड़े को उन महिलाओं को भेंट कर दें। रखे हुए मटके का पानी खाली ना करें इस पानी से दीवाली के दिन पूरे घर में पोंछा लगाएं। इससे घर में बरकत आती है। रात के समय सितारों को जल से अर्घ्य दें और फिर ही उपवास को पूरा करें।

इस दिन अहोई माता की पूजा की जाती है। अहोई अष्टमी का व्रत महिलाएं अपनी संतानों की लंबी आयु के लिए रखती हैं। कुछ महिलाएं इस व्रत को संतान प्राप्ति के लिए भी करती हैं। यह व्रत दिनभर निर्जल रहकर किया जाता है। अहोई माता का पूजन करने के लिए महिलाएं तड़के उठकर मंदिर में जाती हैं और वहीं पर पूजा के साथ व्रत प्रारंभ होता है। यह व्रत चंद्र दर्शन के बाद ही खोला जाता है।

महिलाएं इस दिन सायंकाल भक्ति–भावना के साथ दीवार पर अहोई की पुतली रंग भरकर बनाती हैं। उसी पुतली के पास सेई व सेई के बच्चे भी बनाती हैं। आजकल बाजार से अहोई के बने रंगीन चित्र कागज भी मिलते हैं जिनको लाकर उनकी पूजा की जा सकती है। कुछ महिलाएं पूजा के लिए चांदी की एक अहोई भी बनाती हैं, जिसे स्याऊ कहते हैं और उसमें चांदी के दो मोती डालकर विशेष पूजन किया जाता है।



तारे निकलने के बाद अहोई माता की पूजा प्रारंभ होती है। पूजन से पहले जमीन को स्वच्छ करके, पूजा का चौक पूरकर, एक लोटे में जलकर उसे कलश की भांति चौकी के एक कोने पर रख ते हैं और फिर भक्ति भाव से पूजा करते हैं। साथ ही अहोई अष्टमी की व्रत कथा का श्रद्धा भाव से श्रवण किया जाता है। कथा, पूजन और आरती के बाद माता को हलवा, पूड़ी और चना चढ़ाया जाता है। कुछ परिवारों में माता को पानी के साथ दूध और कच्चा चावल चढ़ाते हैं।

**क्या है अहोई की प्रचलित कथा**

बताया गया है कि एक साहूकार के 7 बेटे थे और एक बेटी थी। साहुकार ने अपने सातों बेटों और एक बेटी की शादी कर दी थी। अब उसके घर में सात बेटों के साथ सातबहुंएं भी थीं। साहुकार की बेटी दिवाली पर अपने ससुराल से मायके आई थी। दिवाली पर घर को लीपना था, इसलिए सारी बहुएं जंगल से मिट्टी लेने गईं। ये देखकरससुराल से मायके आई साहुकार की बेटी भी उनके साथ चल दी।

साहूकार की बेटी जहां मिट्टी काट रही थी, उस स्थान पर स्याहु (साही) अपने साथ बेटों से साथ रहती थी। मिट्टी काटते हुए गलती से साहूकार की बेटीकी खुरपी के चोट से स्याहु का एक बच्चा मर गया। इस पर क्रोधित होकर स्याहु ने कहा कि मैं तुम्हारी कोख बांधूंगी। स्याहु के वचन सुनकर साहूकार की बेटी अपनी सातों भाभियों से एक–एक कर विनती करती हैं कि वह उसके बदले अपनी कोख बंधवा लें। सबसे छोटीभाभी ननद के बदले अपनी कोख बंधवाने के लिए तैयार हो जाती है। इसके बाद छोटी भाभी के जो भी बच्चे होते हैं, वे सात दिन बाद मर जाते हैं सात पुत्रोंकी इस प्रकार मृत्यु होने के बाद उसने पंडित को बुलवाकर इसका कारण पूछा। पंडित ने सुरही गाय की सेवा करने की सलाह दी।

सुरही सेवा से प्रसन्न होती है और छोटी बहु से पूछती है कि तू किस लिए मेरी इतनी सेवा कर रही है और वह उससे क्या चाहती है? जो कुछ तेरीइच्छा हो वह मुझ से मांग ले। साहूकार की बहु ने कहा कि स्याहु माता ने मेरी कोख बांध दी है जिससे मेरे बच्चे नहीं बचते हैं। यदि आप मेरी कोख खुलवा देतो मैं आपका उपकार मानूंगी। गाय माता ने उसकी बात मान ली और उसे साथ लेकर सात समुद्र पार स्याहु माता के पास ले चली। रास्ते में थक जाने पर दोनों आराम करने लगते हैं। अचानक साहूकार की छोटी बहू की नजर एक ओर जाती हैं, वह देखती है कि एक सांप गरूड़ पंखनीके बच्चे को डंसने जा रहा है और वह सांप को मार देती है। इतने में गरूड़ पंखनी वहां आ जाती है और खून बिखरा हुआ देखकर उसे लगता है कि छोटी बहूने उसके बच्चे को मार दिया है इस पर वह छोटी बहू को चोंच मारना शुरू कर देती है। छोटी बहू इस पर कहती है कि उसने तो उसके बच्चे की जान बचाई है। गरूड़ पंखनी इस पर खुश होती है और सुरही सहित उन्हें स्याहु के पास पहुंचा देती है।

वहां छोटी बहू स्याहु की भी सेवा करती है। स्याहु छोटी बहू की सेवा से प्रसन्न होकर उसे सात पुत्र और सात बहू होने का आशीर्वाद देती है। स्याहु छोटीबहू को सात पुत्र और सात पुत्रवधुओं का आशीर्वाद देती है। और कहती है कि घर जाने पर तू अहोई माता का उद्यापन करना। सात सात अहोई बनाकर सातकड़ाही देना। उसने घर लौट कर देखा तो उसके सात बेटे और सात बहुएं बेटी हुई मिली। वह खुशी के मारे भाव–भिवोर हो गई। उसने सात अहोई बनाकर सातकड़ाही देकर उद्यापन किया। इस लोक कथा के प्रति माताओ में अटूट आस्था है तभी तो वे इस कथा को बड़े मनोयोग से सुनकर अपना अहोई उपवास पूरा करती है।

# संतान के जीवन में मंगल भरने वाली शक्ति है अहोई माता

**–योगेश कुमार गोयल–**

करवा चौथ के चार दिन पश्चात और दीवाली से ठीक एक सप्ताह पहले भारत में हिन्दू समुदाय में एक प्रमुख त्यौहार ह्यअहोई अष्टमीह्ल मनाया जाता है, जो प्रायः वही स्त्रियां करती हैं, जिनके संतान होती है किन्तु अब यह व्रत निसंतान महिलाएं भी संतान की कामना के लिए करती हैं। अहोई अष्टमी व्रत प्रतिवर्ष कार्तिक कृष्ण अष्टमी को किया जाता है और इस वर्ष यह पर्व 13 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। स्त्रियां दिनभर व्रत रखती हैं। सायंकाल से दीवार पर आठ कोष्ठक की पुतली लिखी जाती है। उसी के पास सेई और सेई के बच्चों के चित्र भी बनाए जाते हैं। पृथ्वी पर चौक पूरकर कलश स्थापित किया जाता है। कलश पूजन के बाद दीवार पर लिखी अष्टमी का पूजन किया जाता है। फिर दूध–भात का भोग लगाकर कथा कही जाती है। आधुनिक युग में अब बहुत सी महिलाएं दीवारों पर चित्र बनाने के लिए बाजार से अहोई अष्टमी के रेडीमेड चित्र खरीदकर उन्हें पूजास्थल पर स्थापित कर उनका पूजन करती हैं। कार्तिक कृष्ण अष्टमी को महिलाएं अपनी संतान की दीर्घ आयु तथा उनके जीवन में समस्त संकटों या विध्न–बाधाओं से उनकी रक्षा के लिए यह व्रत रखती हैं। कुछ स्थानों पर इस दिन धोबी मारन लीला का भी मंचन होता है, जिसमें श्रीकृष्ण द्वारा कंस द्वारा भेजे गए धोबी का वध करते प्रदर्शन किया जाता है। अहोई माता के रूप में अपनी–अपनी पारिवारिक परम्परानुसार लोग माता पार्वती की पूजा करते हैं।



अहोई अष्टमी व्रत के संबंध में कुछ कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक कथानुसार प्राचीन काल में किसी नगर में एक साहूकार रहता था। उसके सात लड़के थे। दीपावली से पहले साहूकार की स्त्री घर की लीपा–पोती हेतु मिट्टी लेने खदान में गई और कुदाल से मिट्टी खोदने लगी। दैव योग से उसी जगह एक सेह की मांद थी। सहसा उस स्त्री के हाथ से कुदाल सेह के बच्चे को लग गई, जिससे सेह का बच्चा तत्काल मर गया। अपने हाथ से हुई हत्या को लेकर साहूकार की पत्नी को बहुत दुख हुआ परन्तु अब क्या हो सकता था? वह पश्चाताप करती हुई शोकाकुल अपने घर लौट आई। कुछ दिनों बाद उसके बेटे का निधन हो गया। फिर अकस्मात दूसरा, तीसरा और इस प्रकार वर्ष भर में उसके सभी बेटे मर गए। महिला अत्यंत व्यथित रहने लगी। एक दिन उसने अपने आस–पड़ोस की महिलाओं को विलाप करते हुए बताया कि उसने जानबूझकर कभी कोई पाप नहीं किया। हां, एक बार खदान में मिट्टी खोदते हुए अनजाने में उससे एक सेह के बच्चे की हत्या अवश्य हुई है और तत्पश्चात मेरे सातों बेटों की मृत्यु हो गई। यह सुनकर पास–पड़ोस की वृद्ध औरतों ने साहूकार की पत्नी को दिलासा देते हुए कहा कि यह बात बताकर तुमने जो पश्चाताप किया है, उससे तुम्हारा आधा पाप नष्ट हो गया है। तुम उसी अष्टमी को भगवती माता की शरण लेकर सेह और सेह के बच्चों का चित्र बनाकर उनकी आराधना करो और क्षमा–याचना करो। ईश्वर की कृपा से तुम्हारा पाप धुल जाएगा। साहूकार की पत्नी ने वृद्ध महिलाओं की बात मानकर कार्तिक मास की कृष्णपक्ष की अष्टमी को उपवास व पूजा–याचना की। वह हर वर्ष नियमित रूप से ऐसा करने लगी। बाद में उसे सात पुत्र रत्नों की प्राप्ति हुई। तभी से अहोई व्रत की परम्परा प्रचलित हो गई।

अहोई व्रत के संबंध में एक और कथा प्रचलित है। बहुत समय पहले झांसी के निकट एक नगर में चन्द्रभान नामक साहूकार रहता था। उसकी पत्नी चन्द्रिका बहुत सुंदर, सर्वगुण सम्पन्न, सती साध्वी, शीलवन्त, चरित्रवान तथा बुद्धिमान थी। उसके कई पुत्र–पुत्रियां थे परन्तु वे सभी बाल अवस्था में ही परलोक सिधार चुके थे। दोनो पति–पत्नी संतान न रह जाने से बहुत व्यथित रहते थे। वे दोनों प्रतिदिन मन ही मन सोचते कि हमारे मर जाने के बाद इस अपार धन–सम्पदा को कौन संभालेगा? एक बार उन दोनों ने निश्चय किया कि वनवास लेकर शेष जीवन प्रभु–भक्ति में व्यतीत करें। यही विचार कर दोनों अपना घर–बार त्यागकर वनों की ओर चल दिए। रास्ते में जब थक जाते तो रूककर थोड़ा विश्राम कर लेते और फिर चल पड़ते। इस प्रकार धीरे–धीरे वे बद्रिका आश्रम के निकट शीतल कुण्ड जा पहुंचे। वहां पहुंचकर दोनों ने निराहार रहकर प्राण त्यागने का निश्चय कर लिया। निराहार व निर्जल रहते हुए जब उन्हें सात दिन हो गए तो आकाशवाणी हुई कि तुम दोनों प्राणी अपने प्राण मत त्यागो। यह सब दुख तुम्हें तुम्हारे पूर्व पापों से भोगना पड़ा है। यदि तुम्हारी पत्नी कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष में आने वाली अहोई अष्टमी को अहोई माता का व्रत और पूजन करे तो अहोई देवी प्रसन्न होकर साक्षात दर्शन देंगी। तुम उनसे दीघार्यु पुत्रों का वरदान मांग लेना। व्रत के दिन तुम राधाकुण्ड में स्नान करना।

चन्द्रिका ने आकाशवाणी के बताए अनुसार विधि–विधान से अहोई अष्टमी को अहोई माता का व्रत और पूजा–अर्चना की और तत्पश्चात राधाकुण्ड में स्नान किया। जब वे स्नान इत्यादि के बाद घर पहुंचे तो उस दम्पत्ति को अहोई माता ने साक्षात दर्शन देकर वर मांगने को कहा। साहूकार दम्पत्ति ने हाथ जोड़कर कहा, हमारे बच्चे कम आयु में ही परलोक सिधार जाते हैं। आप हमें बच्चों की दीघार्यु का वरदान दें। तथास्तु! कहकर अहोई माता अंतर्ध्यान हो गई। कुछ समय के बाद साहूकार दम्पत्ति को दीघार्यु पुत्रों की प्राप्ति हुई और वे सुखपूर्वक अपना गृहस्थ जीवन व्यतीत करने लगे। देवी पार्वती को अनहोनी को होनी बनाने वाली देवी माना गया हैं, इसलिए अहोई अष्टमी पर माता पर्वती की पूजा की जाती है और संतान की दीघार्यु एवं सुखमय जीवन की कामना की जाती है।

# अमीर खान मुत्ताकी ने परोसी कट्टरता की बानगी

**–डा. रवीन्द्र अरजरिया–**

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की दिल्ली स्थित दूतावास में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में कोई महिला पत्रकार मौजूद नहीं थी। पत्रकारों को आमंत्रित करने वाले उत्तरदायी अधिकारियों पर महिला विरोधी मानसिकता वाली तालिबानी सोच को भारत पर थोपने के आरोप लगाये जा रहे हैं। इस तरह के पक्षपातपूर्ण रवैये को तकनीकी समस्या बताकर अफगानिस्तान के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने सफाई देने की कोशिश की। उनके अनुसार यह नीतिगत फैसला नहीं था बल्कि तकनीकी मुद्दा है जिसे भविष्य में ध्यान में रखा जायेगा। उल्लेखनीय है कि तालिबान पर लगातार महिलाओं के अधिकारों को कुचलने के आरोप लगाये जाते रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण दिल्ली में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान देखने को मिला। इस घटना पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि दूतावास में होने वाली प्रेस ब्रीफिंग में उनकी कोई भूमिका नहीं थी, यह पूरी तरह से अफगानिस्तान की तरफ से आयोजित की गई थी। ऐसे में अमिर खान मुत्तकी का दौरा पूरा होने के पहले ही विवादास्पद बन गया। प्रेस ब्रीफिंग का मुद्दा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गमार्ते हुए ही उत्तरप्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद में हुए उनके दौरे के दौरान महिला पत्रकारों को प्रवेश तो दिया गया मगर उनके लिए तालिबानी शर्त लगा दी गई। दुनिया भर प्रसिद्ध इस्लामी शिक्षण संस्थान दारुल उलूम देवबंद में अमीर खान मुत्ताकी के दौरे के दौरान महिला पत्रकारों से कहा गया कि वे कार्यक्रम के दौरान परदा करके अलग स्थान पर बैठें। आयोजकों ने अपने इस कट्टरपंथी फरमान को परम्परागत व्यवस्था का हिस्सा बताया। ज्ञातव्य है कि इस संस्थान की स्थापना सन 1866 में की गई थी। मुगुल साम्राज्य का पतन करके अंग्रेजों ने अपनी सत्ता स्थापित की थी। गोरों ने मुस्लिमों की कट्टरपंथी संस्थाओं को बंद करा दिया था। उग्रवादी मुसलमानों को सलाखों के पीछे भेज दिया गया था। विरोध करने वालों को फांसी की सजा तक दी गई थी। इसी मध्य इस्लाम का नारा बुलंद करके गजवा–ए–दुनिया का ख्वाब देखने वालों ने 30 मई 1866 को एक साथ मिलकर देवबंद में चोरी छुपे एक मजहबी मदरसे की स्थापना की जिसमें पढने वालों ने कालान्तर में अन्य भू भागों में जाकर कट्टरपंथ का इकबाल बुलंद किया। दारुल उलूम में तालीम लेने के लिए दुनिया भर से कट्टरपंथी मुस्लिम परिवारों के नवनिहाल आने लगे जिन्होंने अपनी पढाई पूरी करके अनेक देशों में ऐसे ही मदरसे स्थापित किये। यहीं के छात्र शेख अब्दुल हक ने सन 1947 में पाकिस्तान के पेशावर से लगभग 55 किलोमीटर दूर अकोरा खटक में दारुल उलूम हक्कानिया की स्थापना।

देवबंद के दारुल उलूम के सिद्धान्तों पर चलने वाले हक्कानिया मदरसों ने अफगानस्तान में कट्टरपंथियों को संरक्षण दिया और उनके अनेक प्रभावशाली युवाओं को अपने मदरसे के अलावा देवबंद भेजकर भी इस्लाम के कठोर संस्करणों में ढालने की पहल की। शेख अब्दुल हक की मौत के बाद उनके बेटे समी उल हक ने सन 1988 में मदरसे की कमान संभाली। मदरसा अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढने लगा। कट्टरता का इकबाल बुलंद करने के लिए अनेक देशों से सहायता, सहयोग और सलाह मिलने लगी। तन, मन और धन की सम्पदा में बेतहाशा इजाफा होता चला गया। परिणामस्वरूप तालिबान नेताओं ने सन 1990 के दशक में काबुल पर कब्जा कर लिया था। एक अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्र के अनुसार सन 2001 में अमेरिका ने अफगानस्तान में तालिबान सरकार को सत्ता से हटाने में मदद की तो इस कट्टरपंथी मदरसे और उसके संस्थापक ने आतंकवाद का सहारा लेकर अमेरिका समर्थित सरकार को खौफ के साये में जीने पर मजबूर कर दिया। यही कारण है कि समी उल हक को 'तालिबान का जनक' कहा जाता है। सन 2018 में समी उल हक की हत्या के बाद उनके पुत्र हामिद उल हक ने मदरसों की कमान संभाली थी और देवबंद के सिद्धान्तों को फैलाने में जुट गये। इस अभियान को देवबंदी आन्दोलन का नाम देकर पूरे पहले दक्षिण एशिया और फिर समूची दुनिया में कट्टरपंथ का विस्तार दिया जाने लगा। विशेषकर पाकिस्तान–अफगानिस्तान सीमा पर स्थापित अब्दुल हक ने दारुल उलूम हक्कानिया में अफगानस्तान के तालिबानियों को सत्ता हासिल करने के लिए खास तौर पर तैयार किया जाता रहा जिसमें देवबंद के उलेमाओं की सक्रिय भागीदारी दर्ज होती रही। ऐसे में अफगानस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी का यह देवबंद दौरा बेहद अहम हो जाता है जहां उन्होंने उलेमाओं के साथ–साथ दारुल उलूम के संचालकों के साथ बेहद गोपनीय चचार्यें भी की। यहां यह भी रेखांकित करना आवश्यक है कि सन 2021 में अफगानस्तान की सत्ता में तालिबान की वापिसी के बाद अमीर खान मुत्तकी ने ही कार्यवाहक विदेश मंत्री की हैसियत से सन 2023 के मई महीने में पाकिस्तान का भी दौरा किया था जिसे वहां की सरकार ने बेहद अहम करार दिया था। उस दौरान भी कट्टरता के अनेक उदाहरण समाने आये थे जिस पर अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया ने जमकर टिप्पणी की थी। वास्तविकता तो यह कि भारत के देवबंद स्थित दारुल उलूम और पाकिस्तान के खैबर पख़्तूनख़्वाह वाले दारुल उलूम हक्कानिया में अफगानस्तान सहित दुनिया भर के अनेक कट्टरपंथी संगठनों के सदस्यों ने इस्लाम की बंदिशों को कठोरता से पालन करवाने के फामूर्ले सीखे और उन्हें आतंक की दम पर लागू करवाने में जुट गये। संसार भर में इस्लाम के 72 फिरके हैं यानी इस्लाम को मानने की 72 पद्धतियां व्यवहार में हैं परन्तु कट्टरता के नाम पर सभी एक होकर गजवा–ए–दुनिया के ख्वाब को अपने–अपने ढंग से पूरा करने में लगे हुए हैं। वर्तमान हालातों में अफगानस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद पहली बार अपनी छः दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचते ही तालिबान ने अपनी मंशा जाहिर कर दी है।

उनका छुपा हुआ पैगाम संकेतों के रूप में सामने आ रहा है कि यदि हमसे संबंध रखना है तो हमारे साथ हमारे उसूलों पर ही हाथ मिलाना होगा, भले ही हमें अभी तक दुनिया ने पूरी तरह मान्यता नहीं दी हो, मगर हम कमजोर नहीं है। इस संकेत के कारण आज दुनिया भर में अफगानस्तान के तालिबानी विदेश मंत्री का भारत दौरा उनकी कट्टरता, महिलाओं पर पाबंदियों और देवबंद के कारण निरंतर सुर्खियों में बना हुआ है। अमीर खान मुत्ताकी के द्वारा परोसी गई कट्टरता की बानगी को भारतीय संस्कृतियों, संस्कारों और सौहार्द पर तालिबानी हमले के रूप में परिभाषित किया जाने लगा है। ऐसे में अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय को एक बार फिर अफगानस्तान की तालबान सरकार के रवैये की गहन समीक्षा करके नवीन राय स्थापित करना होगी तभी हाथी के दांतों का अन्तर सामने आ सकेगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नयी आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

स्वामी: गायत्री मीडिया, मुद्रक: रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादक: शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी–85, नोएडा, सेक्टर–6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी–102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली–110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 10/12/2025 8:21 PM Page 1



# पुलिस की कार्यशैली से नाराज किसानों ने स्टेट हाईवे किया जाम





**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** पुलिस की कार्यशैली से नाराज भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने रविवार को नगर के गोलघर के सामने स्टेट हाईवे जाम कर दिया। किसान यूनियन के कार्यकताओं का आरोप है कि थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी जितेन्द्र पुत्र सोमपाल व पटेल पुत्र समरपाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

जिस पर भड़के भाकियू कार्यकर्ताओं व युवकों के परिजनों ने धनौरा पुलिस पर दोनों युवकों को गलत तरीके से जेल भेजने का आरोप लगाते हुए थाने के बाहर जमकर प्रदर्शन किया और कुछ देर बाद नाराज किसानो व युवकों के परिजनों ने गोलघर के सामने बदायूं बिल्सी स्टेट हाईवे जाम कर दिया और जमकर नारेबाजी करने लगे जाम लगने की वजह से सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। जाम की सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया मय फोर्स के मौके पर पहुंच गई। और जाम लगा रहे किसानों को समझाने का प्रयास किया लेकिन किसान नहीं माने करीब दो घंटे स्टेट हाईवे जाम की गिरफ्त में रहा। करीब दो घंटे बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया के आश्वासन पर किसानों ने जाम खोल दिया।

वहीं इसी मामले में ग्राम पहाड़पुर निवासी मनोज कुमार द्वारा नैन सिंह पुत्र छोटे व हर्ष पुत्र सीताराम के खिलाफ मारपीट व दबंगई का आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई है।

# वार्ष्णेय वेलफेयर समिति ने किया करवा चौथ का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** करवा चौथ का पर्व पति पत्नी के लिए एक खस पर्व है। इस दिन की महत्वता है कि पत्नी अपने पति का दीदार करके वृत खोलती है और तिलक कर आरती करती है, लम्बी आयु की कामना करती है।

वार्ष्णेय वेलफेयर समिति के तत्वाधान में करवा चौथ का आयोजन लक्ष्मी वार्ष्णेय के निवास पर मनाया गया। जिसमें रश्मि वार्ष्णेय करवा चौथ की क्वीन चुनी गई करवा चौथ के इस कार्यक्रम में वार्ष्णेय वेलफेयर समिति की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस प्रोग्राम में कई तरह के गेम खिलाए गए। जिसमें रेखा, मोना, नीलिमा, बॉबी, पारुल, अंजलि, खुशबू, पूजा, प्रिया, आरती, नेहा वर्षा, विनीता ने पूर्ण रूप से योगदान दिया। इस दौरान समिति की सभी पदाधिकारी महिलाएं उपस्थिति रही।

# सुहैल इकबाल लड़ेंगे विधानसभा का चुनाव ज़ियारर्हमान बर्क बोले टिकट किसी को नहीं

*** विधायक को सांसद से लगी उम्मीद, सांसद ने नहीं जताई सहमति**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मरहूम सांसद डॉ0 शफीकुरर्हमान बर्क और इकबाल महमूद के बीच राजनीति मतभेद उस वक्त समाप्त हो गये जब डॉ0 शफीकुरर्हमान बर्क का इंतेकाल हो गया। लोकसभा का चुनाव आया तो पोत्रे ज़ियाउर्रह बर्क और इकबाल महमूद एक मंच पर आ गये। लेकिन दोनो मे न जाने ऐसा किया चल रहा है कि फिर से खटास महसूस होती दिखाई पड़ रही है। हांलाकि की राजनीति और समाजिक कार्यक्रमों मे मिलना रहता है और एक साथ नज़र आते हैं लेकिन जैसे ही इकबाल महमूद ने बेटे सुहैल इकबाल को चुनाव लड़ाने की इच्छा ज़ाहिर की तो सांसद ने चुनाव लड़ाने के लिए कोई समर्थन नहीं किया।

दरअसल नेता जी मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि के कार्यक्रम मे मौजूद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सुहैल इकबाल को विधानसभा चुनाव लड़ाने के लिए आवाज़ बुलन्द की। मीडिया से मुखातिब होते हुए इकबाल महमूद ने कहा कि मेरे बेटे सुहैल युवाओं मे प्रसिद्व है और उनको लाईक करते हैं। नेता जी के कार्यक्रम मे चुनाव लड़ाने को कहा गया है वह बेटे सुहैल को चुनाव लड़ायेंगे वक्त आने पर फैसला लेंगे।

पूछा गया कि कया सांसद ज़ियाउरर्हमान बर्क चुनाव लड़ेंगे तो इकबाल महमूद ने कहा कि हमने उनका लोकसभा मे चुनाव लड़ाया उम्मीद है कि वह भी हमारा चुनाव लड़ायेंगे। पत्रकारों ने सवाल पूछा कि परिवारवाद की राजनीति कब तक चलेगी इकबाल महमूद ने जवाब दिया कि डॉक्टर का बेटा डॉक्टर बनता है इंजीनियर का बेटा इंजीनिय, रिक्शे वाले का बेटा रिक्शा वाला और जज का बेटा जब सिर्फ परिवारवाद राजनेता से ही क्यों जोड़ा जाता है। अगर नोमिनेट किया जाता है तब तो ठीक है लेकिन जब जनता वोट देकर जिताये तो फिर परिवारवाद कैसा। उधर सांसद ज़ियाउरर्हमान बर्क से पूछा गया कि क्या वह सुहैल इकबाल को लेकर चुनाव लड़ायेंगे तो सांसद ज़ियाउरर्हमान बर्क ने कोई समर्थन नहीं किया और कहने लगे कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा यह तय नहीं है राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को तय करना है। जो ज़िम्मेदारी उनको दी जायेगी वह उसको पूरी ईमानदारी और बफादारी के साथ निभायेंगे। अभी किसी को टिकट नहीं दिया गया है। सांसद द्वारा सुहैल इकबाल का समर्थन न कर सवालों को घुमने से साफ हो गया है कि कहीं न कहीं दोनो के बीच टीस ज़रूर है।

# एबीवीपी के पदाधिकारियों ने बनाई विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई बैठक हयातनगर में आयोजित हुई व जिला समिति बैठक सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल संभल में आयोजित हुई। जिसमें प्रांत सह संगठन मंत्री अनुज कुमार का प्रवास रहा और प्रांत सह संगठन मंत्री लक्षित सिंघल, विभाग संगठन मंत्री संभल दिबाकर बाबरा, विभाग प्रमुख डॉ डीके अग्निहोत्री, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य हितेश कुमार प्रजापति, जिला संयोजक पीयूष बिडोलिया, विभाग छात्रा प्रमुख दर्शिका, हरमन ठाकुर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में एबीवीपी जिला में हुए कार्यक्रम के बारे में बताया व आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की व सदस्यता अभियान की जानकारी दी तथा कार्यकर्ताओं को जागरूक किया गया। आगामी कार्यक्रमों में जिला अभियास वर्ग 25 अे 26 अक्टूबर को होगा व छात्रा सम्मेलन क्रम होने जा रहा है जिसकी रूप रेखा तैयार कर योजन बनाई गई।

# जनपद सहारनपुर पुलिस द्वारा चलाया अवैध पटाखा निर्माण, विक्रय व संग्रह के विरुद्ध चेकिंग एवं जागरूकता अभियान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध पटाखा निर्माण, विक्रय एवं संग्रह के विरुद्ध विशेष चेकिंग एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा क्षेत्र के बाजारों, पटाखा विक्रेताओं, गोदामों, निर्माण स्थलों व संभावित संवेदनशील स्थानों पर जाकर गहन जांच व निरीक्षण किया गया। इस दौरान आमजन को यह अवगत कराया गया कि बिना वैध लाइसेंस पटाखों का निर्माण, विक्रय या भंडारण पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा ऐसा करने पर विस्फोटक अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही पुलिस टीमों ने दुकानदारों व स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित रूप से पटाखों के उपयोग के प्रति जागरूक किया एवं बच्चों को पटाखों के दुरुपयोग से बचने की सलाह दी।लोगों को अपील की गई कि वे केवल लाइसेंस प्राप्त दुकानों से ही पटाखे खरीदें तथा अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस या कंट्रोल रूम 112 पर दें। इस दौरान कई स्थानों पर अवैध रूप से पटाखों का भंडारण पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की गई।

# ग्रामीणों ने उठाई सम्भल के गजरौला के लिए रेलवे लाईन के विस्तार की मांग



**संभल।** जिला संघर्ष समिति संभल उत्तर प्रदेश की एक बैठक का आयोजन तहसील क्षेत्र के गांव गैलुआ में चौधरी रविराज चाहल एडवोकेट के आवास पर किया गया। जिसमें संभल गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि हमें अब जागृत होकर अपनी मांग को उचित माध्यम से भारत सरकार तक पहुंचना है।

इस दौरान बोलते हुए चौधरी रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा कि संभल से गजरौला रेल लाइन विस्तारिकरण की मांग लगभग 5 दशक पुरानी है और हमें अब अधिक से अधिक जागरूकता के साथ इस मांग को भारत सरकार तक पहुंचना है देश आजाद होने से आज तक रेल लाइन का विस्तारीकरण नहीं हो सका है हमें पत्र, ईमेल, ट्विटर या अन्य माध्यम से अपनी बात को भारत सरकार तक पहुंचना है संभल में रेल लाइन विस्तारिकरण हो जाने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, किसान व व्यापारीअपने माल देश में प्रदेश के अन्य समय आसानी से देख सकेंगे। प्रदेश सरकार द्वारा संभल में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जा चुकी है जिसके विकास के लिए रेल लाइन का होना बहुत जरूरी है। अंत में रामोतार सिंह जाटव ने कहा कि रेल लाइन विस्तारीकरण हो जाने से संभल की दिल्ली से दूरी घट जाएगी। और निर्धन बच्चों जो दिल्ली जैसे शहर में शिक्षा लेने से वंचित रहते थे वह आसानी से आ जा सकेंगे। इस दौरान चौ रविराज चाहल एडवोकेट, संजीव शर्मा, अतुल चौधरी, खिलेंद्र चाहल,सरदार नागेंद्र सिंह, खुर्शीद अहमद, रामोतार सिंह जाटव, सोमदत्त शर्मा, हेमेंद्र सिंह, दुर्गेश कुमार, डॉक्टर नाज़िम,मोहन जाटव, ग्राम प्रधान पति महावीर सिंह, मनोज कुमार, बंसी आदि रहे।

# नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर

*** थाना कुतुबशेर सहारनपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी करने वाला एक शातिर नशा तस्कर गिरफ्तार कर कब्जे से 117 ग्राम अवैध चरस बरामद की है।**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर में मादक पदार्थो /नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबन्धित दवाओं की तस्करी,बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतू परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में ÷ऑपरेशन सवेरा÷-÷नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर÷ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री एच0एन0 सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 12.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना कुतुबशेर पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी करने वाला एक शातिर नशा तस्कर शौकीन पुत्र रफीक नि0 मौहल्ला काजीपुरा नवादा रोड थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर को सर्किट हाऊस के सामने सडक से खण्डहर की तरफ से गिरफ्तार किया गया ।

अभियुक्त के कब्जे से 117 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0 400/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत किया गया।

# सफाई कर्मी जसराम को सम्मानित कर बढ़ाया हौंसला

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सम्भल कल्कि महोत्सव विकासोत्सव 2025 के कार्यक्रम मे सफाई कर्मी सहभोज कार्यक्रम एवं पुरूस्कार वितरण के अर्न्तगत जसराम सिंह सफाई कर्मचारीको सम्मानित किया गया। जसराम सिंह ग्राम पंचायत ततारपुर रोड मौसमपुर मे तैनात है। गांव को साफ सुथरा रखने और अपनी ज़िम्मेदार को पूणयतः निभाने मे सबसे आगे रहते हैं। यही वजह है कि उनके उत्कृष्ठ कार्य को देखते जिलाधिकारी डॉ0 राजेन्द्र पेंसिया तथा केबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह व अन्य अतिथियों ने सम्मानित करते हुए उत्साह वर्धन किया।

# पंजू सराय चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार ने चलाया मिशन शक्ति जागरूकता अभियान




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मिशन शक्ति फ़ेस 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत विशाल मेगा मार्ट मुरादाबाद रोड थाना रायसत्ती जनपद संभल में चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं/बच्चों को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समझाया गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है।।एवं उनको महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, हे.का. निपेंद्र सिंह, हे.का. विकास गिरी, म.का.प्रियंका थाना रायसत्ती पुलिस मौजूद रही।

# श्रीपाल शर्मा ईदरीशपुरी एवं डॉ0 संदीप कुमार सचेत को हिन्दी सारथी सम्मान प्रदान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** हिन्दू जागृति मंच के तत्वावधान में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन, इंडियन स्कॉलर एकेडमी में किया गया। जिसका शुभारम्भ शिवकुमार चंदन, श्रीपाल शर्मा, एवं अजय कुमार शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर साहित्यिक सेवा हेतु श्रीपाल शर्मा ईदरीशपुरी एवं डॉ0 संदीप कुमार सचेत को हिन्दी सारथी सम्मान प्रदान किया गया। रामपुर से उपस्थित शिवकुमार चंदन ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुति में पढ़ा- कमल पुष्प आसीन जगत की, हर गतिविधि मां देख रही। मति गति नीति रीति को देती, सुख दुख रच अभिलेख रही। तत्पश्चात् बागपत से पधारे वरिष्ठ गीतकार कवि श्रीपाल शर्मा श्ईदरीशपुरीश् ने वर्तमान परिवेश पर पढ़ा- शहर मेरा दिखता तो आबाद है,मगर दिल की दुनिया बर्बाद है। बँधे हैं सभी कर्म के बंधनों में, कह दूँ कैसे यहां सब आजाद हैं। मिलावटखोरी पर करारा प्रहार करते हुए वरिष्ठ कवि सुभाष चंद्र शर्मा ने पढ़ा- नकली घी और दूध दवाएं, स्वास्थ्य को लाभ नहीं करते।चूहामार दवाई खाकर, चूहे नहीं मरा करते। डॉ संदीप कुमार सचेत ने सुनाया- भरे उदर तुम क्या समझोगे, भूखे पेट की आग है क्या जो सब सुख भोग रहे हैं, वे क्या जाने हतभाग है क्या व्यंग्य कवि अतुल कुमार शर्मा ने सुनाया - दुनिया में कुछ ही बचे हैं जो गिरते हुए को संभालते हैं। वरना लोग अपनों के पैरों में ही जंजीर डालते हैं। मिट चुकी अपने-पराए की पहचान अब तो, क्योंकि लोग साँपों को भी अपनी आस्तीन में पालते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार सुखपाल सिंह गौर, वीकेश शर्मा, गुरमीत सिंह, स्पर्शी शर्मा, श्रेय कौशिक, आदित्य मनु, सक्षम कौशिक के साथ ही मंच के सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्षता अजय कुमार शर्मा ने एवं संचालन ज्ञानप्रकाश उपाध्याय ने किया।

# वाल्मीकि सेवा बस्ती में संस्कार केंद्र का वार्षिकोत्सव आज, घुमंतू समाज के बच्चों संग मनाया समारोह



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संचालित सामाजिक सरोकारों की श्रृंखला में आज सोमवार को वाल्मीकि सेवा बस्ती, मोहल्ला गंगाराम स्थित घुमंतू समाज (गाड़िया लोहार) बस्ती में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला सह सेवा प्रमुख राजू जी एवं जिला सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख हर्षवर्धन ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन स्मृति सेवा न्याय द्वारा संचालित नि0शुल्क बाल संस्कार केंद्र ने अपने सफल संचालन का एक वर्ष पूरा कर लिया है। इसी उपलक्ष्य में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था केंद्र संचालिका अनीता पांचाल की देखरेख में की जा रही है।बताया गया कि इस अवसर पर बच्चों द्वारा गीत, संस्कार व सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी होंगी। स्थानीय समाजसेवियों एवं संघ के स्वयंसेवकों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।संस्कार केंद्र का उद्देश्य घुमंतू समाज के बच्चों में शिक्षा, अनुशासन और राष्ट्रभावना का विकास करना है।

# मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत अब गरीबों का होगा मुफ्त इलाज लगाया गया कैम्प



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** हयात नगर के निकट जूनियर हाई स्कूल में एक कैंप भी आयोजित किया जा रहा है मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत अब गरीबों का होगा मुफ्त इलाज, बिना आयुष्मान कार्ड के भी मिलेंगी सभी ऑपरेशन की सुविधाएं। नगर पालिका सभासद अर्जुमन माहिरा की पहल, वार्ड 12 में कैंसर, बाईपास और डायलिसिस जैसी गंभीर बीमारियों का निशुल्क इलाज शिविर शुरू। स्वास्थ्य जगत से बड़ी राहत मध्यम और गरीब वर्ग के लिए 24 घंटे मुफ्त इलाज उपलब्ध, मुख्यमंत्री राहत कोष बना सहारा।अब इलाज के लिए नहीं होगी पैसों की चिंतारू सरकार की योजना के तहत रीढ़ की हड्डी, ब्रेन ट्यूमर और हार्ट सर्जरी जैसी महंगी प्रक्रियाएं भी मुफ्त।स्वास्थ्य से जुड़ी है, जो मध्यम और गरीब वर्ग के लोगों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आई है। मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से अब उन सभी लोगों का मुफ्त में इलाज हो सकेगा, जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है। हयात नगर नाइट जूनियर हाई स्कूल परिसर में लगाए गए कैंप मे सभा सद अर्जुमन माहिरा (वार्ड 12) द्वारा जनहित में जारी की गई सूचना के अनुसार, अब मुख्यमंत्री राहत कोष योजना के तहत हर तरह के ऑपरेशन बिल्कुल मुफ्त किए जाएंगे। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मध्यम और गरीब परिवारों को इलाज के बोझ से मुक्ति दिलाना है। अधिक जानकारी के लिए डॉ. मोहसिन अंसारी और डॉ. मुजम्मिल दानिश से उनके दिए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। निश्चित रूप से यह एक सराहनीय कदम है, नगर पालिका सभासद आरजूमन मेहरा, डॉक्टर मोहसिन, एडवोकेट फिरोज खान, अहमद मुस्तफा,ईसा तैमूर, राकेश कुमार, काफी संख्या में कैंप में सही हो क्या सहयोग किया जिससे अब पैसे की कमी के कारण किसी को भी इलाज से वंचित नहीं रहना पड़ेगा।

# डीएम एवं एसएसपी ने परीक्षा के तहत किया जे0वी0जैन डिग्री कॉलेज सहित अन्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जनपद में आयोजित सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा तथा सहायक वन संरक्षक, क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2025 पारदर्शी, निष्पक्ष, नकल विहीन, सकुशल तथा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस-प्रशासन प्रतिबद्ध है तथा सुरक्षा के दृष्टिगत कडे प्रबंध किए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी द्वारा जे0वी0जैन डिग्री कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारीगण द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों, बायोमैट्रिक स्कैनर, मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केन्द्र पर शौचालय, पेयजल, अभ्यर्थियों के मोबाइल, बैग इत्यादि जमा करने की व्यवस्था को चेक किया गया।

श्री बंसल ने बताया कि सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा तथा सहायक वन संरक्षक, क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2025 को लेकर कडे सुरक्षा प्रबंध किए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जा रही है, परीक्षा के दौरान परीक्षा हॉल तथा परिसर में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल न हो सके इसके लिए कड़े इंतजाम किए गये है। परीक्षा के दृष्टिगत विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती की गई है, प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गयी है। परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को ट्रैफिक की समस्या न हो, इसके लिये ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि परीक्षा देने आए सभी अभ्यर्थियों की विधिवत चेकिंग व प्रवेश पत्र सत्यापन होने के उपरान्त ही प्रवेश दें, किसी भी अभ्यर्थी को कोई इलैक्ट्रानिक डिवाइस परीक्षा केंद्र में न ले जाने दी जाए, इसके अतिरिक्त किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने में असुविधा होने पर उसकी हर सम्भव सहायता करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया।

P-08:28 paga09_jhn.qxd 10/12/2025 7:49 PM Page 1



## थाना टाण्डा का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना टाण्डा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव व थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तदोपरान्त अगामी त्यौहार, अपराध नियन्त्रण, कानून/शान्ति व्यवस्था, मिशन शक्ति अभियान-5(सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु) तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना टाण्डा क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण/भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर मय पुलिस बल पैदल गश्त कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी, टाण्डा मौजूद रहे।

## परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा पी.सी.एस. परीक्षा-2025 के दृष्टिगत राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय जुल्फिकार बालिका इण्टर कालेज, राजकीय पालीटेक्निक रामपुर आदि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

## थाना बिलासपुर का निरीक्षण किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति अभियान के तहत संचालित सुविधाओं, रजिस्टरों के संधारण, शिकायत निवारण की प्रक्रिया एवं महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया गया। इस दौरान महिला संबंधित प्रकरणों में त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण उपरान्त अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा गुरुद्वारा पसियापुर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर ड्यूटीरत कर्मियों को सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी निभाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बिलासपुर मौजूद रहे।

## जिला कमेटी के पदाधिकारी का चयन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** तुरैहा मछुआ समाज के जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने जिला कमेटी के पदाधिकारी का चयन किया। और कहां की अधिकार मांगने से नहीं छीनने से मिलते हैं हैं। उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई। रविवार को सराए गेट स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि संतोषी माता मंदिर पर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिला कमेटी का विस्तार करते हुए बिलासपुर के अध्यक्ष श्री बाल किशन तुरैहा, लक्ष्मण प्रसाद तुरैहा मिलक, सी पी सिंह सरकल टांडा, संजय कुमार स्वार, कन्हैया राम तुरैहा शाहाबाद, अर्जुन कुमार रामपुर, को नियुक्त किया।

## मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** आज अपना दल एस जनपद रामपुर की विधानसभा मिलक सुरक्षित की मासिक समीक्षा बैठक विधानसभा अध्यक्ष सरदार वलविंदर सिह जी की अध्यक्षता में हुई।वैठक में मुख्य अतिथि जिला चौधरी घनवीर सिह संधू जी ने सभी पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहां कि सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पार्टी के स्थापना दिवस पर जनपद वरेली में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में वडी संख्या में लोगों को लेकर जाने की तैयारी में जुट जाये और गांव गांव जाकर पार्टी का सदस्यता अभियान कार्यक्रम चलाकर लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करें।वैठक में जिला कोषाध्यक्ष जीवेंदर गंगवार ने कहां कि अपना दल एस पार्टी पंचायत चुनाव में जिला पंचायत के सभी वार्डों में तैयारी करके मजवूत प्रत्याशी उतारेगी। वैठक का संचालन जिला अध्यक्ष शिक्षक मंच कमल पटेल ने किया।वैठक में जिला उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गंगवार, जिला सचिव भगवत सरन गंगवार, जिला कार्यकारिणी सदस्य मेघनाथ गोस्वामी, जिला अध्यक्ष श्रमिक मंच तोताराम सागर आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एटीएस का निरीक्षण किया



**रामपुर।** जिलाधिकारी, रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एटीएस के सुरक्षा व्यवस्था, उपकरणों की स्थिति, त्वरित प्रतिक्रिया टीम की तत्परता और आपातकालीन कार्रवाई की तैयारियों का गहन अवलोकन कर सर्वसम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मियों को सतर्कता बनाए रखने, कार्य प्रणाली के पालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## पी.सी.एस. परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** जिलाधिकारी, रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा पी.सी.एस. परीक्षा-2025 के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाएं, प्रवेश द्वारों पर चैकिंग व्यवस्था एवं नियंत्रण कक्ष की स्थिति का गहनता से अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## ग्राम वासियों से मुलाकात की

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मिलक।** जनपद रामपुर की तहसील मिलक के ग्राम नवदिया स्थित पंचायत घर में दिल्ली हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता सिमरन कौर बरार कपूर ने ग्राम वासियों से मुलाकात की और महिलाओं से उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी ली और शिक्षा, आवास,पानी आदि मूल भूत समस्याओं को दूर करने को लेकर चर्चा की और एडवोकेट सिमरन बरार कपूर ने ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुए कहां कि सभी लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने की कोशिश करे।

## शाहबाद में निकली भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के मडल संगठन मंत्री रवि वाल्मीकि के नेतृत्व में नगर में भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग की उत्तर प्रदेश की सदस्य साध्वी गीता प्रधान व भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप राही ने संयुक्त रूप फीता काट कर किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि हिन्दू संस्कृति,सत्य, ज्ञान, के दाता हैं।

## हामिद स्कूल के मेन गेट पर लगा गंदगी का ढेर

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** वार्ड नंबर 24 के हामिद स्कूल के मेन गेट पर कूड़े का ढेर देखने को मिल रहा है पिछले कई दिनों से कुछ लोग कूड़े का ढेर स्कूल के मेन गेट पर लगा देते हैं जिससे वहां आने जाने वाले लोगों को दिक्कत का सामना उठाना पड़ता है वही स्कूल में पढ़ रहे छात्रों को भी परेशानी होती है यही है बीमारी का कारण स्वच्छ भारत अभियान के तहत सरकार ने साफ सफाई सुधार का अभियान चलाया था इसका असर कहीं ना कहीं देखने को नहीं मिल रहा हामिद स्कूल का मेन गेट से गुजर रहे सैकड़ो लोगों को कूड़े के ढेर से परेशानी का सामना उठाना पड़ता है वही निर्माण धीन जगह का मालवा भी उसी जगह पर डाल दिया जाता है जिससे वहां गंदगी का अंबार बन जाता है स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ सफाई बहुत ही महत्वपूर्ण मानी गई है साफ सफाई होने से बीमारी कम फैलती हैं इस संबंध में ना तो स्कूल के अधिकारी कोई संज्ञान लेते ना ही सामने लगे दुकानदार गंदगी का इस गंदगी से सामने लगे दुकानदारों को भी परेशानी का सामना उठाना पड़ता है

## भारतीय वैश्य महासम्मेलन ने मनाया डांडिया उत्सव

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** आईबीएफ हमेशा ही धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन करता रहता है,यही त्यौहार हमारी संस्कृति और परंपराओं को दर्शाते हैं इसी श्रृंखला में आज फेस्टिवल थीम पर मंथन होटल में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया सर्वप्रथम गणेश जी के आह्वाहन के साथ दीप प्रज्वलन हुआ जिसमें अध्यक्ष पूनम गुप्ता जी के साथ प्रशाली ,मोक्षी, पुष्पा गुप्ता, दीपा, नमिता सिंहल रहीं ईश वंदना के बाद गेम, डांस, सरप्राइज, हाऊजी और फेस्टिवल क्वीन जैसे रंगारंग प्रोग्राम हुए जिसने दर्शकों को लगातार ताली बजाने पर मजबूर कर दिया दुर्गा जी के भजन पर शानदार प्रस्तुति दी अंशिका अग्रवाल ने एक मजेदार गेम हुआ जिसमें प्रथम अनीता वैश्य,द्वितीय नेहा सिंघल , पुष्पा गुप्ता तृतीय रहीं।

## चुनावी रणभूमि के प्रथम योद्धा हैं बूथ अध्यक्ष : हरीश

*** स्वार नगर मंडल प्रवास के दौरान बोले जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि बूथ अध्यक्ष चुनावी रणभूमि के प्रथम योद्धा हैं। उन्हीं योद्धाओं के त्याग और मेहनत का परिणाम है कि आज केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से अपील करते हुए कहा कि वे आगामी पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार स्वार विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहे। उन्होंने स्वार नगर मंडल के बूथ अध्यक्षों व सेक्टर संयोजकों के साथ बैठक की। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि बूथ अध्यक्ष ही पार्टी संगठन की प्रथम और सबसे मजबूत कड़ी हैं। किसी भी चुनाव की सफलता बूथ स्तर की मजबूती पर ही निर्भर करती है। यदि बूथ अध्यक्ष सक्रिय और जागरूक हैं, तो संगठन की जड़ें भी उतनी ही गहरी होंगी।

## आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मिलक।** क्षेत्राधिकारी, मिलक द्वारा पटाखा विक्रेता एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर सुरक्षा व्यवस्था एवं नियमानुसार पालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गोष्ठी उपरान्त पी.सी.एस. परीक्षा-2025 के दृष्टिगत थाना मिलक क्षेत्रान्तर्गत परीक्षा केन्द्र पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाएं, प्रवेश द्वारों पर चैकिंग व्यवस्था एवं नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया गया।

## 45,000/- रूपये खाते में वापस कराये

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** दिनांक 29.09.2025 को आवेदक द्वारा साईबर पोर्टल पर शिकायत की गयी कि अज्ञात साइबर ठगों द्वारा होस्टल में रहने के नाम पर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी कर फोन-पे के माध्यम से 68,000/- रूपये प्रार्थी से ट्रांसफर करा लिये गये है। श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक साइबर क्राइम, उ0प्र0 द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व साइबर अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक, रामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर (नोडल ऑफिसर साईबर अपराध) के कुशल नेतृत्व में साईबर सैल थाना सि0ला0 रामपुर द्वारा तकनीकी संसाधनों का प्रयोग कर त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 10.10.2025 को आवेदक की साईबर फ्राड हुई कुल धनराशी 68,000/- रूपये में से 45,000/- रूपये आवेदक के खाता में वापस करायी गयी।

## पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 एवं साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 12.10.2025 को महिला सुरक्षा दल थाना अजीमनगर द्वारा थाना अजीमनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खिमोतिया खेड़ा/ देवरिया शुमाली में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया।

जागरुकता के क्रम में महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090- वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया।

## जिले में बने उत्पादों को प्राथमिकता दी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** सहायक आयुक्त उद्योग श्रीमती निहारिका जैन ने बताया कि जनपद में रोशन बाग पार्क में 09 से 18 अक्टूबर, 2025 तक लगने वाले एक स्वदेशी मेले में जिले में बने उत्पादों को प्राथमिकता दी गई है, जिसमें सभी रामपुर के स्थानीय उत्पाद जैसे जरी, पैचवर्क, चाकू, वायलिन, टोपी, पतंग आदि उत्पादों के स्टाल लगे हैं। उन्होंने बताया कि इस मेले में प्रतिदिन शाम 04:00 बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नृत्य, गीत, नाट्य आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। स्वदेशी मेले के पहले दिन सांस्कृतिक संध्या में बच्चों द्वारा गाये शिव तांडव स्त्रोत और छोटे-छोटे बच्चों द्वारा किए गये देवी नृत्य एवं राजस्थानी लोक नृत्य की सराहना की। वहीं शुक्रवार शाम की सांस्कृतिक संध्या में दयावती मोदी अकेडमी के शिक्षकों द्वारा गाये गीतों को लोगों ने बहुत पसंद किया।

## धन-धान्य कृषि योजना का शुभारंभ किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्री नंदकिशोर कलाल ने बताया कि 11 अक्टूबर, 2025 को नई दिल्ली में मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जनपद स्तर पर कृषि विज्ञान केंद्र, धमौरा में और समस्त विकासखंडों, ग्राम पंचायतों, समस्त पीएम किसान समृद्धि केंद्रों, पैक्स और एग्रीकल्चर मार्केट पर भी आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कृषक जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही मा. प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी कृषकों के समक्ष किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं, जो स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद स्तर पर एवं समस्त विकास खंड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

## हरीश गंगवार जी का आगमन हुआ

**उत्तम भारत संवाददाता**



**स्वार।** आज स्वार नगर मंडल प्रवास के रूप में भाजपा के जिला अध्यक्ष ऊर्जावान यशस्वी आदरणीय हरीश गंगवार जी का आगमन हुआ जिसमें शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष के पास जा जाकर सीधे संवाद किया और पंचायत चुनाव को लेकर वार्ता की और कहा कि अपना बूथ सबसे मजबूत है तो हर चुनाव जीत सकेंगे हम इसी बीच रामपुर के भाजपा के जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार जी स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर के आवास पर पहुंचे और कहां की रामपुर जिले में स्वार विधानसभा का भी परचम लहराएगा जब तक ऊर्जावान मंडल अध्यक्ष जिला अध्यक्ष और भाजपा के पदाधिकारी हैं जिसमें उपस्थित मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## महिला थाना का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा महिला थाना, रामपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव, निर्माण/ मरम्मत कार्य व थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चैक किया गया, साथ ही मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अन्तर्गत थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## एआईएमआईएम की सौ सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा, महागठबंधन का गणित उलझा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल और गठबंधन चुनावी मैदान में अपने योद्धाओं को उतारने की तैयारी में हैं। इस बीच सभी दल अपनी-अपनी संभावित विजय को लेकर रणनीति तैयार कर रहे हैं। ऐसे में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने 32 सीटों की पहली सूची जारी करते हुए यह भी घोषणा कर दी कि वह इस चुनाव में सौ सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी।

एआईएमआईएम की इस तैयारी ने महागठबंधन, खासकर राजद के रणनीतिकारों के माथे पर चिंता की लकीरें उभार दी हैं। महागठबंधन के नेता खुलकर कुछ नहीं बोल रहे हैं, लेकिन एआईएमआईएम को भाजपा की बी-टीम बताने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं।

पिछले विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम ने 20 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे और पांच सीटों पर जीत दर्ज कर मुस्लिम बहुल इलाकों में अपनी मजबूती को साबित किया था। हालांकि, बाद में पार्टी के चार विधायक राजद में शामिल हो गए थे। एआईएमआईएम के इस घोषणा के बाद मुस्लिम मतदाताओं के वोटों का बंटवारा होना तय माना जा रहा है, जिससे राजद के साथ महागठबंधन का खेल बिगड़ सकता है। हैदराबाद के सांसद और पार्टी के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी पिछले दिनों सीमांचल का दौरा कर यह संदेश दे दिया था कि उनकी पार्टी इस विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत से उतरेगी।

पार्टी ने तो इस चुनाव को लेकर यहां तक दावा किया कि उसका लक्ष्य बिहार में एक 'तीसरा विकल्प' तैयार करना है, जहां वर्षों से राजनीति भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और कांग्रेस-राजद गठबंधन के इर्द-गिर्द घूमती रही है। कहा जा रहा है कि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की बात महागठबंधन में नहीं बनती है तो पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस एआईएमआईएम के साथ चुनावी मैदान में भी दिख सकते हैं। ऐसे में सीमांचल के इलाकों में चुनावी गणित के बदलने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव कहते हैं कि असदुद्दीन ओवैसी पांच साल में एक बार आते हैं। सीमांचल और कोसी मेरे लिए खून और सांस का रिश्ता है। मैं इतना जानता हूं कि मेरी मां के प्यार को छीनने की ताकत दुनिया में किसी के पास नहीं है।

एआईएमआईएम ने महागठबंधन में शामिल होने को लेकर इच्छा व्यक्त की थी। पार्टी ने इसे लेकर राजद प्रमुख लालू यादव और महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव को पत्र भी लिखा था, लेकिन उन्होंने कोई रुचि नहीं दिखाई थी। इसके बाद एआईएमआईएम ने अपनी रणनीति बदल दी है।

सीमांचल के अधिकांश सीटों पर मुस्लिम मतदाता चुनाव परिणामों को प्रभावित करते हैं। राजद भी मुस्लिम मतदाताओं को अपना 'वोट बैंक' समझती है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 6 नवंबर और दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

## दुर्गापुर गैंगरेप मामले में नहीं बख्शे जाएंगे आरोपी, दोषियों को मिलेगी सख्त सजा : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। इस मामले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए निजी मेडिकल कॉलेजों को अपनी छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी लेने की बात कही।

सीएम ममता बनर्जी ने कहा, लड़की एक निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी। इसकी जिम्मेदारी किसकी है? निजी मेडिकल कॉलेजों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने छात्रों, खासकर छात्राओं की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। रात में उन्हें बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है और अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जोर देकर कहा कि पश्चिम बंगाल में ऐसी घटनाओं के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।

ममता बनर्जी ने इस घटना को वन क्षेत्र में हुई बताते हुए कहा कि लड़की एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी। वह रात के 12.30 बजे कैसे बाहर आई? जहां तक मुझे पता है, घटना वन क्षेत्र में हुई थी। मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। जांच जारी है। मैं इस घटना को देखकर स्तब्ध हूं, लेकिन प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों को भी अपने छात्रों, खासकर लड़कियों का ध्यान रखना चाहिए।

उन्होंने कहा, पुलिस घर पर बैठी नहीं रहेगी, लेकिन कॉलेजों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने मणिपुर, उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों में हुई समान घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि वहां भी सरकारों को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

ममता ने बताया कि पश्चिम बंगाल में ऐसी घटनाओं में त्वरित कार्रवाई की जाती है और कई मामलों में एक-दो महीने के भीतर चार्जशीट दाखिल कर दोषियों को सजा दिलाई गई है, जिसमें कुछ मामलों में निचली अदालतों ने फांसी की सजा भी सुनाई है। इस घटना की जांच तेजी से जारी है और पुलिस सभी संदिग्धों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। हमारी सरकार इस मामले में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं करेगी और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

## उधमपुर में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी भूस्खलन से होटल और दुकानें क्षतिग्रस्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के नरसू इलाके में रविवार को भारी भूस्खलन के कारण एक होटल और आसपास की दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि नरसू नाले में जमीन धंसने से कई इमारतें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने कहा, ÷भूस्खलन के कारण अमृतसरी हवेली, बुराक स्वीट्स और अजवा स्वीट नाम की इमारतें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।÷ पुलिस ने बताया कि अगस्त महीने में हुई हालिया बारिश के दौरान इन इमारतों को पहले ही आंशिक नुकसान पहुंच चुका था।

## संक्षिप्त समाचार

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**शाहबाद।** वादिनी द्वारा थाना शाहबाद पर सूचना- अभियुक्त गण 1. नाजिम खां पुत्र आले हसन खां 2. एहसान खां पुत्र अबरार खां 3. इमरान पुत्र अबरार खां 4. समी पुत्र आरिफ मियां 5. सलमान पुत्र नालामूल निवासीगण ग्राम मित्तरपुर अहरोला थाना शाहबाद जनपद रामपुर 6. सय्यद बब्लू अली पुत्र नसरत अली निवासी मौहल्ला सादात कस्बा व थाना शाहबाद जनपद रामपुर द्वारा षड्यन्त्र रचकर तथा अभियुक्त नाजिम खां उपरोक्त द्वारा शादी का फर्जी प्रमाण-पत्र बनवाकर वादिनी के साथ जबरदस्ती बलात्कार करने व प्रार्थिनी के साथ धोखाधड़ी करके प्रार्थिनी के खाते से 11 लाख रूपये निकालकर प्रार्थिनी की अमानत में खयानत करने व प्रार्थिनी के साथ मारपीट कर जान मारने की धमकी देने के संबंध में दी गयी प्राप्त सूचना के आधार पर थाना शाहबाद पर मु0अ0सं0 311/25 धारा 64/318(4) /115(2) /351(3) /316(2)/338/336(3)/61(2) बीएनएस बनाम नाजिम खां आदि 06 नफर उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

### वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार



**बिलासपुर।** वादी द्वारा सूचना दी गयी कि अभि0गण 1.जुम्मा पुत्र शब्बीर नि0 मुबारकपुर थाना कैमरी जनपद रामपुर 2.जफर पुत्र शब्बीर नि0 नामालूम 3.मेंहदी हसन पुत्र छुट्टन नि0 नामालूम 4.नवी हसन पुत्र मेंहदी हसन नि0 नामालूम द्वारा वादी के बहनोई असलम पुत्र मौ0 शकूर नि0 भट्टी टोला कस्बा व थाना बिलासपुर रामपुर के घर मे घुस कर वादी के बेटे की पत्नी के साथ गाली गलौच करना , गाली देने से मना करने पर अभि0 जुम्मा उपरोक्त द्वारा धारदार हथियार से जान से मारने की नियत वादी के बेटे की पत्नी पर हमला कर करना जिससे वादी के बेटे की पत्नी को गम्भीर चोट आना तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग जाने के सम्बन्ध में दाखिल तहरीर के आधार पर थाना बिलासपुर पर मु0अ0स0 319/25 धारा 333/352/109(1)/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

### 07 वारण्टी गिरफ्तार



**स्वार।** थाना स्वार पुलिस, रामपुर पुलिस द्वारा 07 वारन्टीगण 1.आरिफ पुत्र मौ0 नवी निवासी ग्राम धनसारा थाना बाजपुर जिला ऊधमसिंहनगर सम्बन्धित केस नं0 3899 अ0सं0 642/15 धारा 302/394 भादवि0 2. शकील पुत्र हनीफ 3. हनीफ पुत्र छोटे निवासीगण ग्राम मौ0 चाँद मस्जिद वार्ड न0 05 कस्बा मसवासी थाना स्वार जनपद रामपुर सम्बन्धित केस नं0 328/13 धारा 323/504/506 भादवि0 4. बबलू पुत्र हमीदा निवासी ग्राम इमरता थाना अजीमनगर जनपद रामपुर सम्बन्धित केस नं0 2001/20 धारा 498ए/323/504/506 भादवि0 5. मौ0 यासीन पुत्र वजीर अहमद जाति शेख निवासी ग्राम समोदिया इमरतपुर थाना स्वार जनपद रामपुर सम्बन्धित केस नं0 - 52/11 धारा 7/16 PF.ACT. व 6. जावेद पुत्र मेहताब निवासी ग्राम जालफनंगला थाना स्वार जनपद रामपुर सम्बन्धित केस नं0 - 1527/19 धारा 392/323/504/506 भादवि0 7. सुनील पुत्र झब्बन सिंह निवासी ग्राम अलीनगर उत्तरी थाना स्वार जनपद रामपुर सम्बन्धित केस नं0 96/22 अ0सं0 551/21 धारा 380/411 भादवि0 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

### 03 वारण्टी गिरफ्तार



**टाण्डा।** थाना टाण्डा, रामपुर पुलिस द्वारा 03 वारंटीगण1.शफी अहमद पुत्र रहीश अहमद नि0 ग्राम लाम्बाखेडा थाना टाण्डा जनपद रामपुर 2.मौ0 अहमद पुत्र रहीश अहमद नि0 ग्राम लाम्बाखेडा थाना टाण्डा जनपद रामपुर 3.आरिफ पुत्र शफी अहमद नि0 ग्राम लाम्बाखेडा थाना टाण्डा जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या 104/2024 धारा 323/506 भादवि0 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्वयाही की गयी।

### 03 वारण्टी गिरफ्तार



**शाहबाद।** 03 वारंटीगण 1. सोनू पुत्र देव सिंह नि0 ग्राम ढकिया थाना शाहबाद जनपद रामपुर सम्बन्धित व वाद सं0 1506/21 अ0स0 142/821 धारा 60 आबकारी अधि0 2. शेर सिंह उर्फ शेरा पुत्र हेमराज मौर्य नि0 ग्राम रवानगी पटटी थाना शाहबाद जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद सं0 1104/020 मु0अ0सं0 792/010 धारा 394/41 भादवि 3. प्रमोद कुमार पुत्र शेर सिंह नि0 ग्राम नरेन्द्रपुर थाना शाहबाद जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद सं0 11/22 मु0अ0सं0 343 धारा 60 आबकारी अधि0 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

### 01 वारण्टी गिरफ्तार



**खजुरिया।** थाना खजुरिया, रामपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी नईम खां पुत्र जर्रार खां ग्राम अहरो थाना खजुरिया जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या वाद स0 44/10 धारा 498ए भादवि 3/4 दहेज अधि0 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

### 01 वारण्टी गिरफ्तार



**पटवाई।** थाना पटवाई, रामपुर पुलिस द्वारा 01 वारन्टी धीरज रस्तोगी पुत्र राकेश रस्तोगी नि0ग्राम व थाना पटवाई जनपद रामपुर, सम्बन्धित वाद संख्या/एसटी नं0 265/2024, मु0अ0सं0 79/2024 धारा 60(1) अबकारी अधि0 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्वयाही की गयी।

### समानाथम टैंक को रामसर साइट बनाने पर विचार, मिल सकती है बेहतर कानूनी सुरक्षा और प्रबंधन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मदुरै शहर के बाहर स्थित समानाथम टैंक को जल्द ही एक महत्वपूर्ण पर्यावरण संरक्षण की मान्यता मिल सकती है। राज्य के वन विभाग की ओर से इसको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रामसर साइट के रूप में घोषित करने की तैयारी अंतिम चरण में है।

बता दें कि रामसर साइट एक ऐसा स्थान होता है जिसे वेटलैंड यानी आर्द्रभूमि संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर महत्व दिया जाता है। अगर समानाथम टैंक को यह दर्जा मिल जाता है, तो इसे कड़ी कानूनी सुरक्षा और बेहतर प्रबंधन मिल सकेगा।

समानाथम टैंक को तमिलनाडु के दक्षिणी हिस्से में जैव विविधता के लिए एक अहम स्थल माना जाता है। खासकर सर्दियों के मौसम में यहां हजारों जलपक्षी आते हैं। ये प्रवासी पक्षी टैंक को अपनी आवासीय जगह के रूप में चुनते हैं, जिससे यह क्षेत्र पक्षी प्रेमियों और पर्यावरणविदों के लिए विशेष आकर्षण बन जाता है।

वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया है कि प्रस्ताव जल्द ही राज्य की वेटलैंड अथॉरिटी को समीक्षा के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद राज्य और केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने पर इसे रामसर साइट घोषित किया जाएगा। हालांकि, समानाथम टैंक के आसपास हाल के वर्षों में प्रदूषण और हरियाली की कमी चिंता का विषय बनी हुई है। 2018 में यहां के मूल करवेलम पेड़ों की कटाई हुई थी, जिससे पक्षियों के घोंसले बनाने की जगहें कम हो गई। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इस जलाशय के आसपास फिर से स्थानीय पौधे और पेड़ लगाए जाएं, तो इससे पक्षियों की संख्या बढ़ेगी और टैंक का प्राकृतिक संतुलन भी बेहतर होगा।

P-09:28 paga09_jhn.qxd 10/12/2025 7:43 PM Page 1



# हर गरीब, पीड़ित परिवार के साथ के साथ खड़ी है कांग्रेस: पंकज डावर

● कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष पंकज डावर ने सेक्टर-12ए में झुग्गियों में रहने वाले पीड़ितों से की मुलाकात



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** गुडगांव जिला कांग्रेस (शहरी) के जिला अध्यक्ष पंकज डावर ने रविवार को यहां सेक्टर-12 में पीड़ित झुग्गियों में रहने वाले लोगों से मुलाकात की। सरकार के आदेशों पर डीटीपी द्वारा तोड़ी गई उनकी झुग्गियों को लेकर रोष प्रकट करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सदा गरीबों, पीड़ितों के साथ खड़ी है। उन्हें न्याय दिलाने के लिए सडक से संसद तक कांग्रेस का हर नेता लड़ाई लड़ेगा।पंकज डावर के पहुंचते ही झुग्गियों में रहने वाले लोग मायूसी से उनके पास आए और एक बार फिर से अपना दुख प्रकट किया। उनके समक्ष अपनी मेहनत, मजदूरी करके बनाई गई झुग्गियों को तोड़े जाने के बाद की बदहाली दिखाई। सरकार के अत्याचार पर गरीबों ने उनसे यह उम्मीद जताई कि वे उनकी कठिनाई को उठाकर सरकार तक पहुंचाएंगें। पीड़ित झुग्गियों के परिवारों को सांत्वना देते हुए कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष पंकज डावर ने कहा कि वे उनका दुख समझ सकते हैं। सिर पर से छत का छिन जाना किसी बड़ी आपदा से कम नहीं है। प्रशासन के इस कार्य को किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन गरीबों को फ्लैट देने के सपने दिखाए गए थे, उनकी झुग्गियों तक को तोड़ दिया गया, यह गरीबों के साथ अन्याय और उन पर अत्याचार है। ऐसे अत्याचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने फिर से दोहराया कि अगर अवैध कब्जों को तोडड्ने की बात सरकार और प्रशासन कर रहा है तो रसूखदार लोगों के कब्जे हटाकर दिखाए। शहर में कोई अस्पताल सडक पर कब्जा किए हुए है तो कोई होटल रास्ते पर कब्जा किए हुए है। ऐसे लोगों की तरफ आंख उठाकर देखने की भी अधिकारी हिम्मत नहीं कर रहे। एकतरफा काम करने की सोच वाली व्यवस्था लोकतंत्र में ठीक नहीं है। उन्होंने फिर कहा कि जिन परिवारों की झुग्गियां तोड़ी गई हैं, उनके साथ कांग्रेस खड़ी है।

# लोकतंत्र के मजबूत हथियार आरटीआई को भाजपा सरकार ने कमजोर किया: राव नरेंद्र सिंह

● सूचनाका अधिकार (आरटीआई) कानून लागू होने की 20वीं सालगिरह पर पत्रकार वार्ता में कही यह बात




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एचपीसीसी) के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासन में लागू किया गया सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून को भाजपा की सरकार ने कमजोर करने का काम किया है। आरटीआई को लोकतंत्र का मजबूत हथियार बताते हुए उन्होंने कहा कि अपने फायदों के लिए इसमें भाजपा सरकार ने संशोधन किए हैं। आरटीआई के अलावा और भी कई कानूनों को कमजोर किया गया है। कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी कानूनों को पहले की तरह मजबूत किया जाएगा, ताकि देश के आम नागरिक को इन कानूनों से सहूलियत हो। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रविवार को आरटीआई कानून की 20वीं सालगिरह पर यहां सिविल लाइन स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के साथ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, गुडगांव कांग्रेस जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर, ग्रामीण अध्यक्ष वर्धन यादव, पटौदी से प्रत्याशी रहीं पर्ल चौधरी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिह ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। इसी दिन यानी 12 अक्टूबर 2005 को यूपीए सरकार में प्रधानमंत्री तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम लागू करके देश को एक नई राह दिखाने का काम किया था। इस कानून के तहत किसी भी विभाग में किसी भी तरह की, किसी भी स्तर के व्यक्ति के बारे में देश का आम आदमी भी जानकारी हासिल कर सकता था। कांग्रेस राज में ही वर्ष 2005 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) अधिनियम लागू किया गया। वर्ष 2006 में वन अधिकार अधिनियम, वर्ष 2009 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम, वर्ष 2013 में भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास व पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू किया गया। दुख की बात है कि वर्ष 2014 के बाद भाजपा सरकार बनीं तो एक के बाद एक कानून को कमजोर किया जाता रहा। संशोधन के नाम पर नए नियम इसमें तय कर दिए गए। यह एक तरह से देश की पारदर्शिता पर चोट करने जैसा था।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि 53 साल बाद दक्षिण हरियाणा को यह बड़ी जिम्मेदारी मिली है। हम सब मिलकर पार्टी को मजबूत करेंगे और जनता की आवाज बनेंगें। मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएंगें।

# स्वस्थ बच्चो ही स्वस्थ भारत की नींव हैं : अमित भारद्वाज



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** देशहमारा पूर्णतया पोलियो मुक्त होना चाहिए। जिसके चलते सोहना नागरिक अस्पताल से प्लस पोलियो अभियान की शुरूआत की और अस्पताल में चल रहे कार्यों की समीक्षा भी की। हमारा संकल्प है कोई भी बच्चा पोलियो ड्रॉप से वंचित न रहे, ताकि हम सब मिलकर इस बीमारी को जड़ से समाप्त कर सकें। इस अवसर पर भाजपा जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष अमित भारद्वाज नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि राजेन्द्र बागड़ी मार्केट कमेटी चेयरमैन दयाराम लोहिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ सिंगला, नागरिक अस्पताल के एस एम ओ डॉ. रणविजय सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। आइए, हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हर बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुँचे क्योंकि स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ भारत की नींव हैं। आज सोहना नागरिक अस्पताल से प्लस पोलियो अभियान की शुरूआत की और अस्पताल में चल रहे कार्यों की समीक्षा भी की। हमारा संकल्प है कोई भी बच्चा पोलियो ड्रॉप से वंचित न रहे, ताकि हम सब मिलकर इस बीमारी को जड़ से समाप्त कर सकें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष अमित भारद्वाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोंडसी नागरिक के डॉ. बी,पी खटाणा, डाक्टर मीनाक्षी अहलावत, अनिल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# आत्मनिर्भर भारत केवल नारा नहीं, भारत की नई आर्थिक क्रांति है : गार्गी कक्कड़

● स्वदेशी अपनाएँ, भारत को मजबूत बनाएँ : विधायक मुकेश शर्मा
● सेवा और स्वदेशी से ही राष्ट्र सशक्त होगा : बोधराज सिकरी



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** भाजपा गुरुग्राम जिला कार्यालय गुरुकमल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत बादशाहपुर एवं गुरुग्राम विधानसभा की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा हरियाणा की प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़ ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हुए जीएसटी रिफॉर्म ने देश की आर्थिक व्यवस्था को नई दिशा दी है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे देश में निर्मित स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ।गार्गी कक्कड़ ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं का यह दायित्व है कि वे आम नागरिकों को जीएसटी सुधारों के लाभों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा, जब हर भारतीय स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देगा, तब ही भारत आत्मनिर्भरता की राह पर विश्व में अग्रणी बन पाएगा।

इस अवसर पर गुरुग्राम विधानसभा से विधायक मुकेश शर्मा ने भी आत्मनिर्भर भारत विषय पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि — प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहा आत्मनिर्भर भारत अभियान वास्तव में एक आर्थिक क्रांति है। इससे न केवल हमारे उद्योगों को प्रोत्साहन मिल रहा है, बल्कि छोटे व्यापारी, कारीगर और स्टार्टअप्स को भी आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

इस अवसर पर एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक बोधराज सिकरी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मूल भाव केवल आर्थिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि सामाजिक आत्मनिर्भरता भी है। जब समाज का हर वर्ग—चाहे वह किसान हो, युवा हो या महिला—अपने कौशल और उत्पाद के माध्यम से सशक्त बनेगा, तभी राष्ट्र वास्तव में आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों का सम्मान करना अपने देश के श्रमिकों और कारीगरों का सम्मान करना है।

बोधराज सिकरी जी ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं और उद्यमियों को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जुड़कर इसे जनआंदोलन का स्वरूप देना चाहिए। आज की इस जीएसटी एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की बादशाहपुर एवं गुरुग्राम विधानसभा बैठक में भाजपा गुरुग्राम के जिला महामंत्री अजीत यादव, जिला उपाध्यक्ष रामबीर भाटी,एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक बोधराज सिकरी, जिला सचिव एवं जिला जीएसटी संयोजक पी.सी. सैनी, जिला मीडिया प्रभारी हितेश चौधरी, जिला कार्यालय मंत्री यादराम जोया, भाजपा जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## समाचार

# सुदामा-कृष्ण की मार्मिक चरित्र के साथ 7 दिवसीय भागवत कथा का हुआ समापन

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** धार्मिक संस्था अखंड संकीर्तन मंच द्वारा सैक्टर 9ए स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर परिसर में आयोजित की जा रही श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ के 7वें दिन काशी की कथाव्यास आराधना देवी ने श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र के प्रसंग का संगीतमय शैली में वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है तो वहीं इसे कराने वाले भी पुण्य के भागी होते है। बाल व्यास ने भक्तों को कथा रसपान कराते हुए कहा कि हमेशा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए, भगवान हमेशा सच्चे भक्तों में ही वास करते हैं। सुदामा चरित्र का बखान करते हुए कहा कि संसार में मित्रता भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए। जिनकी कथा में सच्ची मित्रता दर्शाई गई है। आधुनिक युग में स्वार्थ के लिए लोग एक दूसरे के साथ मित्रता करते हैं और काम निकल जाने पर लोग एक दूसरे को भूल जाते हैं। जीवन में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा से एक रिश्ता जरूर बनाना चाहिए। भगवान से बनाया गया वह रिश्ता जीव को मोक्ष की ओर ले जाएगा। सुदामा ने विपरीत परिस्थितियों में अपने सखा कृष्ण का चिंतन और स्मरण नहीं छोड़ा। जिसके फलस्वरूप कृष्ण ने भी सुदामा को परम पद प्रदान किया। संस्था के प्रवक्ता एसके तिवारी ने बताया किआयोजन को सफल बनाने में पदाधिकारियों, कार्यकताओं व क्षेत्र के गणमान्य लोगों को संस्था ने कथावाचक के माध्यम से सम्मानित भी कराया।

# ग्राम रामगढ़ ढाणी में मुख्य सीवरेज लाइन की सफाई कार्य का शुभारंभ

**-सोहना के विधायक तेजपाल तंवर ने किया कार्य का उद्घाटन**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** ग्राम रामगढ़ ढाणी (वार्ड-18) में 600 मिमी डायमीटर की मुख्य सीवरेज पाइप लाइन की सफाई कार्य का शुभारंभ रविवार को सोहना के विधायक तेजपाल तंवर द्वारा किया गया। यह कार्य सुपर सकर मशीन की मदद से किया जा रहा है, ताकि सीवरेज लाइन में जमा गाद और रुकावटों को प्रभावी रूप से हटाया जा सके। उद्घाटन अवसर पर वार्ड पार्षद, कार्यकारी अभियंता प्रदीप तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित रहे।



इस अवसर पर विधायक तेजपाल तंवर ने कहा कि सरकार और नगर निगम गुरुग्राम द्वारा गांवों और शहरी क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुपर सकर मशीनों के माध्यम से सफाई कार्य करने से नालों और पाइप लाइनों में जमी गाद को पूरी तरह निकाला जा सकता है, जिससे सीवरेज जाम की समस्या नहीं रहती। विधायक ने कहा कि सीवरेज नेटवर्क के सुचारू संचालन से गांव के लोगों को जलभराव और दुर्गंध जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। यह कार्य ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर शुरू किया गया है। सुपर सकर मशीन से सफाई होने के बाद सीवरेज व्यवस्था बेहतर होगी और बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी। ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों ने विधायक व नगर निगम प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार की तकनीकी सफाई से गांव की स्वच्छता और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस कार्य के पूर्ण होने से रामगढ़ ढाणी क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होगी और स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# सहकार भारती हरियाणा के जिला सम्मेलन का हुआ आयोजन

**सहकारिता है संस्कार की जननी : विष्णु चौहान**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** सहकार भारती हरियाणा के जिला सम्मेलन का आयोजन ब्राह्मण धर्मशाला में किया गया, जिसमें सहकारिता की भावना, संगठन और संस्कारों के गहरे संबंधों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में सहकारिता से जुड़े लोग भी शामिल हुए, जिनमें युवाओं की संख्या भी अच्छी खासी देखी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत मीडिया प्रमुख विष्णु चौहान ने कहा कि सहकारिता केवल संगठन नहीं, यह एक जीवन दर्शन है। संस्कार ही वह भूमि हैं, जहां से सहकारिता का पौधा पल्लवित होता है। जिस समाज में संस्कार हैं, वहीं आपसी विश्वास, सहयोग और विकास संभव है। उन्होंने कहा कि सहकारिता का मूल भाव जोडड्ना है — व्यक्ति को व्यक्ति से, समाज को समाज से, और विचार को कर्म से जोडड्ना। संवाद और संस्कार ही इस जोड़ का आधार हैं, जिनसे एक शिक्षित, संस्कारित और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण होता है। प्रदेश अध्यक्ष राजबीर गोदारा ने भी कहा कि सहकारिता की नींव संस्कारों पर टिकी है; जहां संस्कार नहीं, वहां सहयोग और विश्वास का कोई अर्थ नहीं रह जाता। सौरभ वर्मा को जिला मीडिया प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। अनुपम कुमार, राजेश मंगला, संदीप सक्सेना और ब्रह्म प्रकाश ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में खुशहेंद्र कुमार, नरेंद्र, नरेश गोयल, रवि कुमार, प्रदीप कुमार, शिवराम, विशाल, सौरव भारद्वाज, रजनी, प्रताप डगर, करण सिंह, ओम प्रकाश, रामफल, शशि, शिवराज आदि शामिल रहे।



# एंबियंस मॉल में लगी कियोस्क मशीन, वाहन चालक भर सकते हैं अपने चालान

● पुलिस उपायुक्त यातायात ने किया इस कियोस्क मशीन का उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** यातायात नियमों के उल्लंघन पर यातायात पुलिस द्वारा काटे जाने वाले चालान के भुगतान को आसान बनाते हुए गुरुग्राम यातायात पुलिस ने यहां एंबियंस मॉल में कियोस्क मशीन स्थापित की है। इस कियोस्क मशीन का पुलिस उपायुक्त यातायात डा. राजेश मोहन ने उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा ट्रैफिक हीरो के रूप में चयनित किए गए आठ ट्रैफिक हीरो को पुलिस उपायुक्त यातायात ने प्रशंसा-पत्र देकर तथा नारायण अस्पताल की ओर से गिफ्ट हैंपर देकर सम्मानित किया गया। पुलिस उपायुक्त डा.राजेश मोहन ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को यातायात नियमों की पालना करने के बारे में जागरुक गया।उन्होंने कहा कि सीएसआर के तहत यातायात पुलिस गुरुग्राम पुलिस द्वारा चालान भुगतान को आसान बनाने के लिए एंबियंस मॉल में यह कियोस्क मशीन लगाई गई है। यह देश का पहला क्यूआर कोड आधारित कियोस्क है, जिससे वाहन चालक किसी भी समय आसानी से अपने बकाया चालानों की इसके द्वारा जानकारी ले सकते हैं।

उन लंबित चालानों का भुगतान भी कर सकते हैं। इसमें वाहन का नंबर डालकर क्यूआर कोड स्कैन करके चालान का भुगतान किया जा सकता है। 90 दिनों से अधिक समयअवधि या न्यायालय में भेजे चालानों का भुगतान इसके द्वारा नहीं होगा। जरूरत के अनुसार भविष्य में सीएसआर के तहत और कियोस्क मशीनों को अन्य स्थानों पर भी लगाया जाएगा।

पुलिस उपायुक्त डा. राजेश मोहन ने कहा कि चालान भुगतान की प्रक्रिया को आसान और डिजिटल बनाने के लिए गुरुग्राम पुलिस की ओर से इस कियोस्क को लगाकर एक अनोखी पहल की गई है। यह सुविधा वाहन चालकों को समय और खर्च बचाने में मदद करेगी। इससे चालान भुगतान की प्रक्रिया सरल और त्वरित हो जाएगी।

यह प्रणाली एटीएम मशीनों की तरह यूजर फ्रेंडली होगी। एंबियंस माल जैसे व्यस्त स्थान पर यह सुविधा शापिंग के लिए आने वाले लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी होगी। यह पहल न केवल ट्रैफिक पुलिस के कार्यभार को कम करेगी, बल्कि नागरिकों को डिजिटल तकनीक के माध्यम से बेहतर सेवा प्रदान करेगी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में सडक मार्गों पर हादसों के दौरान लाखों लोगों की मृत्यु हो जाती है। प्रत्येक जीवन बहुमूल्य है। हम सबको यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए।

# गुरुग्राम पुलिस के हत्थे चढ़े पंजाब में हत्या के दो आरोपी

● किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे
● दोनों गोली लगने से घायल हुए, अस्पताल में कराया गया भर्ती



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** पंजाब में हत्या की वारदात में भगौड़े दो अपराधियों की गुरुग्राम पुलिस से मुठभेड़ हुई। पुलिस से बचने के लिए उन्होंने पुलिस टीम पर गोली चलाई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों अपराधी घायल हो गए। जिन्हें काबू करके पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने रविवार को बताया कि दोनों यहां किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, जिसे पुलिस की सक्रियता से निष्क्रिय कर दिया।

जानकारी के अनुसार अपराध शाखा सेक्टर-39 में तैनात एएसआई अभिलाष को विश्वस्त सूत्रों से एक गुप्त सूचना मिली थी। बताया गया कि पंजाब में हत्या करने के मामलों में वांछित दो बदमाश बाइक पर सवार होकर गोल्फ्ऊ कोर्स 200 फुटा रोड पर किसी बड़ी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। अभिलष ने इस सूचना को अपराध शाखा सेक्टर-39 इंचार्ज उप-निरीक्षक मोहित कुमार के सांझा किया। उन्होंने उच्चाधिकारियों को यह सूचना दी। आरोपियों को काबू करने के लिए सेक्टर-40 अपराध शाखा के उप-निरीक्षक ललित कुमार को भी सूचित किया गया। अपराध शाखा सेक्टर-39 के साथ सेक्टर-40 अपराध शाखा की सांझा छापेमारी टीम गठित की गई। गठित की गई पुलिस टीम के सभी पुलिसकर्मियों को सूचना में बताए गए आरोपियों की कुख्यात/अपराधिक प्रवृति के बारे में बताया गया। पुलिस टीम के सभी सदस्यों को उपलब्ध सभी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराकर आरोपियों को सावधानीपूर्वक काबू करने की हिदायतें दी गई। पुलिस टीम को बताया कि आरोपी किसी बड़ी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं, इसलिए उन्हें हर सूरत में काबू करके उनके द्वारा की जाने वाले वारदात को निष्क्रिय करना है। गठित की गई पुलिस टीम अपराधियों को काबू करने के लिए बताए गए स्थान गोल्फ कोर्स एक्सटेंसटन रोड पहुंची। सूचना में बताई गई बाइक को ढूंढना शुरू किया। इसी दौरान सूचना में बताई गई बाइक पुलिस टीम को नजदीक गांव उमरीपुर रोड गुरुग्राम के पास दिखाई दी तो पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया। बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार व्यक्तियों ने पुलिस टीम को देखकर बाइक को अधिक तेज रफ्तार से चलाना शुरू कर दिया। वे पुलिस से बचकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बाइक का पीछा किया गया तो बाइक पर पीछे बैठे युवक ने पुलिस टीम पर फायर किया। वे पुलिस से बचने के लिए बाइक को और तेज गति से भगाने लगे, जिसके कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक गिर गई। गिरते ही दोनों आरोपी अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे तो पुलिस टीम द्वारा हवाई फायरिंग करते हुए उन्हें आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। आरोपियों ने फिर से पुलिस टीम पर फायर करना शुरू कर दिया। पुलिस द्वारा दी गई चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए आरोपी लगातार पुलिस टीम पर फायर करते रहे। इसी दौरान एक गोली एक गोली एएसआई अभिलाष की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। पुलिस टीम द्वारा भी जवाबी कार्यवाही करते हुए आरोपियों के पैरों में फायर किया तो दोनों आरोपियों के पैर में एक-एक गोली लगी। दोनों आरोपी वहीं पर घायल होकर गिर गए। पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम नाम सुमित शर्मा (उम्र-21 वर्ष, शिक्षा 10वीं) निवासी मिलाप कॉलोनी जिला अमृतसर (पंजाब) व सुखमनजीत (उम्र-19 वर्ष, शिक्षा 12 वीं) निवासी साहदोवाल जिला अमृतसर (पंजाब) बताया। पुलिस टीम द्वारा घायल हुए दोनों आरोपियों को इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जा से दो पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक बाइक व घटनास्थल से 11 खाली खोल कारतूस (सात आरोपियों की तरफ से, चार पुलिस टीम की तरफ से फायर किए गए) बरामद किए गए। शुरूआत पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि वे गुरुग्राम में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। वारदात को अंजाम देने से पहले ही वे पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

आरोपी सुमित अगस्त-2025 में अमृतसर (पंजाब) में हत्या के केस में वांछित अपराधी है। आरोपी सुखमनजीत वर्ष-2022 में गांव महतो, जिला अमृतसर में हत्या करने के केस में उद्घोषित भगोड़ा है।

# छठ पूजा के लिए टीम का किया गठन



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** साईबर सिटी क्षेत्र में देश के विभिन्न प्रदेशों के लोग पिछले कई दशकों से सपरिवार निवास करते आ रहे हैं। वे अपने त्यौहारों और पर्वों को स्थानीय लोगों की सहायता से मनाते आ रहे हैं। उनके इन आयोजनों में स्थानीय लोग भी बढ़-चढकर भाग लेते हैं और विभिन्न प्रदेशों की सभ्यता व संस्कृति का आदान-प्रदान भी होता है। पूर्वांचल समाज के लोग लाखों की संख्या में साईबर सिटी में हैं। इन लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए कई संस्थाओं का गठन भी इन्होनें किया हुआ है। दीपावली के बाद पूर्वांचल क्षेत्रवासियों का छठ पूजा पर्व सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। इस पर्व को मनाने की तैयारियां विभिन्न संस्थाओं ने करनी भी शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को युवाओं की संस्था यंगस्टर द्वारा सैक्टर 10 क्षेत्र में छठ पूजा के आयोजन के लिए टीम का गठन किया गया। जिसमें पूर्वांचल समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूजा कमेटी के राजेश पटेल का कहना है कि सर्वसम्मति से डा. जेपी कुशवाह को अध्यक्ष नियुक्त किया गया और जयप्रकाश, कमलकिशोर, जगदेव कुशवाह, प्रदीप कनौजिया, ददन बाबा, दयानंद कनौजिया, सुरेश शर्मा, ओमप्रकाश, राजू गुप्ता आदि को कमेटी में सदस्य के रुप में शामिल किया गया है। उनका कहना है कि प्रतिवर्ष राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में छठ पूजा का आयोजन किया जाता रहा है, लेकिन गत वर्ष जहां आयोजन किया गया था, वहां पर बारिश का पानी भरा हुआ है। अब यह चिंता सता रही है कि यह आयोजन कैसे होगा। उनका कहना है कि गत वर्ष जहां आयोजन किया गया था, उसके पास पड़ी भूमि में इस आयोजन को आयोजित किए जाने पर बातचीत चल रही है। उनका कहना है कि कमेटी के सदस्यों, स्थानीय लोगों व प्रशासन के सहयोग से व्यवस्था कर ली जाएगी। उन्होंने कमेटी के सदस्यों से आग्रह किया है कि वे आयोजन को सफल बनाने में अपनी पूरी ताकत लगा दें।

# तावडू में नहीं थम रहा बंदरों का आतंक, शहरवासी परेशान

उत्तम भारत संवाददाता, तावडू। शहर में बंदरों का आतंक फिर बढना शुरू हो गया है। हालांकि नगरपालिका प्रशासन ने कई वर्ष बंदर पकडो अभियान का ठेका छोड कुछ बंदर पकडवाए थे। पालिका प्रशासन ने दावा किया था कि जल्द शहर से बंदरों को पकड कर सरिसका भेजा जाएगा। लेकिन बंदरों की तादाद अब ओर बढ गई है। जिससे शहरवासी यह कहते नहीं थकते कि आसपास क्षेत्रों के बंदर यहां लाकर छोडे जा रहे हैं।



● शहरवासियों का कहना है कि बंदर पकडने के बाद भी शहर से पूरी तरह बंदर नहीं पकडवाए गए। शहर में फिर से बंदरों का आतंक इतना बढ गया है कि बुजुर्गों व बच्चों को तो घर से निकलना मुश्किल हो गया है।यह आतंकी बंदर घरों में घुस कर भी खाने पीने की वस्तुएं व अन्य सामान को उठा ले जाते हैं।

शहर में बंदरों का आतंक इतना कहर बरपा रहा है कि शहरवासी घरों में कैद होकर रह गए हैं। शहरवासी प्रशासन से इस समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगा-लगा कर थक चुके हैं। गत वर्ष नगरपालिका क्षेत्र में पालिका प्रशासन ने बंदर पकडो अभियान चला कर काफी बंदर पकडवाए भी थे।

शहरवासियों का कहना है कि बंदर पकडने के बाद भी शहर से पूरी तरह बंदर नहीं पकडवाए गए। शहर में फिर से बंदरों का आतंक इतना बढ गया है कि बुजुर्गों व बच्चों को तो घर से निकलना मुश्किल हो गया है। यह आतंकी बंदर घरों में घुस कर भी खाने पीने की वस्तुएं व अन्य सामान को उठा ले जाते हैं। गृहणियों का कहना है कि पहले वह घरों की छतों पर कपडे सुखा लेती थीं लेकिन अब कपडों को भी यह बंदर फाड देते हैं या उठा ले जाते हैं। इन्हें रोकने पर यह बंदर लोगों को अपने आतंक का शिकार बना लेते हैं।

शहरवासियों ने बताया कि यह आतंकी बंदर शहर के सभी वार्डों के अलावा सभी सरकारी कार्यालयों व स्कूलों तथा खुले प्लाटों सहित पेड पौधों पर अपना आतंक का शिकार आए दिन किसी न किसी को बना रहे हैं। शहरवासियों ने जिला प्रशासन से उक्त समस्या के समाधान की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसी नेता अनिल नेताजी ने किया पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र हुड्डा का स्वागत



उत्तम भारत, फरीदाबाद (नवीन शाह)। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के होडल आगमन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल कुमार नेताजी ने फरीदाबाद टोल टैक्स पर उनका फूलों का गुलदस्ता भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से कांग्रेसी नेता परसोत्तम लाल, रतनपाल चौहान, नेमीचंद सैनी, युवा नेता गौरव चौधरी आदि मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि वह भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जन-जन में उजागर करे ताकि आने वाले समय में इस तानाशाह सरकार को सत्ताविहिन किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है, इसलिए पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए हर कार्यकर्ता पूरी तत्परता से जुट जाए।

### अनाज मंडी में फसल की रिकॉर्ड आवक, किसानों की लगी भीड़



उत्तम भारत, फरीदाबाद। बल्लभगढ़ अनाज मंडी इन दिनों किसानों से खचाखच भरी हुई है। खेतों से निकली नई फसल के साथ किसान बड़ी संख्या में अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं। मंडी प्रशासन का कहना है कि इस बार किसानों की आमद रिकॉर्ड स्तर पर है और धान व बाजरे की आवक में लगातार वृद्धि हो रही है। मंडी अधिकारियों के अनुसार, अब तक करीब 96 हजार क्विंटल 1509 किस्म के धान की खरीद निजी वेंडरों द्वारा की जा चुकी है। वहीं 95 हजार क्विंटल परमल धान की खरीद सरकारी एजेंसियों के माध्यम से पूरी की गई है। इसके साथ ही मंडी में लगभग 5 हजार क्विंटल बाजरा भी खरीदा जा चुका है। धान की खरीद को लेकर मंडी प्रशासन का दावा है कि इस बार फसल की लिफ्टिंग और भुगतान प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### इनेलो नेता पर छोटे भाई का जानलेवा हमला, पत्नी भी घायल



उत्तम भारत, फरीदाबाद। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष पोरस डागर पर उनके ही छोटे भाई अजीत डागर ने रविवार सुबह जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पोरस डागर और उनकी पत्नी भावना डागर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना फरीदाबाद के झाड़सेतली गांव की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 9 बजे पोरस डागर अपने घर पर पूजा कर रहे थे। तभी उनके छोटे भाई अजीत डागर अपनी कार में करीब 8 से 10 लोगों के साथ उनके घर के बाहर पहुंचा और कहासुनी के बाद हमला कर दिया। हालांकि, मामले में पुलिस को किसी ने शिकायत नहीं की है। दरअसल, पोरस डागर का भाई उनके घर के बाहर खड़े होकर तेज आवाज में चिल्लाने और गाली-गलौज करने लगा।

# जवाहर नवोदय में नशे के विरुद्ध अभियान पर प्रतियोगिता आयोजित

## डॉ अशोक कुमार वर्मा ने दिया 66 किलोमीटर साइकिल चलाकर नशा मुक्त भारत का संदेश

उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद। नशा मुक्त हो भारत देश, स्वस्थ रहे मेरा प्रदेश के नारे के साथ हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा आज फरीदाबाद में एक दिवसीय नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। ब्यूरो पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिर्देशों और मार्गदर्शन में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा आज तडके साइकिल पर लोटा और नमक लेकर नशा मुक्ति का सन्देश देने निकल पड़े। वे आज पुलिस लाइन से होते हुए चंदावली, मच्छगर, दयालपुर, अटाली और मोढुका पहुंचे। मार्ग में लोगों को नशा मुक्ति का संदेश दिया। वे रविवार को सीधे पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पहुंचे और उप प्राचार्य सतीश जैन से भेंट कर नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता सत्र आयोजित किया। विद्यालय में पहुँचने पर उप प्राचार्य सतीश जैन ने डॉ अशोक कुमार वर्मा का स्वागत किया। विद्यालय के 488 विद्यार्थियों, 20 शिक्षकों



और 5 अन्य कर्मचारियों को भारत सरकार द्वारा चलाये गए नशा मुक्त अभियान से जोड़ा गया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध विस्तार से जागरूक किया और कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित नशों जिसमें अफीम चरस हेरोइन स्मैक चिट्टा एलएसडी एमडीएम नशे की गोलियां ओर नशे के टीके आदि आते हैं, के विरुद्ध 1933 अथवा 9050891508 पर निर्भीकता से सुचना दें। उन्होंने शपथ दिलवाई और कार्यक्रम के अंत में नशे मुक्त अभियान पर एक प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें नवम कक्षा की ख्याति ने प्रथम, देव गौतम ने द्वितीय और कक्षा सप्तम के आशीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को नियमानुसार सम्मानित किया गया। तत्पश्चात डॉ अशोक कुमार वर्मा साइकिल लेकर वापस फरीदाबाद पहुंचे। आज उन्होंने साइकिल से 66 किलोमीटर की दूरी तय की ओर नशा मुक्ति का संदेश दिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के नेतृत्व और पुलिस उपाधीक्षक गजेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में वे निरंतर अभियान चला रहे हैं।

# तावडू में रक्तदान शिविर में 44 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



उत्तम भारत संवाददाता, तावडू। शहर के डिढारा बाईपास रेवाडी रोड पर स्थित आरआर हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जोगिंदर मेमोरियल ब्लड सेंटर भिवाड़ी एवं जन सेवा समिति के सहयोग से किया गया। रक्तदान कैंप प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक चला और कैंप में 44 रक्त वीरों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का वाइस चेयरमैन धर्मेन्द्र भारद्वाज ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। जगदीश उर्फ जग्गा ने बताया कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमी नहीं आती। बल्कि शरीर में रक्त पुनः बन जाता है। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से उन सभी घातक बीमारियों से बचा जा सकता है। ब्लड डोनेट करने से हम किसी की मदद कर रहे हैं तभी तक जीवन है। आर-आर हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर के सचिन कुमार ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया और रक्तदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर डाक्टर नंद लाल व ब्लड सेंटर के भिवाडी की टीम की माया मलिक, शिव शंकर पांडेय सहित जन सेवा समिति के प्रधान रमेश शर्मा, उपप्रधान अजीत रोहिल्ला आदि कैंप में उपस्थित रहे।

# कार्तिक महात्म कथा धर्म और कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, पंडित नंद किशोर

उत्तम भारत संवाददाता, तावडू। शहर के वार्ड नंबर 14 में स्थित श्रीसाईं धाम मंदिर में पंडित नंद किशोर ने कहा कि कार्तिक महात्म कथा धर्म और कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस महीने में व्रत, पूजा और दान का विशेष महत्व है। जिससे पापो का नाश का होता है और अन्त समय में बैकुष्ट धाम की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि कार्तिक माह एक पवित्र महीना माना जाता है। कार्तिक मास हिन्दु धर्म में इस महिने में कई तरह के व्रत और त्यौहार मनाए जाते है। यह कथा धर्म और कर्म के मार्ग पर चलने कि प्रेरणा देती है। हिन्दु धर्म में कार्तिक मास में महिलाएं भगवान श्री कृष्ण को प्रसन्न करने के लिए पूरे महीने व्रत रखती हैं। इसी महिने में भगवान श्रीकृष्ण और राधाजी की पूरे अनुष्ठान से पूजा की जाती है। पूजन और व्रत करने के बाद कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्रीकष्णजी का विधि विधान से पूजा की जाती है। कार्तिक मास के वस्त्र, अन्न, धन का दान करने से सुख सम्मृद्धि की प्राप्ति होती है।

# निगम क्षेत्र दिवाली पर होगा रोशनी से जगमग, कहीं कार्य पूरा तो कहीं चल रहा है कार्य

उत्तम भारत संवाददाता, नवीन शाह फरीदाबाद। नगर निगम फरीदाबाद क्षेत्र इस बार दीपावली के पर्व पर रोशनी से सराबोर रहेगा। उक्त जानकारी देते हुए निगम महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि विकास की ओर अग्रसर फरीदाबाद की दिवाली इस बार अन्य सालों से अलग होगी और हर चौक, चौराहे तथा मुख्य बाजारों को रोशनी से सजाया जा रहा है। मेयर जोशी ने कहा कि इस संदर्भ में निगम के अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं तथा कुछ स्थानों पर रोशनी का काम पूरा हो गया है और बाकी स्थानों पर काम जारी है।

जानकारी देते हुए प्रवीण बत्तरा जोशी ने लोगों का आह्वान किया कि दीपावली का पर्व प्यार मोहब्बत तथा आपसी भाईचारे का पर्व है तथा इस को उसी तरह से मनाए। उन्होंने कहा कि इस बार यह दीवाली वैसे भी हरियाणा के लिए विशेष है क्योंकि दीवाली से एक सप्ताह पूर्व हरियाणा सरकार की वर्षगांठ पर हरियाणा को विकास की सौगात देने विकसित भारत के जनक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा आ रहे हैं, इस कारण इस साल इस रोशनी का महत्व और अधिक बढ गया है। उन्होंने कहा कि दिवाली को लेकर साफ



निर्देश दिए गए है कि निगम क्षेत्र के सभी चौराहों को दुल्हन की तरह से सजाया जाए, ताकि इस क्षेत्र के लोगों को यह आभास हो कि अब हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में विकसित हरियाणा बनने की तरफ अग्रसर है।

उन्होंने बताया कि इसके साथ ही स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, उसमें भी सभी नागरिक अपनी सहभागिता दिखाएं तथा जिस प्रकार से अपने घरों को इस त्यौहार पर साफ कर रहे हैं,अपने आसपास को भी साफ रखें तथा अपने घर से निकलने वाले कूडे को निगम के कर्मचारियों या फिर जो वैकल्पिक व्यवस्था निगम ने की है उनको ही दें,सभी से अपील की इस दीवाल पर फरीदाबाद जगमग व स्वच्छ फरीदाबाद होना चाहिए।

# तावडू पॉलिथीन मुक्त गत 2018 में होना था, लेकिन 7 वर्ष बीत जाने पर भी व्यवस्था वही की वही



उत्तम भारत संवाददाता, तावडू। गत सन 2018 में गणतंत्र दिवस से पूर्व नूंह जिले को पॉलिथीन मुक्त किया जाना था। लेकिन 7 वर्ष से अधिक बीत जाने पर भी पॉलिथीन मुक्त होता नहीं दिख रहा। लोगों के मुताबिक प्रशासन की कथनी व करनी में एकरूपता नहीं है। इस वजह से योजना व अभियान पूर्ण रूप से सिरे नहीं चढ़ते।

● सरकार व प्रशासन द्वारा प्रदेश को पॉलिथीन मुक्त करने का निर्णय प्रदूषण को रोकने और पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए लिया था। इस निर्णय की सराहना तो सभी कर रहे थे, लेकिन इसका पालन करने को कोई तैयार नहीं दिखाई दिया। आज भी पॉलिथीन कैरी बैग का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आम आदमी पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के प्रति कब जागरूक होगा और निजि स्तर पर पॉलिथीन का उपयोग कब बंद करेगा?

सरकार व प्रशासन द्वारा प्रदेश को पॉलिथीन मुक्त करने का निर्णय प्रदूषण को रोकने और पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए लिया था। इस निर्णय की सराहना तो सभी कर रहे थे, लेकिन इसका पालन करने को कोई तैयार नहीं दिखाई दिया। आज भी पॉलिथीन कैरी बैग का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आम आदमी पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के प्रति कब जागरूक होगा और निजि स्तर पर पॉलिथीन का उपयोग कब बंद करेगा? सब्जी मंडी से लेकर राशन की दुकानों तक में आज भी पॉलिथीन का जमकर उपयोग हो रहा है। पूछने पर दुकानदार दो टूक जवाब देते हैं कि सरकार पॉलिथीन के उपयोग पर बैन लगाने से पहले इसके आयात पर बैन लगाए। जब पॉलिथीन आएगी ही नहीं तो उसका उपयोग स्वतः बंद हो जाएगा। इसके साथ, पॉलिथीन की थैलियों से संबंधित कानून देश में है, लेकिन इसको लेकर सख्त कानून बनाने की जरूरत है।

पॉलिथीन के दुष्प्रभावः लोगों की सुविधा के लिए निर्मित पॉलिथीन आज मानव जाति के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द बन गया है। नष्ट न होने के कारण यह भूमि की उर्वरा क्षमता को खत्म कर रहा है और भूजल स्तर को घटा रहा है। इसका प्रयोग सांस और त्वचा संबंधी रोगों के साथ ही कैंसार का खतरा भी बढ़ा रहा है। यह गर्भस्थ शिशु के विकास को भी रोक सकता है। पॉलिथीन को जलाने से निकलने वाला धुंआ ओजोन परत को नुकसान पहुंचा रहा है जो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा कारण है।

बदलनी होगी आदत, घर से करें शुरूआतः पॉलिथीन पर रोक तभी लग सकती है जब हम खुद इसे अपनी आदत से बाहर निकालेंगे। इसकी शुरूआत हमें अपने घर से करनी होगी। जिस दिन हम खुद पॉलिथीन के बदले कपड़े के थैले का उपयोग करना शुरू करेंगे, हालात अपने आप बदल जाएंगे।

# 6 मामलों का निस्तारण कर 24 साइबर अपराधी किए गिरफ्तार, 14,55,000/- बरामद

उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद। पुलिस उपायुक्त साइबर अभिषेक जोरवल के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा साइबर अपराधियों पर लगातार कार्यवाही किए जा रही है। इसी कड़ी में साइबर थानों की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस सप्ताह 24 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार 14,55,000/-रू रुपए बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 04 से 10 अक्टूबर तक फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 06 मुकदमों में कार्रवाई करते हुए 24 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने 14,55,000/-रुपये बरामद किये हैं तथा 356 शिकायतों का निस्तारण कर-2,71,848 रिकवर किए हैं, साथ ही -30,06,629 खातों में फ्रिज कराएं हैं।



पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने कहा कि साइबर ठगी के मामले में लोगों का जागरूक न होना ठगी का मुख्य कारण है। आजकल साइबर अपराधी क्रेडिट कार्ड, बीमा पॉलिसी, पानी व बिजली बिल आदि से संबंधित मामलों में ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, इसके अतिरिक्त निवेश में मुनाफे का लालच दिखाकर साइबर ठगी कर रहे हैं। इसलिए जागरूक बने और सुरक्षित रहें। सोशल मीडिया पर प्राप्त होने वाले किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। फरीदाबाद पुलिस की आमजन से अपील है कि जागरूक बने, लालच में न आएं। साइबर ठगी के मामले में तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज

# व्यापक लैंगिक न्याय और सशक्तिकरण कार्यक्रम किया लॉन्च



उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, सुमित गोयल। एनआईटी 5 फरीदाबाद में दक्षता फाउंडेशन के साथ एक व्यापक लैंगिक न्याय और सशक्तिकरण कार्यक्रम लॉन्च किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लैंगिक असमानता को समाप्त करना, सुरक्षा को बढ़ावा देना और महिलाओं के लिए स्पष्ट रास्ते बनाना था। पी ई ई एंप्रो एक्सपोर्ट्स की उपाध्यक्ष ल्फ श्रीमती आकर्षिका उप्पल एवं दक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री विकास वशिष्ठ ने कहा, महिला सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता केवल उरफ करना नहीं है, बल्कि हम महिलाओं के विकास, सुरक्षा और समानता में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा करके हम एक बेहतर राष्ट्र की स्थापना कर रहे हैं और अधिक समान समाज में योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में सभी छात्राओं को सुरक्षा उपकरण भी वितरित किए गए। प्राचार्य डॉ. मीनू दुआ ने पी ई ई एंप्रो एक्सपोर्ट्स और दक्षता फाउंडेशन का धन्यवाद किया, जिसके द्वारा यह सोच-समझकर तैयार किया गया कार्यक्रम महिलाओं की सुरक्षा और समानता को संबोधित करता है। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के तौर पर फरीदाबाद शहर की मेयर एमसीएफ श्रीमती प्रवीण जोशी एवं श्री आनंद मेहता प्रेसिडेंट ीर, एडवोकेट रजत जायसवाल एवं दिवेश कपूर जी ने गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम का समापन पी ई ई एंप्रो एक्सपोर्ट्स और अन्य विशिष्ट का धन्यवाद करते हुए हुआ।

पार्किंग सुविधा बनने से स्थानीय दुकानदारों और आने-जाने वाले नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी

# सेक्टर-3 एचएसवीपी मार्केट में पार्किंग निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ

● भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा ने कहा कि पार्किंग सुविधा बनने से स्थानीय दुकानदारों और आने-जाने वाले नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी तथा मार्केट क्षेत्र में यातायात व्यवस्था भी सुचारु होगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है ताकि बल्लभगढ़ क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।



उत्तम भारत संवाददाता, बल्लभगढ़। सेक्टर-3 एचएसवीपी मार्केट में लंबे समय से प्रतीक्षित पार्किंग निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपर चंद शर्मा द्वारा किया गया। भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा ने कहा कि पार्किंग सुविधा बनने से स्थानीय दुकानदारों और आने-जाने वाले नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी तथा मार्केट क्षेत्र में यातायात व्यवस्था भी सुचारु होगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है ताकि बल्लभगढ़ क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर पार्षद महेश गोयल,मार्केट कमेटी बल्लभगढ़ के अध्यक्ष संजीव बैंसला, मंडल अध्यक्ष गौरव विरमानी, पीएल शर्मा, प्रधान ज्ञानपाल खटाना, राजन छाबड़ा, सुनील कौशिक सहित सेक्टर-3 के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय निवासियों के हाथों नारियल फोडकर शिलान्यास से की गई। सेक्टर 3 पहुंचने पर भाजपा नेता का जोरदार स्वागत किया और स्थानीय निवासियों ने होने वाले विकास कार्यों को लेकर खुशी जताई।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 10/12/2025 8:48 PM Page 1



## श्रीमद भागवत कथा का विधिवत समापन, 1001 आहुतियों के साथ यज्ञ, भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोपीवाला में गत सात दिनों से चल रही श्रीमद भागवत कथा का रविवार को विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर चामुंडा शिव मंदिर परिसर में एक विशाल यज्ञ एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समापन दिवस पर पंडित नरेश चंद्र शास्त्री द्वारा वैदिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की शुरूआत कराई गई। श्रद्धालुओं ने 1001 आहुतियों के साथ यज्ञ में सहभागिता कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र में शांति और खुशहाली की कामना की। हवन संपन्न होने के उपरांत भक्ति भाव से आरती की गई । और प्रसाद वितरित किया गया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आस-पास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा और यज्ञ में न केवल स्थानीय ग्रामीण बल्कि महिला-पुरुष, बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों की भी उत्साहजनक भागीदारी रही। इस मौके पर पं. अनिल शर्मा, अनुज चौहान, खूबसिंह, अतर सिंह, शोभित शर्मा, धर्मेंद्र चौहान, मोनिका, मीनू देवी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए इसे एक दिव्य और सफल आयोजन बताया।



# यादें हनीफ रहबर कांठवी मुशायरा और कवि सम्मेलन का हुआ ऐतिहासिक आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** शनिवार शाम 6. 00 बजे से कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन रहबर फाउंडेशन के बैनर तले एमएमवाई पब्लिक स्कूल में हुआ जिसमें प्रसिद्ध शायर और कवियों ने अपना कलाम सुनाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त (सदस्य विधान परिषद - मुरादाबाद बरेली खण्ड स्नातक क्षेत्र) और विशिष्ट अतिथि कमाल अख्तर विधायक कांठ पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे। कार्यक्रम का अयोजन कांठ के मशहूर शायर हनीफ रहबर कांठवी की स्मृति में किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक मास्टर अकरम अली, मास्टर उस्मान रही, मास्टर रिजवान, मास्टर सुल्तान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंचासीन अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी, समाज सेवी मुकेश माहेश्वरी, कुंवर सुरेन्द्र बिश्नोई, जितेंद्र बिश्नोई, आरिफ मलिक, रिजवान शकील, नईम अंसारी, डॉ दानिश, राजन विश्नोई, डॉक्टर कपिल सरोही, दुष्यंत यादव आदि रहे।

कार्यक्रम की सदारत मास्टर जावेद्दुज्जमा खान साहब एवं संचालन मास्टर रिजवान मास्टर, अकरम अली और मशहूर शायर सुल्तान अजहर मुरादाबादी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अनेक शायरों ने कलाम पेश किए।

उस्मान अली ने अपनी पंक्तियों में बताया कि मैं आ गया जहाँ तक तू ही वहाँ नहीं है मैं किस कदर हूँ तेरा तुझको गुमां नहीं हैष फीरोज हमने ऐसे बड़ों का अदब किस प्रकार करना चाहिए अपनी पंक्तियों में बताया कि सर को बड़ों के सामने ऊँचा नहीं किया फीरोज खान मुरादाबादी ने देश भक्ति के संबंध में इस प्रकार कहा कि अलामत है तबाही की मिया मगरूर हो जाना बुराई और तकबुर के नशे मे चूर हो जानाष सैयद अरशद अली ने, ना सोने से ना चाँदी से ना धन से प्यार करता हूँ मैं अपनी जान से बढ़कर वतन से प्यार करता हूँ रिफत मुरादाबादी ने, तुम भी थे जहां भर में सताए हुए सब के अपना कोई दुनिया में हमारा भी नहीं था नाजिम रजा मुरादाबादी ने पेश किये।

# दो युवकों को नंगा कर वीडियो बनाने , मारपीट व रंगदारी के, दस-दस हजार की मांग करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** दो युवकों को नंगा कर वीडियो बनाने और उनसे दस-दस हजार रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रुपये न देने पर आरोपियों ने दोनों युवकों की लात-घूंसों से पिटाई भी की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बोवदवाला निवासी रघुवीर सिंह पुत्र चरनदास सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी कि वह अपने साथी आदिल के साथ था। तभी कुछ युवकों ने उन्हें जबरन पकड़ लिया, उनके कपड़े उतरवा दिए और मोबाइल से वीडियो बना लिया।

आरोपियों ने दोनों से दस-दस हजार रुपये की मांग की। रुपये न देने पर उन्हें जमकर पीटा गया। थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों राघव पुत्र मोनू कुमार निवासी गोपालपुर चक थाना नूरपुर जनपद बिजनौर, हाल पता फैजुल्लागंज प्रीत उर्फ प्रिन्स पुत्र जितेन्द्र निवासी ग्राम कासमपुर थाना जसपुर जनपद उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) मनीष कुमार उर्फ महेश पुत्र कुवंरपाल सिंह निवासी ग्राम फैजुल्लागंज थाना ठाकुरद्वारा कपिल पुत्र महिपाल निवासी ग्राम कासमपुर थाना जसपुर जनपद उधमसिंह नगर (उत्तराखंड)। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मोबाइल फोन (वीवो कम्पनी का) तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के खिलाफ धारा 115(2)/308(5) बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी की कार्रवाई उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह तथा उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित कांस्टेबल अर्जुन कुमार, रजत कुमार योगेश कुमार शामिल रहे।

## गलत पोस्चार कैल्शियम की कमी एवं डायबिटिक मरीजों को बढ़ रही है दर्द की बीमारी: डॉ अशोक चौहान

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** तहसील क्षेत्र के ग्राम मिलक खेमपुर में भारत विकास परिषद के संगठन द्वारा एक निःशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। डॉ अशोक चौहान वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट हड्डी जोड़ एवं नसों के दर्द रोग विशेषज्ञ ने इस निःशुल्क चिकित्सा कैंप में हड्डियों एवं नसों के दर्द से संबंधित बीमारी से जूझ रहे मरीजों की जांच उपरांत निःशुल्क दवाइयां का वितरण भी किया गया। इस निःशुल्क चिकित्सा कैंप में सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस गर्दन का दर्द नंबर स्पॉन्डिलाइटिस कमर का दर्द फ्रोजन शोल्डर कंधों का जाम होना फेसाइटिस एड़ियों में दर्द का होना, ओस्टियोआर्थराइटिस घुटनों में दर्द होना एवं साइटिका, नसों में झनझनाहट, सुन्नपन, नसों में चींटी चलना आदि बीमारी के मरीज देखे गए। देखने के उपरांत सभी मरीजों को दवाइयां भी निःशुल्क वितरण की गई। इस निःशुल्क चिकित्सा कैंप का अनेकों लोगों ने लाभ उठाया। तथा स्थानीय ग्राम वासियों ने इस निःशुल्क चिकित्सा कैंप की सराहना की। तथा निर्धन गरीब लोगों के लिए हितकरी बताया। पूर्व ग्राम प्रधान रामनाथ सिंह चौहान एवं राजपाल सिंह बिश्नोई एवं सुशील बिश्नोई दीवान जी ने इस निःशुल्क चिकित्सा कैंप में सहयोग किया और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाया। इस दौरान सुशील बिश्नोई, राजपाल सिंह, रामनाथ सिंह, अंकुल कुमार, सत्यम बिश्नोई, रजत बिश्नोई, राकेश कुमार, सौरभ कुमार, रोहतास सिंह, विशेष कुमार, विपिन बिश्नोई आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# समाजवादी कार्यालय पर नेता डॉ राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय चक्कर की मिलक सिविल लाइंस प्रखर समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि पर एक विचार गोष्ठीl का आयोजन किया गया विचार गोष्ठी में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जयवीर यादव ने बोलते हुए कहा कि सर्दियों में ऐसे महान नेता पैदा होते हैं जो सिर्फ समाज के बारे में सोचते हैं लोहिया जी ने शोषित वंचितों उत्थान के बारे में हमेशा का प्रयास रहा पर डा लोहि मानव की स्थापना के पक्षधर समाजवादी थे। आज हम सभी समाजवादी साथी संकल्प लेते हैं कि आगामी विधानसभा में लोहिया जी के मार्गदर्शन पर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएंगे वह जन मंगल का कार्य करेंगे सभी वक्ताओं ने आज लोहिया जी को नमन कर उसे अर्पित करें। इस मौके पर वसीम कुरैशी, सजींव चौधरी, प्रदीप यादव, सुनीता सिंह गोरव चौहान, सुरेन्द्र शर्म, योगेन्द्र यादव, बाल किशन शर्म, तुषार रस्तोगी वेद प्रकाश सैनीआशकर पाशा, वी के सैनी सजीदˆइक, कयामुददीन सैफी, राजीव विश्नोई, जिगरी मलिक, पवन कुमार दानिश अली, राजीव यादव, मुकेश यादव, भूरा मलिक अवनीश यादव शेखर यादववसीम कुरैशी, सजींव चौधरी, प्रदीप यादव, सुनीता सिंह गोरव चौहान, सुरेन्द्र शर्म, योगेन्द्र यादव, बाल किशन शर्म, तुषार रस्तोगी वेद प्रकाश सैनीआशकर पाशा, वी के सैनी सजीदˆइक, कयामुददीन सैफी, राजीव विश्नोई, जिगरी मलिक, पवन कुमार दानिश अली, राजीव यादव, मुकेश यादव, भूरा मलिक अवनीश यादव शेखर यादव आदि शामिल रहे।




## महिला सुरक्षा टीम ने आश, ऑगनबाड़ी कार्यकत्री, समूह सखी एवं ग्रामीण महिलाओं को किया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** रविवार को महिला सुरक्षा टीम 13 ठाकुरद्वारा द्वारा ग्राम मसतल्लीपुर में आशा, आंगनबाडी कार्यकत्री, समूह सखी तथा महिलाओ व बालिकाओ के साथ एक गोष्ठी/चौपाल का आयोजन किया गया । गोष्ठी के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे- वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मात्र वंदना योजना, च्ड आवास योजना आदि तथा आपातकालीन हेल्पलाइन 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरित किये गए। टीम में उपनिरीक्षक ललित, महिला हेड कॉन्स्टेबल पूनम , कॉन्स्टेबल गौरव कुमार, कांस्टेबल रवि सैनी ने ग्रामीण महिलाओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।



## तृतीय राष्ट्रीय साहित्य समारोह 2025 भव्यता के साथ संपन्न, उपन्यास अचानक डूबता सूरज उग आया के आवरण पृष्ठ का हुआ विमोचन

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच उत्तर प्रदेश इकाई, महाराजा हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरादाबाद एवं साहित्यिक मुरादाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तृतीय राष्ट्रीय साहित्य समारोह 2025 साहित्यिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समारोह का आयोजन युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह श्रेयस के संयोजन में किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नई दिल्ली से पधारे नामचीन साहित्यकारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना से हुआ। लखनऊ से आए प्रसिद्ध गीतकार मनीष मगन ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रामकिशोर उपाध्याय ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा के अध्यक्ष डॉ. राम बहादुर मिश्र उपस्थित रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राजेश श्रीवास्तव, महेंद्र भीष्म, डॉ. महेश दिवाकर, डॉ. मनोज रस्तोगी, डॉ. जयप्रकाश तिवारी, डॉ. संदीप बडोला, डॉ. कविता कुमारी सहित अनेक साहित्यकारों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में स्वागताध्यक्ष की भूमिका डॉ. काव्य सौरभ जैमिनी ने निभाई, जिन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में राजेश कुमार सिंह श्रेयस के शीघ्र प्रकाश्य उपन्यास अचानक डूबता सूरज उग आया के आवरण पृष्ठ का विमोचन किया गया, जिसे उपस्थित साहित्यकारों ने सराहा। तीन सत्रों में संपन्न इस आयोजन में देश के वरिष्ठ और नवोदित रचनाकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया तथा विचार साझा किए। सत्रों में महाकवि जयशंकर प्रसाद, प्रवासी साहित्यकार रामदेव धुरंधर (मॉरीशस), डॉ. विश्व अवतार जैमिनी, और डॉ. मक्खन मुरादाबादी के साहित्य पर परिचर्चा हुई। इसके साथ ही युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच ने इस वर्ष भी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दो हिंदी शोधार्थियों कृ दुष्यंत कुमार और शिव शरण द्विवेदी को सम्मान एवं प्रतिभाग प्रमाण पत्र प्रदान किए।साहित्यिक संवाद, सम्मान और रचनात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत यह आयोजन मुरादाबाद की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊँचाइयाँ देता नजर आया।

## जे.जे.एम. प्रोजेक्ट की टंकी पर मारपीट व जबरन वसूली, दो आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा ।** जे.जे.एम. प्रोजेक्ट की पानी की टंकी पर कार्यरत गार्ड से मारपीट व जबरन वसूली के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरतावाला निवासी उपदेश पुत्र रामचरन जे.जे.एम. प्रोजेक्ट के तहत बनी पानी की टंकी पर गार्ड का कार्य करता है। 10 अक्तूबर 2025 की रात्रि लगभग 10 बजे, कुछ युवकों ने मौके पर पहुंचकर गार्ड रघुवीर सिंह एवं आदिल के कपड़े उतरवाकर उनका वीडियो बना लिया और प्रत्येक से ड्ड10-10 हजार की मांग की। पैसे देने से इंकार करने पर आरोपियों ने दोनों के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़ितों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर प्रारंभ की। जांच में घटना सत्य पाई जाने पर पुलिस टीम ने रविवार प्रातः 12 अक्तूबर 2025 को समय 5.45 बजे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के नाम फैजान पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी वार्ड नंबर 16 कस्बा ठाकुरद्वारा एवं वसीम पुत्र शकील निवासी नई बस्ती वार्ड नंबर 22 कस्बा ठाकुरद्वारा बताए गए हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से एक बैंट्रा एक इनवर्टर तथा एक मोटरसाइकिल (धारा 207 एम.वी. एक्ट के अंतर्गत सीज) बरामद की है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपियों के खिलाफ धारा 305 बीएनएस, बढ़ोतरी धारा 317(2), 317(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक रमेश चंद्र मीना, उपनिरीक्षक तेजपाल सिंह, कांस्टेबल प्रवीण नागर व कांस्टेबल गोपाल शामिल रहे।

# सपा सांसद ने साधा भाजपा पर निशाना, कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

● दिवंगत वरिष्ठ कांग्रेस नेता/सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष के आवास पर पहुंचकर सपा सांसद ने की शोक संवेदना व्यक्त

**उत्तम भारत संवाददाता/ ठाकुरद्वारा।** लोक सभा मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष/ कांग्रेस के वरिष्ठ के निधन के बाद रविवार को उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद नगर निवासी कांग्रेस वरिष्ठ जिला महासचिव संजीव सिंघल, समाजसेवी मोहम्मद रफीक सैफी, सपा के पूर्व विधान सभा अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के आवास पर पहुंचकर आगामी 2027 के चुनाव पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा,इस दौरान उन्होंने यूपी सरकार में खराब कानून व्यवस्था ,महिला शोषण पर सवाल उठा रहे है। उत्तर प्रदेश में कोई भी महिला पुरूष अपने सुरक्षित महसूस नही कर रहा है और भ्रष्टाचार चरम सीमा है। लोग मंहगाई के मार से त्रस्त है। बदल की भावना से कार्य किए जा रहे है जो प्रदेश हित के लिए अच्छा नही है। अब प्रदेश की जनता भतिभांति जान चुकी है इस सरकार में जनता सुरक्षित है। सपा सरकार बिना किसी भेदभाव के कार्य करती है। साथ ही सपा सांसद ने कहा कि बीजेपी व बहुजन समाज पार्टी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं,उन्होंने आजम खान के बारे मे सवाल करने पर कहा कि आजम साहब पार्टी की जड़ हैं उनके अन्य पार्टी मे जाने की अफवाह बीजेपी व बहुजन समाज पार्टी के लग फैला रहे हैं। इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता महमूद हसन सैफी, वीरेंद्र यादव, इकरार उर्फ भोला मलिक,हाजी याकूब कुरैशी,वीरेंद्र यादव,शमीम मंसूरी, जरीफ मलिक,संजीव सिंघल, तौहीद अंसारी, इस्लाम कुरैशी, फैजान सैफी, मौहम्मद आरिफ आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## ग्राम पंचायत सलेमपुर में सांसद निधि से लगी हाईमास्ट लाइट

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सलेमपुर में सांसद निधि से जामा मस्जिद चौराहे पर हाईमास्ट लाइट लगाई गई। गांव में हाईमास्ट लाइट लगाने से ग्रामीणों को राहत मिली है। समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के जिला उपाध्यक्ष राशिद हुसैन सैफी ने पिछले दिनों क्षेत्रीय सांसद रुचि वीरा को पत्र लिखकर ग्राम सलेमपुर में प्रमुख चौराहों पर हाई मास्ट लाइट लगवाने की मांग की थी। रविवार को राशिद हुसैन सैफी के अथक प्रयासों से जामा मस्जिद चौराहे पर सांसद निधि से हाईमास्ट लाइट लगवाने का कार्य किया गया। हाईमास्ट लाइट लगने के बाद ग्रामीणों ने संसद रुचि वीरा को धन्यवाद कहा। इस अवसर पर ग्रामीण उपस्थित रहे।



## समाचार

### मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** थाना क्षेत्र में पैसे और जमीनी विवाद के चलते विधवा और उसके बच्चों को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल करने के मामले में छजलैट थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ संबंधी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना छजलैट के ग्राम किरतपुरी निवासी संजीव कुमार एवं दूसरे पक्ष की विधवा महिला शरबती पत्नी स्वर्गीय बलबीर सिंह में रुपए के लेनदेन और जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। कई बार इस बात को लेकर पहले भी गाली गलौंज व मारपीट हो चुकी है। 7 अक्टूबर की रात को समय करीब 7.00 बजे संजीव, राजीव, सुरेश ने विधवा महिला के साथ उसके घर के सामने गाली गलौंज शुरू कर दी। जब गाली देने को मना किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। गांव वालों ने बड़ी मुश्किल से उसे बचाया परंतु इसके बाद भी उन्होंने जान से मारने की धमकी दी है। घायल महिला को लेकर उसके स्वजन थाना छजलैट पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### टेम्पो चालक ने बाइक में मारी टक्कर

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** टेम्पो चालक ने लापरवाही से अपना वाहन चलाते हुए रॉन्ग साइड में बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक पर सवार बहन भाई घायल हो गए। समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। जनपद बिजनौर के अंतर्गत थाना शेरकोट क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर निवासी सानिया एवं सनल सैफी दोनों बहन भाई टीएमयू मुरादाबाद में मैनेजमेंट का कोर्स कर रहे हैं जो रविवार की अपराह्न 3. 00 बजे अपने घर से कॉलेज की छुट्टियों के बाद छजलैट मुरादाबाद हाईवे से बाइक द्वारा कॉलेज लौट रहे थे। जैसे ही वह कैंच की पुलिया के चौराहे पर पहुंचे, मुरादाबाद से सवारी भरकर आ रहे ऑटो चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक पर सवार बहन भाई सड़क पर गिर कर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पीआरवी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। घायलों का उपचार नजदीक के प्राइवेट अस्पताल में कराया गया है। पुलिस ने ऑटो चालक को घटनास्थल से पकड़ लिया है। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में समझौता वार्ता चल रही थी।

### कार खड़ी करने पर मारपीट में दो घायल

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** रविवार को पुलिस ने गांव बजीदपुर तिगरी में रास्ते में कार खड़ी करने को लेकर हुई मारपीट में चार युवकों के खिलाफ घर में घुसकर हमला कर दो भाईयों को घायल कर देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण मतलूब अली ने बताया है कि शुक्रवार की रात को अपनी कार गांव में ही सड़क के किनारे खड़ी कर दी थी। इसको लेकर पड़ोसी जुबैर,राशिद,बाबू एवं राहत जान कार हटाने को कहने लगे। विरोध करने पर हाथों में डंडे एवं लोहे के सरिए लेकर घर में घुसकर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने भाई फरमान आया तो आरोपियों ने उसपर भी हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल भाईयों का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया है।

### प्रेसिडेंशियल सेलिब्रेशन मै रंगारंग का हुआ है जन्म

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मुरादाबाद शाखा की ओर से दिल्ली रोड स्थित होटल ड्राइविंग 24 में प्रेसिडेंशियल डिनर और दीपावली सेलिब्रेशन कार्यक्रम का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। रोशनी के पर्व दिवाली की उमंग में शहर के डॉक्टर्स सराबोर हो उठे। दिवाली उत्सव में सदस्य डॉक्टरों ने सपरिवार मौजूद रहकर त्योहार के उल्लास का आनंद लिया। आईएमए मुरादाबाद के अध्यक्ष डॉ.सीपी सिंह ने सभी सदस्य चिकित्सकों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं। जगमगाते दीयों के बीच गीत संगीत और नृत्य की मस्ती छाई। एसीएमओ डॉक्टर संजीव बेलवाल, आईएमए सचिव डॉ.गिरजेश कैन, डॉ.संगीता मदान, डॉ. पूनम सिंह, डॉ.भगतराम राणा, डॉ.मनोज अग्रवाल, डॉ.जितेंद्र कुमार शर्मा, डॉ.तरुण अग्रवाल, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ.सीमा मिड्ढा, डॉ.सुदीप कौर, डॉ. विमिता अग्रवाल, डॉ विनीत गर्ग, डा नवनीत मदान, डॉ रवि गंगोल डॉक्टर संजीव सिंघल डॉ गौरव कुमार डॉ राजेंद्र कुमार डॉ विनय गुप्ता डॉ अशोक कुमार सिंह डॉ तरुण अग्रवाल डॉक्टर गोपेश महरोत्रा समेत अन्य रहे।

### घर में घुसकर गर्भवती महिला को मारपीट कर किया घायल, तहरीर

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा ।** गर्भवती महिला के साथ दबंगों द्वारा मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राजूपुर कलां निवासी विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह करीब 20 दिन की गर्भवती है। पीड़िता ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 7 बजे वह घर पर अकेली थी, तभी गांव के ही कुछ व्यक्तियों व दो अज्ञात व्यक्ति लाठी-डंडे लेकर उसके घर पहुंच गए। आरोप है कि आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज करते हुए कहा कि उसके पति ने उनके लड़के की मोटरसाइकिल पकड़वा दी है। विरोध करने पर उक्त लोगों ने महिला के साथ लात-घूंसों से मारपीट की, उक्त लोगो ने उसके बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और पेट पर लात मारी, जिससे गर्भवती महिला को दर्द (वेल्डिंग) होने लगी और वह चीख उठी। पीड़िता का कहना है कि जाते-जाते सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर बोले कि यदि उसने पुलिस में शिकायत की तो उसके पति और जेठ को झूठे मुकदमों में फंसा देंगे। पीड़िता ने बताया कि उक्त सभी लोग दबंग प्रवृत्ति के हैं और उससे व उसके परिवार से जान का खतरा बना हुआ है। महिला ने कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर देकर के आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### आर्य समाज मंदिर में किया गया यज्ञ

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** रविवार को आर्य समाज मंदिर में यज्ञ पुरोहित नेपाल आर्य ने यज्ञ को संपन्न कराया। यज्ञ के पश्चात वेदों का पठन-पाठन किया गया। यज्ञ पुरोहित नेपाल आर्य ने भजन भी सुनाएं। आर्य समाज मंदिर में यज्ञ पश्चात आर्य समाज के मंत्री अमित कुमार पप्पन की माता पुष्पा देवी के निधन पर एक लोकसभा का आयोजन किया गया, तथा मृत्य आत्मा की शांति के लिए शांति पाठ किया गया। इस अवसर पर, प्रधान सुरेश चंद्र आर्य, सुशील मणि गुप्ता, डॉक्टर निर्मल चंद्र गुप्ता, संदीप गुप्ता,पिंकुल गुप्ता, विक्रम सिंह आर्य, विजय कुमार वर्मा, हरि सिंह, भानु प्रताप सिंह, रघुराज सिंह, डॉक्टर कमल सिंह, अशोक कुमार, राकेश शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, हुकम सिंह, अरविंद चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

### बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

उत्तम भारत संवाददाता/कांठ। तहसील क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर द्वितीय में प्रियंका चौधरी सहायक अध्यापिका के निर्देशन में समस्त स्टाफ के साथ प्रार्थना सभा में मिशन शक्तिष भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक व्यापक पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण को मजबूत करना है। यह योजना महिलाओं के समग्र विकास के लिए एक मिशन है और इसके दो मुख्य उप-कार्यक्षेत्र हैंरू श्संबलश (जो महिलाओं की सुरक्षा पर केंद्रित है) सामर्थ्य (जो सशक्तिकरण पर केंद्रित है)। यह योजना 1 अप्रैल, 2022 से प्रभावी है। इस अवसर पर छात्राओं को जागरूक किया गया साथ ही छात्रा हमरा, हिफ्जा ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच हिंसक झड़प शुरू, सीमा पर दोनों तरफ से हो रही गोलीबारी

काबुल। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर विवाद बढ़ता नजर आ रहा है। अफगान-पाकिस्तान सीमा पर हालात काफी तनावपूर्ण हैं। तालिबानी फोर्स और पाकिस्तानी सुरक्षा कर्मियों के बीच हिंसक झड़प हो रही है। पाकिस्तान ने काबुल पर एयरस्ट्राइक कर दिया, जिसके बाद तालिबान ने 24 घंटे के भीतर पाकिस्तान के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर जवाबी हमला किया।



अफगानिस्तान के अधिकारियों के अनुसार, तालिबान लड़ाकों ने पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर हमला किया। इसके साथ ही तालिबानी अधिकारियों ने पाकिस्तान पर काबुल और अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाकर हवाई हमले करके अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। काबुल के दक्षिण-पूर्वी प्रांत से दो और विस्फोट की जानकारी सामने आई। इसके बाद अफगानिस्तान के तालिबान-संचालित रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर इन हमलों के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। अफगान सेना की ओर से एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा गया, पाकिस्तानी सेना द्वारा काबुल पर किए गए हवाई हमलों के जवाब में, तालिबानी फोर्स सीमा से सटे अलग-अलग इलाकों में पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्स के साथ झड़प में शामिल हैं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान की 2,600 किलोमीटर लंबी अस्थिर सीमा पर छह से ज्यादा जगहों पर कथित तौर पर गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में दोनों पक्षों ने बड़ी सैन्य कार्रवाई का दावा किया। तालिबान सूत्रों ने दावा किया कि उन्होंने मुठभेड़ के दौरान तीन पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर कब्जा कर लिया, जबकि पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा कि उनकी जवाबी कार्रवाई में कई तालिबानी ठिकाने नष्ट कर दिए गए। वरिष्ठ पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारी ने स्थिति की संवेदनशीलता के कारण नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा, हमने अफगानिस्तान को उकसाया नहीं है, लेकिन फिर भी उसकी तरफ से गोलीबारी की जा रही है। अफगान की गोलीबारी का हम पूरी ताकत से जवाब दे रहे हैं। पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों ने एक वायरल वीडियो फुटेज साझा किया, जिसमें कथित तौर पर सीमा पार रात के समय आसमान में गोलीबारी और तोपों की गड़गड़ाहट सुनाई दे रही है। अफगान रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्लाह खोवाराजमी ने सीमा पार हमलों की पुष्टि की और कहा कि तालिबान का अभियान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के सीधे जवाब में था, जो स्थानीय समयानुसार आधी रात के आसपास समाप्त हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### बगैर लाइसेंस के पटाखे बेचने के आरोप में बुजुर्ग गिरफ्तार, दो क्विंटल पटाखे बरामद

बलिया। बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने छापेमारी कर बगैर लाइसेंस के पटाखों का भंडारण और बिक्री करने के आरोप में 70 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और दो क्विंटल पटाखे बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने रविवार को बताया कि अवैध पटाखों की बिक्री की रोकथाम के लिए जारी अभियान के सिलसिले में बलिया शहर कोतवाली पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के हैबतपुर गांव में शनिवार की शाम को छापेमारी कर मोहम्मद एजाज नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एजाज के पास से 50 पेटी पटाखे भी बरामद किये। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बलिया शहर कोतवाली में मोहम्मद एजाज के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 288 और विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 5/9 में नामजद मामला दर्ज किया गया है।

### बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगी भोजपुरी कलाकार पवन सिंह की पत्नी

बलिया। भोजपुरी कलाकार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है लेकिन अभी यह तय नहीं है कि वह किसी राजनीतिक दल से चुनावी मैदान में उतरेंगी या निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगी। ज्योति सिंह के पिता रामबाबू सिंह ने रविवार को यह घोषणा की। पवन सिंह के ससुर रामबाबू सिंह ने यहां अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत में घोषणा की कि ज्योति सिंह बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगी। सिंह ने कहा कि ज्योति सिंह का बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ना तय है। उन्होंने कहा, वह किस सीट से लड़ेंगी, यह अभी तय नहीं हुआ है। वह किसी राजनीतिक दल से मैदान में उतरेंगी या निर्दलीय चुनाव लड़ेंगी, अभी यह भी निश्चित नहीं है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि लोग चाहते हैं कि वह बिहार की कराकट सीट से चुनाव लड़ें।

### टेंट व्यवसाई की हत्या के दो आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

बलिया। बलिया जिले के गड़वार क्षेत्र में पुलिस ने एक टेंट व्यवसाई की हत्या के दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने रविवार को बताया कि गड़वार पुलिस ने 11 और 12 अक्टूबर की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे गड़वार थाना क्षेत्र के रामपुर असली मोड़ पर जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल पर आ रहे तीन व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया। मगर उन्होंने रुकने के बजाय पुलिस पर जान से मारने की नीयत से गोलियां चलाई और भागने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि तभी रामपुर असली गांव को जाने वाली सड़क पर बदमाशों की मोटरसाइकिल फिसल गई, खुद को पुलिस से घिरा देखकर बदमाशों ने पुलिस पर फिर से गोलियां चलाईं।

### पैसे के लेन-देन को लेकर की गई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

बुलंदशहर। बुलंदशहर जिले के चोला क्षेत्र में पैसे के लेन-देन को लेकर शनिवार रात की गई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) शंकर प्रसाद ने रविवार को बताया कि यह घटना खानपुर गांव की है जहां सोनू शर्मा (30) की गोली मारकर हत्या कर दी गई जबकि उसका साथी बंटी गोली लगने से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि बंटी को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। बंटी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। शुरूआती जांच से पता चला है कि सोनू शर्मा और बंटी ककोड़ से खानपुर लौट रहे थे तभी हरि किशन, उसके भाई सुभाष, सुभाष के बेटे और दो अन्य लोगों ने उन पर घात लगाकर हमला कर दिया। आरोपियों ने गोलीबारी की जिससे सोनू की मौके पर ही मौत हो गई और बंटी घायल हो गया।

### मिसिसिपी राज्य में गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत

लेलैंड (अमेरिका)। अमेरिका के मिसिसिपी राज्य में गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य के सीनेटर ने बताया कि मिसिसिपी के पश्चिम में डेल्टा क्षेत्र के लेलैंड में एक हाई स्कूल में पूर्व छात्रों के लिए आयोजित फुटबॉल मैच के बाद हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। सीनेटर डेरिक सिमंस ने बताया कि मैच के बाद लेलैंड शहर में लोगों के इकट्ठा होने के बाद हुई गोलीबारी में लगभग 20 लोग घायल हो गए। सिमंस ने बताया कि 20 घायलों में से चार की हालत गंभीर है और उन्हें पास के ग्रीनविले के एक अस्पताल से राज्य की राजधानी जैक्सन के एक बड़े चिकित्सा केंद्र में ले जाया गया है। सिमंस ने कहा कि उन्हें वाशिंगटन काउंटी शेरिफ कार्यालय और डेल्टा के अन्य कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने घटनाक्रम की जानकारी दी है। सिमंस ने कहा, लोग लेलैंड शहर में इकट्ठा होकर अच्छा समय बिता रहे थे।

# यूक्रेन की वायु रक्षा को मजबूत करने के लिए जेलेंस्की ने की ट्रंप से फोन पर बात

## सहयोगियों पर भरोसा करते हैं कि वे निर्णायक रूप से कार्य करते रहेंगे

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने देश की वायु रक्षा को मजबूत करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बात की। जेलेंस्की ने अपने देश की ऊर्जा प्रणाली पर रूस के हमलों के बारे में जानकारी दी। बातचीत के दौरान ट्रंप ने जेलेंस्की की बातों का समर्थन किया और लक्ष्य प्राप्ति के लिए ठोस समझौतों पर भी चर्चा की। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन को मजबूत करने के लिए अच्छे विकल्प और ठोस विचार मौजूद हैं। उन्होंने ये भी कहा कि अगर एक क्षेत्र में युद्ध रोका जा सकता है तो निश्चित रूप से अन्य युद्ध भी रोके जा सकते हैं।



इस हफ्ते की शुरूआत में यूक्रेन ने कीव और देशभर के नौ क्षेत्रों में आपातकालीन बिजली कटौती लागू कर दी थी, क्योंकि रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों ने बड़े पैमाने पर देश की ऊर्जा सुविधाओं को निशाना बनाया था।

रूस ने यूक्रेनी पावर ग्रिड को निशाना बनाकर एक बड़ा हवाई हमला किया, जिससे देश के अधिकांश हिस्सों में ब्लैकआउट हो गया। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को कीव में 800,000 से ज्यादा निवासियों के लिए बिजली बहाल कर दी गई; हालांकि स्थानीय स्तर पर बिजली कटौती अब भी जारी है।

इससे पहले 27 सितंबर को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को बताया कि मास्को यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत के लिए तैयार है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, दुनिया देख रही है कि रूस क्या कर रहा है और कैसे फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है, जबकि वैश्विक नेता मध्य पूर्व में युद्ध समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। संभावनाएं अच्छी हैं कि यह समझौता वहां कारगर होगा। किसी एक क्षेत्र में जितनी अधिक शांति और सुरक्षा होगी, दुनिया में सभी के लिए उतने ही अधिक अवसर खुलेंगे। यूक्रेन हमेशा दुनिया से यही आह्वान करता है कि वह यूरोप में हमारी रक्षा करे और हमारे कार्यों का समर्थन करे। दुर्भाग्य से, रूस हमला करने का हर अवसर तलाशता है खासकर जब दुनिया का ध्यान इस ओर न हो। हम संयुक्त राज्य अमेरिका और अपने सभी सहयोगियों पर भरोसा करते हैं कि वे निर्णायक रूप से कार्य करते रहेंगे और कड़ा दबाव बनाते रहेंगे ताकि हमारे लोगों को समर्थन, सुरक्षा का एहसास हो और यूक्रेन मजबूती से खड़ा रह सके। मुझे आवश्यक संकेत मिले हैं कि अमेरिका हमारे सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर विचार कर रहा है। हम इसके लिए आभारी हैं।

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख मिस्र में गाजा शांति शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस सोमवार को मिस्र के शहर शर्म अल-शेख में होने वाले 'शांति सम्मेलन' में शामिल होने जा रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता कार्यालय ने दी। कार्यालय के अनुसार, 'महासचिव सोमवार को शर्म अल-शेख में शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मिस्र जा रहे हैं। उनके बुधवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय लौटने की उम्मीद है।' मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि यह सम्मेलन मिस्र के लाल सागर रिसॉर्ट शर्म अल-शेख में सोमवार को आयोजित होगा। इसका उद्देश्य गाजा में चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौते को अंतिम रूप देना है। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, इस बैठक की अध्यक्षता मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संयुक्त रूप से करेंगे। इसमें 20 से अधिक देशों के नेता शामिल होंगे। इनका लक्ष्य गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करना, मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता स्थापित करना और क्षेत्र में सुरक्षा का एक नया दौर शुरू करना है। इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता शुक्रवार को प्रभावी हो गया, जिसके बाद मिस्र, कतर, तुर्की और संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में शर्म अल शेख में दोनों पक्षों के बीच तीन दिनों तक गहन वार्ता हुई।

# यूपी पीसीएस प्री परीक्षा 2025: सवालों में नहीं उलझे परीक्षार्थी, पेपर से दिखे संतुष्ट



वाराणसी। यूपी पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को सकुशल संपन्न हुई। पेपर सामान्य होने से परीक्षार्थी संतुष्ट दिखे। उन्होंने बताया कि इस बार सवालों ने अधिक नहीं उलझाया। परीक्षा केंद्रों पर भी व्यवस्था बेहतर होने से परीक्षार्थियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। इस दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। अधिकारियों ने भी चक्रमण कर हालात का जायजा लिया। पीडीडीयू नगर चंदौली से परीक्षा देने आई पल्लवी सिंह ने बताया कि जरनल स्टडीज का पहले पेपर अच्छा था। साइंस के प्रश्न इस बार थोड़े कम थे। ओवरऑल पेपर ठीक था। व्यवस्था भी ठीक थी। एक अन्य परीक्षार्थी ने कहा कि पेपर अच्छा था। केंद्र पर व्यवस्था भी ठीक थी। किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। चंदौली से आई अर्चना केशरी ने कहा कि पेपर बहुत अच्छा आया था। प्रश्नों को हल करने में दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाएं भी काफी दुरूस्त थीं। ध्रुवचंद ने कहा कि पेपर सही आया था। औसत रूप से सभी विषयों को शामिल किया गया था। अब यूपीएससी के पैटर्न पर पेपर सेट हो रहा है।

### पैट्रिक हर्मिनी सेशेल्स के चुने गए राष्ट्रपति

विक्टोरिया। सेशेल्स में विपक्ष यूनाइटेड सेशेल्स के नेता पैट्रिक हर्मिनी राष्ट्रपति चुने गए हैं। चुनाव आयोग द्वारा रविवार को जारी आधिकारिक परिणामों में यह जानकारी दी गयी है। आधिकारिक परिणामों के अनुसार राष्ट्रपति पद के चुनाव में श्री हर्मिनी को 52.7 प्रतिशत मत मिले जबकि सेशेल्स डेमोक्रेटिक अलायंस के निवर्तमान राष्ट्रपति वेवल रामकलावन को 47.3 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। हर्मिनी ने निर्वाचित राष्ट्रपति घोषित होने के बाद कहा, लोगों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उससे मैं बहुत अभिभूत हूँ और मैं इस जनादेश को कृतज्ञता, कर्तव्य की गहरी भावना और सेशेल्स के लोगों की ताकत और चरित्र में अटूट विश्वास के साथ औपचारिक रूप से स्वीकार करता हूँ। 62 वर्षीय हर्मिनी 2007 से 2016 तक सेशेल्स की प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष भी रहे। सेशेल्स के संविधान के अनुसार राष्ट्रपति पद का चुनाव पाँच साल के कार्यकाल के आधार पर होता है।

### सैन्य संयंत्र में विस्फोट में 16 लोगों की मौत

यूयॉर्क। अमेरिका के टेनेसी में शुक्रवार को एक सैन्य संयंत्र में हुए विस्फोट में 16 लोगों के मारे जाने की आशंका है। हालाँकि विस्फोट में कोई भी जीवित नहीं बचा है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टेनेसी आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (टीईएमए) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह विस्फोट सैन्य विस्फोटकों के उत्पादन वाली कंपनी एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम्स, एलएलसी में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 7:45 बजे नैशविले, टेनेसी के दक्षिण-पश्चिम में हुआ। विस्फोट के कारणों की जाँच अभी जारी है। विज्ञप्ति के अनुसार काफी मात्रा में मलबे और विस्फोटक पदार्थों की संभावित उपस्थिति के कारण प्रतिक्रिया अभियान धीरे-धीरे और व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ रहा हैं। एजेंसी ने कहा कि अस्थिर या खतरनाक पदार्थों के सुरक्षित निपटान के लिए समय-समय पर नियंत्रित विस्फोट किए जाएँगे। उन्होंने कहा कि विस्फोट के परिणामस्वरूप जन स्वास्थ्य या सुरक्षा को कोई ज्ञात खतरा नहीं है। हालाँकि जनता से उस क्षेत्र में जाने से बचने का आग्रह किया गया है। एक्यूट एनर्जेटिक सिस्टम्स ने घटना से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए एक सहायता केंद्र स्थापित किया है, जो जानकारी, भावनात्मक समर्थन और अन्य संसाधन प्रदान करता है।

### ड्रोन हमलों में 60 से ज्यादा लोगों की मौत

खार्तूम। पश्चिमी सूडान के एल फशर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए ड्रोन हमलों में 60 से ज्यादा नागरिक मारे गए। यह जानकारी एक स्वयंसेवी समूह ने दी है। एल फशर में प्रतिरोध समितियों के समन्वय ने एक बयान में कहा कि दार अल-अरकम आश्रय स्थल को एक रणनीतिक ड्रोन और आठ से ज्यादा आग लगाने वाले बमों से निशाना बनाया गया, जिससे शवों के ढेर ऐसे बिखरे पड़े थे जिसका वर्णन करना मुश्किल है। एक चिकित्सा सूत्र ने बताया कि आरएसएफ ने सुबह दार अल-अरकम आश्रय स्थल और ओमदुरमान इस्लामिक विश्वविद्यालय पर व्यवस्थित ड्रोन हमले किए, जिसमें बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित 30 से ज्यादा नागरिक मारे गए और कई लोग घायल हुए। सूत्र ने बताया कि शवों को अल फशर स्थित सऊदी अस्पताल लाया गया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि ड्रोन हमलों का सीधा निशाना दक्षिणी अल फशर स्थित दार अल-अरकम आश्रय गृह था जहाँ कुछ लोग आश्रय गृह के अंदर जलकर मर गए।

# डॉ राम मनोहर लोहिया के विचार हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं: नीतीश कुमार




पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को महान समाजवादी चिंतक स्वर्गीय डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि समानता, न्याय और जनकल्याण के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। नीतीश कुमार के अलावा, केंद्रीय मंत्रियों और कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने एक्स पोस्ट में लिखा कि महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर समाजवादी विचारक व चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। डॉ. लोहिया ने अपने विचारों और सिद्धांतों से देश की राजनीति में उच्च आदर्श स्थापित किए। सामाजिक सशक्तिकरण व देश के समग्र विकास के उनके विचार सदैव हमें प्रेरित करते रहेंगे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर पोस्ट किया, समाजवाद के प्रणेता, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन। आपका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, समानता और सामाजिक न्याय के आदर्शों को समर्पित रहा। आपके विचार हमें सदैव जनकल्याण और समरस समाज के निर्माण की दिशा में प्रेरित करते रहेंगे। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने लिखा कि महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया को उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि। लोहिया का संपूर्ण जीवन शोषितों एवं वंचितों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र को उच्च नैतिक मूल्यों और गरिमामय आदर्शों से पोषित किया। राष्ट्र निर्माण की दिशा में उनका अप्रतिम योगदान हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

# बिजनस टाइकून : मुदित कपूर, एम डी सुप्रीम डुपलिकटर्स

फरीदाबाद। नई दिल्ली में जन्मे मुदित कपूर आज एक सफल बिजनेसमैन हैं और देश की जानी मानी स्टैशनेरी कंपनी सुप्रीम डुपलिकटर्स के प्रबंध निदेशक हैं। एमबीए फाइनैन्स कर चुके मुदित कपूर ने अपने खेलने कूदने के दिनों यानि मात्र 17 वर्ष की उम्र में अपने पिता प्रदीप कपूर के बिजनस को जोइन कर लिया था। आज मुदित 35 वर्ष के हो चुके हैं और अपने सपनों की उड़ान को पूरा करने मे लगे हुए हैं। अब उनका सपना सुप्रीम डुपलिकटर्स की टर्न ओवर को सालाना एक अरब के जादुई आँकड़े तक पहुंचना है और उनको पूरी उम्मीद है जल्द ही वो ये टारगेट भी अचीव कर लेंगे। आइए जानते हैं उनसे हुई बातचीत के खास अंश

**सवाल : कैसा रहा आपका बिजनस का सफर ?**

जवाब : यह हमारा फॅमिली बूसिनेस है, जिसने लगभग 50 साल पूरे कर लिए हैं और अब 52वां वर्ष चल रहा है। मैं तकरीबन 17 साल की उम्र में अपने बिजनस से जुड़ गया था। अभी हमने कार्बन पेपर लॉन्च किए हैं। 2026 में हमने एक अरब का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए काफी प्रयास हो रहे है और कई नए प्रोडक्टस लॉन्च किए जा रहे हैं।

**सवाल : कहाँ- कहाँ तक फैला हुआ है सुप्रीम डुपलिकटर्स का बिजनस ?**

जवाब : हर जगह हमारे डिस्ट्रिब्यटर चैन है। भारत के बाहर भी हम लोग काम करते हैं। हमारी जो प्रोडकशन कपैसिटी है वो एशिया के अंदर नंबर वन है। कंपनी का लक्ष्य हर जगह उत्पाद पहुंचाना है।



**● इस मात्र 17 साल की उम्र में संभाल लिया पापा का बिजनस, 2026 में एक अरब का लक्ष्य**

सवाल : सुप्रीम डुपलिकटर्स कौन-कौनसे उत्पाद बनाती है।

जवाब : सुप्रीम डुपलिकटर्स के अंदर स्टाम्प पैड, स्टाम्प पैड इंक, कार्बेन, हाइलाइटर, सीलिंग वैक्स, मार्कर सहित बहुत सारी रेंज होती है। दिवाली पर कुछ नए उत्पादों की रेंज जुडने जा रही है। कंपनी के उत्पाद काफी वाजिब और उचित दामों पर उपलब्ध होते हैं। जीने में और मरने में हमेशा सुप्रीम आपके साथ खड़ा है।

**सवाल : सुप्रीम डुपलिकटर्स कंपनी के साथ कितने लोग जुड़े हुए हैं।**

जवाब : हमारे पास सीधे तौर पर 100 से अधिक लोग काम करते हैं, जबकि अप्रत्यक्ष रुप से सुप्रीम डुपलिकटर्स के साथ हजारों लोग जुड़े हुए हैं।

**सवाल : इतनी कम उम्र में बिजनस आपने संभाला, ऐसे में क्या परेशानियाँ आपको झेलनी पड़ी ?**

जवाब : जब आप किसी चीज को संभालते हैं तो बहुत सारे चैलेंज आपके सामने आते हैं, जिनको आपको फेस करना पड़ता है। नोटबंदी, जीएसटी, मार्केट की तरफ से कुछ परेशानियाँ आयी, सरकार की तरफ से भी काफी चैलेंज आए। इनको हमने साथ में मिलकर लडा और ठाकुर जी की कृपा से सभी कसौटी को पार किया।

**सवाल : युवाओं को क्या संदेश देना चाहेंगे ?**

जवाब : मैं युवाओं को संदेश देना चाहूँगा कि आप जिस भी फील्ड में हैं, उसको अच्छे से स्किल्ड करें, पूरी डीटेल में जाएं और अपना ही काम करें। नौकरी करके अनुभव जरूर लें। मोदी जी ने हिंदुस्तान को ऐसी स्थिति में ला दिया है इसमें आप जितना अपने आपको, अपने परिवार को विकसित कर सकते हैं, करें ये स्वर्णकाल है।

### मिस्र जाते समय कार दुर्घटना में कतर के तीन राजनयिकों की मौत

काहिरा। मिस्र के लाल सागर स्थित शर्म अल शेख में रिसॉर्ट जाते समय शनिवार को एक कार दुर्घटना में कतर के तीन राजनयिकों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शर्म अल-शेख से लगभग 50 किलोमीटर (31 मील) दूर एक वाहन के पलट जाने से दो अन्य राजनयिक घायल हो गए। अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कतर की प्रोटोकॉल टीम के ये राजनयिक हमास और इजराइल के बीच युद्ध विराम समझौता होने का जश्न मनाने के लिए आयोजित एक उच्च-स्तरीय शिखर सम्मेलन से पहले शहर जा रहे थे।

निजी मेडिकल कॉलेजों को अपनी छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी लेने की बात कही

# दुगार्पुर गैंगरेप मामले में नहीं बख्शे जाएंगे आरोपी, ममता बनर्जी

**● एक निजी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया**





कोलकाता। पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। इस मामले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए निजी मेडिकल कॉलेजों को अपनी छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी लेने की बात कही। सीएम ममता बनर्जी ने कहा, लड़की एक निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी। इसकी जिम्मेदारी किसकी है ? निजी मेडिकल कॉलेजों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने छात्रों, खासकर छात्राओं की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। रात में उन्हें बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है और अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जोर देकर कहा कि पश्चिम बंगाल में ऐसी घटनाओं के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। ममता बनर्जी ने इस घटना को वन क्षेत्र में हुई बताते हुए कहा कि लड़की एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी। वह रात के 12.30 बजे कैसे बाहर आई ? जहां तक मुझे पता है, घटना वन क्षेत्र में हुई थी। मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। जांच जारी है। मैं इस घटना को देखकर स्तब्ध हूं, लेकिन प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों को भी अपने छात्रों, खासकर लड़कियों का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा, पुलिस घर पर बैठी नहीं रहेगी, लेकिन कॉलेजों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने मणिपुर, उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों में हुई समान घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि वहां भी सरकारों को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। ममता ने बताया कि पश्चिम बंगाल में ऐसी घटनाओं में त्वरित कार्रवाई की जाती है और कई मामलों में एक-दो महीने के भीतर चार्जशीट दाखिल कर दोषियों को सजा दिलाई गई है, जिसमें कुछ मामलों में निचली अदालतों ने फांसी की सजा भी सुनाई है।

